# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025


**मप्र के लिए बड़ी उपलब्धि**

मुकुंद ने कहा- मोबाइल, फेसबुक व इंस्टा से किया किनारा और जबरदस्त मेहनत कर किया ये मुकाम हासिल

# धार के धामनोद के बेटे मुकुंद आगीवाल ने सीए फाइनल में देश भर में किया टॉप

## सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई) व इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) अव्वल, 81,852 उम्मीदवार शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएआई ने सीए सितंबर रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई), इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) और सीए फाइनल में मुकुंद आगीवाल (धामनोद) ने टॉप किया है। देश भर के 458 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 81,852 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 12,811 पास (24.66%)। ग्रुप-2 में 32,273 उम्मीदवार शामिल हुए और 8,151 पास (25.26%) हुए। दोनों ग्रुपों के 16,800 उम्मीदवारों में से 2,727 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए यानी फाइनल का ओवरऑल पास प्रतिशत 16.23 रहा।

### सीए इंटर ग्रुप-1 व 2 : 10.06 ए % हुए पास



माता-पिता मुकुंद की सफलता पर खुशी जताते हुए

सीए इंटर ग्रुप-1 में 93,074 उम्मीदवारों और ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। ग्रुप 1 में 8,780 उम्मीदवार पास हुए, जिसका पास प्रतिशत 9.43 रहा। वहीं ग्रुप-2 में 18,938 उम्मीदवार पास हुए और पास प्रतिशत 27.14 रहा है। दोनों ग्रुपों के लिए उपस्थित हुए 36,398 उम्मीदवारों में से 3,663 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए। सीए इंटर का ओवरऑल पास प्रतिशत 10.06ए % रहा है।

### धामनोद के लिए गर्व...माता-पिता के छलके खुशी के आंसू

**धामनोद / धार।** धार जिले के छोटे से कस्बे धामनोद से एक बड़ी और गर्व से भर देने वाली खबर है। युवा मुकुंद आगीवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की अखिल भारतीय परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। मुकुंद ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे धार जिले और मध्यप्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। धामनोद के स्टेशनरी व्यवसायी पवन आगीवाल के सुपुत्र मुकुंद की यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व का क्षण है।

## सीएम डॉ. यादव ने की वर्ल्ड कप जीत पर बड़ी घोषणा

**सीएम बोले-देश का मान बढ़ाया लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का दीपक जलाया**



# टीम इंडिया की स्टार गेंदबाज क्रांति गौड़ को मिला 1 करोड़ का तोहफा

**क्रांति को कुल 9.5 करोड़ की राशि मिलेगी**

**इसमें आईसीसी के 3.5 व बीसीसीआई के 5 करोड़ भी शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं था कि मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी बेटी को सम्मान देने का बड़ा ऐलान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर की स्टार गेंदबाज क्रांति गौड़ को 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। यह पुरस्कार क्रांति के उत्कृष्ट प्रदर्शन और टीम इंडिया को पहली महिला वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी दिलाने में उनके योगदान के लिए है। सीएम ने क्रांति को सोशल मीडिया पर दिल से बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की बेटी ने न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का दीपक जला दिया। यह घोषणा न केवल क्रांति के परिवार और घुवारा गांव के लिए खुशी का पल है, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय। क्रांति को कुल 9.5 करोड़ की इनामी राशि मिलेगी। इसमें आईसीसी के 3.5 व बीसीसीआई के 5 करोड़ भी शामिल हैं। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने ऐलान किया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे वर्ल्ड कप जीतने पर 51 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### बेहद संघर्षपूर्ण रहा क्रांति का बचपन

छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे घुवारा की रहने वाली 22 साल की क्रांति गौड़ का बचपन बेहद संघर्ष पूर्ण रहा है। क्रांति के पिता मुन्ना सिंह गौड़ कांस्टेबल थे। एक मामले में उनकी नौकरी जाने के बाद परिवार ने मजदूरी करके क्रांति का लालन-पालन किया। क्रांति को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था क्रांति के घर के सामने ही एक छोटा सा खेल मैदान है, जिसमे क्रांति अपने दोस्तों के साथ टेनिस गेंद से खेलती थी। एक समय था जब क्रांति के पास खेलने के लिए जूते भी नहीं थे। तब वह नंगे पैर ही क्रिकेट खेलती थी। सीमित साधनों के बाद भी उनका जुनून कम नहीं हुआ। परिवार ने भी कठिन समय में उनका साथ नहीं छोड़ा एक दिन छतरपुर में हुए टूर्नामेंट में क्रांति को अचानक खेलने का मौका मिला। उस मैच में दोहरा प्रदर्शन करने के बाद स्थानीय कोच ने क्रांति की प्रतिभा को पहचाना और आगे खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें


TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते डॉक्टर और सुपरवाइजर धरे गए

**रीवा।** रीवा में डॉक्टर और सुपरवाइजर को रिश्वत लेते रंगे हाथों लोकायुक्त ने पकड़ा है।



शिकायतकर्ता जय प्रकाश गुप्ता ने शिकायत की थी कि बीएमओ डॉ. कल्याण सिंह एवं सुपरवाइजर शिव शंकर तिवारी द्वारा फर्स्ट-एड क्लिनिक की अनुमति देने की एवज में रिश्वत मांगी जा रही है।

### हर्षवर्धन की फिल्म 100 करोड़ के क्लब में

**नई दिल्ली।** 'एक दीवाने की दीवानियत' फिल्म में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा लीड रोल में नजर आए हैं। ये फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और 13 दिनों में इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है।



### बिग बी के घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने जान से मारने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस ने उनके मुंबई स्थित दोनों घरों,'जलसा' और 'प्रतीक्षा', के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। बताया जा रहा है कि अब वहां 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा।



सीएम ने किया एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

ऊर्जा विभाग की समाधान योजना लांच हुई 90 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

# उपभोक्ताओं का तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल सरचार्ज माफ



## योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के बिजली बकाएदारों को मोहन सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के समाधान योजना का शुभारंभ किया।

इस योजना में तीन महीने से अधिक समय तक बिल बकाया रखने वाले घरेलू, गैर घरेलू ,कृषि तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना उन जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगी, जो किसी कारण से बिल जमा नहीं कर पाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के नए भवन का लोकार्पण किया।

- वर्ष 2024-25 में 35 लाख से अधिक किसानों को 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की बिजली सब्सिडी दी गई
- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी का नवीन भवन बेहतर प्रबंधन और कार्य क्षमता वृद्धि में सहायक होगा

### मप्र के बिजली बकाएदारों को मोहन सरकार ने बड़ी सौगात दी



योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री

### आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर दें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाधान योजना 2025-26 से उपभोक्ताओं का 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल सरचार्ज माफ किया जा रहा है। योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा। यह नया भवन ऊर्जा प्रबंधन, तकनीकी नवाचार और जनसेवा का केंद्र बनेगा। किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

### समाधान योजना 2025-26 एक नजर में

यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। समाधान योजना दो चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक होगा, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में यह योजना एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। इसमें 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा।

दिल्ली दंगों के आरोपी की रिहाई की मांग

## अब दिग्विजय सिंह ने उमर खालिद को निर्दोष बताया

**भाजपा विधायक ने दी पाकिस्तान जाने की नसीहत**



खालिद और दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली दंगों के आरोपी और जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद के समर्थन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सामने आए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उमर खालिद को निर्दोष बताया और उसकी तत्काल रिहाई की मांग की। दिग्विजय ने लिखा कि उसके साथ बहुत अन्याय हो रहा है। खालिद एक पीएचडी स्कॉलर है और किसी भी मापदंड पर राष्ट्रद्रोही नहीं ठहराया जा सकता। दिग्विजय ने आग्रह किया कि उमर खालिद को जल्द से जल्द रिहा किया जाना चाहिए। उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

बुरहानपुर में संघ की शाखा में हंगामा

## स्वयंसेवकों से मारपीट, तीन घायल, 14 पर प्रकरण दर्ज

**जय भीम के नारे लगाते हुए पहुंचे युवक**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिले के इच्छापुर गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा के दौरान हंगामा और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने शाखा में घुसकर नारेबाजी करते हुए स्वयंसेवकों के साथ मारपीट भी की, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना रविवार शाम की है। इच्छापुर मंडल के कार्यवाह रितेश महाजन की शिकायत पर शाहपुर थाना पुलिस ने 14 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

उच्च स्तर की तकनीकी और जोखिम वाले क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा

रजिस्टर्ड पेटेंट के मामले में भारत में 17 गुना वृद्धि हुई

# पीएम ने किया एक लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) फंड का शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) फंड का शुभारंभ किया। इस आर्थिक सहायता से उच्च स्तर की तकनीकी और जोखिम वाले क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस फंड को जारी करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रजिस्टर्ड पेटेंट के मामले में भारत में 17 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स के काम करने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है।

» **पीएम ने इमर्जिंग साइंस, टेक्नॉलोजी एंड इन्नोवेशन कॉन्क्लेव में शिरकत की**

» **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लक्ष्यों को रेखांकित करने वाला एक विजन दस्तावेज भी लॉन्च किया**

### क्या है आरडीआई फंड?

आरडीआई फंड की शुरुआत अनुसंधान और विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। यह घोषणा विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) में की गई है। एक ऐसा मंच है जो सरकार के विकसित भारत 2047 विजन को आगे बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं और नए इनोवेटर्स को एक मंच पर लाएगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी

### कैसे काम करेगा आरडीआई फंड?

आरडीआई फंड दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों जरिए पूंजी निर्माण की कवायद करेगा। इसमें वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ), विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी) शामिल हैं। ये प्रबंधक, वित्तीय, व्यावसायिक और तकनीकी विशेषज्ञों वाली स्वतंत्र निवेश समितियों के मार्गदर्शन में, समर्थन के लिए परियोजनाओं की पहचान करेंगे और उनकी सिफारिश करेंगे।







पीएम मोदी का विपक्षी दलों पर **बड़ा आरोप**

# राजद-कांग्रेस को कट्टा और कट्टरपंथी ही पसंद, राजद ने छठी मइया का किया अपमान

एजेंसी ⏭ कटिहार/ सहरसा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कटिहार में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन पर आरोप लगाया कि ये दल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं। ये (राजद-कांग्रेस) चाहते हैं कि मुफ्त राशन घुसपैठियों को मिले, न कि बिहार के मूल निवासियों को। हम घुसपैठियों को बिहार और देश के संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद 'कट्टा और कट्टरपंथी' जैसे हैं। इसी वजह से इन्होंने तीन तलाक कानून का विरोध किया और अब वक्फ एक्ट को खत्म करने की बात कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने कट्टरपंथ के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आपका एक वोट बिहार को समृद्ध बनाएगा। फिर एक बार, बिहार में फिर से सुशासन सरकार। कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि राजद ने कांग्रेस नेताओं को बौना बना दिया है। राजद के पोस्टरों पर कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब हैं। दोनों दलों में अंदरूनी कलह चल रही है। कांग्रेस के नामदार नेता ने राजद को जिताने के लिए छठी मइया का अपमान किया। इतना ही नहीं, केरल कांग्रेस नेताओं ने बिहार के लोगों की तुलना 'बीड़ी' से की, यह बेहद शर्मनाक है।

**युवाओं के वोटों से बनेगी सरकार, जंगलराज की होगी हार**

राजद के पोस्टरों में कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब


पीएम नरेंद्र मोदी ने सहरसा में चुनाव रैली को संबोधित किया

**राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक**

पीएम ने सहरसा में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विकास की पहचान है जबकि राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक हैं। नए और प्रथम बार वोट डालने वाले मतदाता बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट करें। पहली बार वोट देने वाले नौजवानों के वोट से राजग की सरकार बनेगी और जंगलराज की हार होगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह रफ़्तार रुकनी नहीं चाहिए। फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बनेगी। युवाओं की आकांक्षाएं पूरी होंगी और हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा, बिहार में ही रोजगार पाए।

## राजद-कांग्रेस गठबंधन का होगा सफायाः शाह


शिवहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**शिवहर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने पर बिहार में रक्षा गलियारा तैयार किया जाएगा और प्रत्येक जिले में कारखाने लगाए जाएंगे। शाह ने शिवहर और सीतामढ़ी में विश्वास जताया कि 14 नवंबर को जब चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तब दोपहर एक बजे तक राजद-कांग्रेस गठबंधन का सफाया हो जाएगा और बिहार में पुनः राजग की सरकार बनेगी। शाह ने कहा कि राजग की सरकार बनने पर राज्य को बाढ़मुक्त बनाने के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। कोसी नदी के जल का उपयोग कर मिथिलांचल क्षेत्र की 50,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग और औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया जाएगा। बिहार के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा।

कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का आरोप

## नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी अब नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह कटाक्ष भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीतीश को इस तरह गायब कर दिया है कि अब उन्हें सीएम बनाने का नाम ही नहीं लिया जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख ने पटना में रविवार को हुए पीएम के रोडशो का उल्लेख करते हुए कहा कि नीतीश जी कहां थे, नहीं दिखे। राजग सरकार बनाने की बात करने वालों ने उन्हें गायब कर दिया। इतना गायब कर दिए, उनको सीएम बनाने का नाम नहीं लेते। खरगे ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार को 'हाईजैक' कर लिया गया है और चुनाव के बाद उन्हें दूध से मक्खी की तरह बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये लोग घोषणापत्र जारी करने आए तो सिर्फ 36 सेकंड में प्रेस वार्ता ख़त्म कर दी। 20 साल से शासन में हैं दो मिनट तो रुक जाते। दो दशकों से बिहार में भाजपा-जद(यू) की सरकार है और 11 वर्ष से मोदी जी केंद्र में हैं। आज अगर मुद्दों की बात करें तो बिहार के लोगों के लिए सबसे बड़े समस्याएं, महंगाई, बेरोज़गारी, बढ़ता पलायन और आर्थिक असमानता है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

## पीएम 'अपमान मंत्रालय' बनाएं : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अलग से एक 'अपमान मंत्रालय' बनाना चाहिए ताकि वह विपक्ष पर बार-बार अपमान का आरोप लगाने में जो समय बर्बाद करते हैं, वह न करें। उन्होंने बिहार के सहरसा और लखीसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए महिलाओं का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार से 10 हजार रुपए ले लें, लेकिन वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट कतई न दें क्योंकि इस सरकार की नीयत साफ नहीं है और यह 10 हजार रुपये 'राजनीतिक घूस' है। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि बिहार में कोई 'डबल इंजन सरकार' नहीं है, बल्कि 'सिंगल इंजन सरकार' है जिसे पीएम मोदी चला रहे हैं।


सांसद प्रियंका गांधी

## कट्टा टिप्पणी पर तेजस्वी का पलटवार, ऐसा शब्द किसी पीएम के मुंह से पहले कभी नहीं सुना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के 'कट्टा' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी पीएम को ऐसे शब्दों का प्रयोग करते नहीं सुना। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम जी की टिप्पणी को लेकर मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। मैंने अपने जीवन में किसी पीएम को इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते नहीं सुना। यह उनकी सोच को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पीएम गुजरात जाते हैं तो वहां आईटी फैक्ट्री, सेमीकंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर की बात करते हैं। लेकिन जब बिहार आते हैं तो 'कट्टा' की बात करते हैं।


पटना जिले के मनेर में राजद नेता तेजस्वी यादव

यूपी के सीएम योगी का तंज

## महागठबंधन में 'पप्पू, अप्पू और टप्पू' नाम के तीन बंदर


केवटी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ

**दरभंगा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने केवटी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद सांप है और कांग्रेस रामद्रोही, देशद्रोही और मां जानकी के विरोधी हैं। यह लोग सनातन परंपरा को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। इना नाम पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। उन्हें एनडीए सरकार का विकास दिखाई नहीं देता। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया और अपराधियों का सफाया हुआ है, और अब राज्य माफिया और अपराध-मुक्त बन चुका है। उन्होंने जनता से अपील की कि बिहार में भी डबल इंजन की सरकार बनाकर विकास, विरासत और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करें।

**खबर संक्षेप**

### केरल में ममूटी को मिला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

**कोच्चि।** केरल स्टेट अवॉर्ड 2025 के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई है। सात सदस्यों वाली ज्यूरी में अभिनेता प्रकाश राज भी शामिल हैं। मलयालम सिनेमा के दिग्गज कलाकार ममूटी को फिल्म 'ब्रह्मयुगम' के लिए मिला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। 'मंजुमल बॉयज' को केरल स्टेट अवॉर्ड 2025 में बेस्ट फिल्म बताया है।



### डीएलसी अभियान का चौथा चरण शुरू

**नई दिल्ली।** डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 का लक्ष्य देशभर में दो करोड़ पेंशनरों तक पहुंचना है। यह अभियान 2,000 से ज़्यादा शहरों और कस्बों में चलाया जाएगा ताकि हर पेंशनर तक सुविधा पहुंच सके। इसके तहत केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में पेंशनर्स से बात की।



### बीआईएस के महानिदेशक बने संजय गर्ग

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक के रूप में संजय गर्ग ने पदभार ग्रहण किया है। गर्ग ने इस महीने की शुरुआत के साथ ही 1 नवंबर 2025 से नया पदभार ग्रहण किया है। वे केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस हैं। गर्ग आईईसी में भारत की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेंगे।



### सेमीकंडक्टर प्लांट में पायलट प्रोडक्शन जारी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले दो-तीन महीने के भीतर देश में तीन प्लांट से सेमीकंडक्टर का उत्पादन शुरू हो जाएगा। इन जगहों पर सेमीकंडक्टर का उत्पादन का पायलट प्रोजेक्ट पहले से चल रहा है। गुजरात में सेमीकंडक्टर के साथ माइक्रोन प्लांट में पायलट रूप से उत्पादन का कार्य शुरू हो गया है।



पीएम ने एक लाख करोड़ की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ किया

# कहा- भारत के पास आज दुनिया का सबसे सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की गई है। पीएम ने एक लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पहली बार पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। 21वीं सदी में, वैश्विक विशेषज्ञों के एक मंच पर आकर उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर विचार-विमर्श करके दिशा प्रदान करने की सख्त ज़रूरत है। इसी जरूरत ने एक विचार को जन्म दिया, जो इस कॉन्क्लेव के विजन में विकसित हुआ। यह विचार इस कॉन्क्लेव के माध्यम से आकार ले रहा है। पीएम ने इस पहल में विभिन्न मंत्रालयों, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि कल भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों और इसरो को हार्दिक बधाई दी।


पीएम नरेंद्र मोदी

**पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है**

देश प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवर्तन का अग्रणी बना

प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेज़ी से पहुंचने की पहल


पीएम मोदी ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया

### आधुनिक नवाचार का ईकोसिस्टम बना रहे

21वीं सदी को अभूतपूर्व परिवर्तन का काल बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था एक नए बदलाव का साक्षी बन रही है। भारत उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ा रहा है और उन पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत एक आधुनिक नवाचार इकोसिस्टम बनाने के लिए काम कर रहा है और अनुसंधान सुगमता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय नियमों और खरीद नीतियों में कई सुधार किए हैं। इसके अतिरिक्त, नियमों, प्रोत्साहनों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी सुधार किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेज़ी से पहुंच सकें।

**भारत में होगा वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन**

पीएम ने कहा कि भारत नैतिक और मानव-केंद्रित एआई के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी एआई गवर्नेंस ढांचा इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा जिसका उद्देश्य नवाचार और सुरक्षा को एक साथ विकसित करना है। भारत फरवरी 2026 में वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जो समावेशी, नैतिक और मानव-केंद्रित एआई की दिशा में प्रयासों को गति देगा।

### 6000 से ज्यादा स्टार्टअप काम कर रहे

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को नवाचार केंद्र बनाने के लिए हाल के वर्षों में अपनाई गई नीतियों और निर्णयों के अब स्पष्ट परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पंजीकृत पेटेंटों की संख्या 17 गुना बढ़ गई है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने बताया कि भारत में 6,000 से ज़्यादा डीप-टेक स्टार्टअप वर्तमान में स्वच्छ ऊर्जा और उन्नत सामग्री जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग में भारत ने प्रगति की है।

### 10000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए

पीएम ने कहा कि भारत जितने अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की ओर अग्रसर कर सकेगा, राष्ट्र के लिए उतना ही बेहतर होगा। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप देश भर में लगभग 10,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं जहां एक करोड़ से अधिक बच्चे जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन लैब की सफलता से प्रोत्साहित होकर, 25,000 नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। सैकड़ों नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं जिनमें सात नए आईआईटी और सोलह आईआईआईटी शामिल हैं।

एससी ने चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

# 'वेबसाइट' पर दलों को नियम बताने के संबंध में मांगा जवाब



भारतीय चुनाव आयोग का कार्यालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी कि प्रत्येक राजनीतिक दल अपनी आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर अपने ज्ञापन, नियम और विनियम प्रकाशित करें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग, विधि मंत्रालय और विधि आयोग से जवाब मांगा है। यह आवेदन अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पहले से लंबित एक जनहित याचिका में दायर किया गया था। इस याचिका धर्मनिरपेक्षता, पारदर्शिता और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

**पार्टियों के कामकाज में पारदर्शिता हो**

आवेदन में कहा गया है कि राजनीतिक दलों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29ए के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है और उनसे कानून द्वारा स्थापित संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने की अपेक्षा की जाती है। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को टिकट देते हैं और लोग पार्टी के चुनाव चिन्ह पर वोट देते हैं, इसलिए राजनीतिक दल लोकतांत्रिक शासन के महत्वपूर्ण अंग हैं और एक सार्वजनिक प्राधिकरण की तरह काम करते हैं।पूरी शासन व्यवस्था राजनीतिक दलों के इर्द-गिर्द घूमती है और वे निरंतर सार्वजनिक कर्तव्य निर्वहन में लगे रहते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जनता के प्रति जवाबदेह बनें।

## लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर बनेगा एसआईआरः कुमार

कानपुर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी मुहिम करार देते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिये मील का पत्थर बताया है। कुमार ने रविवार को आईआईटी-कानपुर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को 'दुनिया का सबसे बड़ा अभियान' बताया और कहा कि जब यह प्रक्रिया 12 राज्यों के सभी 51 करोड़ मतदाताओं तक पहुंच जाएगी तो यह निर्वाचन आयोग और देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। कुमार ने कहा कि जब देश में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो लोगों को न केवल निर्वाचन आयोग पर बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक की ताकत पर भी गर्व होगा। यह प्रक्रिया भारतीय लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

उत्तराखंड में राष्ट्रपति मुर्मू का आग्रह

## विधायक विकास और जनकल्याण के कार्यों को पूरी निष्ठा से करें

एजेंसी ⏭ देहरादून

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विधायकों को जनता और शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया और उनसे आग्रह किया कि वे विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को पूरी निष्ठा और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करें। मुर्मू ने विधायकों से समाज के वंचित वर्गों के लिए संवेदनशीलता से कार्य करने का आग्रह किया। उत्तराखंड में विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि विधानसभाएं हमारी संसदीय प्रणाली का प्रमुख स्तंभ हैं जिसमें संविधान निर्माताओं ने निरंतर उत्तरदायित्व को अधिक महत्व दिया था। उन्होंने कहा कि विधायक जनता और शासन के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और जमीनी स्तर पर क्षेत्र की जनता से जुड़कर लोगों की सेवा करने का मौका मिलना एक सौभाग्य की बात है। यदि विधायक सेवा-भाव से निरंतर जनता की समस्याओं के समाधान तथा उनके कल्याण में सक्रिय रहेंगे तो जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास बढ़ेगा।



दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# सीएक्यूएम से कहा- समस्या आने से पहले उठाएं कदम, मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों।

**एजेंसियां 'प्रतिक्रिया' देने के बजाए 'पहले से तैयारी' करें**

पूछा, प्रदूषण रोकने के लिए अब तक क्या क्या कदम उठाए



**हलफनामा दाखिल करें**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि प्रदूषण को गंभीर स्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उसने कौन से कदम उठाए हैं। अदालत ने आदेश दिया कि आयोग एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करे जिसमें पहले से की जा रही और प्रस्तावित कार्रवाइयों का विवरण दिया जाए। एजेंसियों को सिर्फ 'प्रतिक्रिया' देने के बजाए 'पहले से तैयारी' करे।

**आंकड़ों की निगरानी प्रदूषण बोर्ड का काम**

सीएक्यूएम की ओर से पेश वकील ने कहा कि प्रदूषण के आंकड़ों की निगरानी का काम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का है। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को भरोसा दिलाया कि सभी एजेंसियां जल्द ही अपनी रिपोर्ट दाखिल करेंगी। कोर्ट ने याद दिलाया कि पहले भी उसने आदेश दिया था कि एजेंसियां केवल तब कार्रवाई न करें जब प्रदूषण बढ़ जाए।

वायु गुणवत्ता की बिगड़ी स्थिति

## दिल्ली में इंडिया गेट हुआ गायब

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति को लेकर भाजपा की आलोचना शुरू कर दी है। राजधानी में धुंधले दिखाई दे रहे इंडिया गेट की एक तस्वीर साझा करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित संरचना 'गायब' हो गई है। सरकार वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ चाहे जितना भी छेड़छाड़ कर ले, इंडिया गेट धुंध के पीछे गायब होकर भाजपा का असली रंग उजागर कर चुका है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप अपने मोबाइल फोन पर जो एक्यूआई देखते हैं, अधिकांश एप्स दिल्ली और केंद्र सरकार के एक्यूआई निगरानी स्टेशनों से डेटा लेते हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में सवाल उठाया कि ज्यादा चिंताजनक तो असली एक्यूआई के आंकड़े छिपाने की रणनीतियां हैं।



जबलपुर
मंगलवार, 4 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 20, अंक : 186
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


## धूमधाम से निकली बाबा की दूसरी सवारी
### महाकाल ने जाना प्रजा का हाल



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में कार्तिक शुक्ल पक्ष की धूम शुरू हो गई है। सोमवार को बाबा महाकाल की दूसरी सवारी निकाली गई। 27 अक्टूबर को पहली सवारी निकली थी। सावन-भादो की तरह कार्तिक अगहन मास में भी महाकाल की सवारी निकलने की परंपरा है। कार्तिक शुक्ल पक्ष के दूसरे सोमवार को दूसरी सवारी को सभामंडप में शाम 4 बजे विधिवत पूजन के बाद राजसी ठाट-बांट के साथ निकाला गया।

## खबर संक्षेप

### खाद के लिए लाइन में लगा किसान बेहोश, तोड़फोड़



**अशोकनगर।** खाद का टोकन लेने के लिए लाइन में खड़ा किसान बेहोश होकर गिर गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इससे गुस्साए किसानों ने जमकर हंगामा किया। ऑफिस में तोड़फोड़ कर दी। गेट और खिड़कियों पर पत्थर फेंके। लातें मारीं। हंगामे के दौरान एक और किसान बेहोश हो गया। उसे भी अस्पताल पहुंचाया गया। इसी दौरान टोकन का बंडल छीनने की कोशिश भी की गई।

### फर्नीचर बनाने वाले ने खुद को लगाई आग, मौत



**उज्जैन।** उज्जैन में फर्नीचर निर्माता के आत्मदाह करने का वीडियो सामने आया है। करीब 80% झुलसने के चलते उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला रविवार दोपहर माधवनगर थाना क्षेत्र के शिवाजी पार्क इलाके का है। राजेंद्र शर्मा ने पारिवारिक विवाद में खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसने पर उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इंदौर रेफर कर दिया गया था। सोमवार सुबह दम तोड़ दिया।

### कैमरी, लैंड क्रूजर जैसी गाड़ियों को वापस मंगाया



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपनी तीन प्रीमियम कारों कैमरी, वेलफायर और लैंड क्रूजर के लिए कुल 4,863 यूनिट्स के लिए वॉलंटरी रिकॉल का ऐलान किया है। कंपनी ने यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है ताकि कारों में लगे पार्किंग असिस्ट इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट से जुड़ी संभावित गड़बड़ी की जांच और सुधार किया जा सके। यह यूनिट कार के पैनारोमिक व्यू मॉनिटर का हिस्सा है।

### अनिल अंबानी की 3084 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप से जुड़ी करीब 3084 करोड़ रुपए की संपत्तियों को अस्थायी तौर पर जब्त कर लिया है। ये कार्रवाई 31 अक्टूबर को पीएमएलए कानून के तहत की गई। जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है उनमें मुंबई के पाली हिल वाला घर, दिल्ली का रिलायंस सेंटर नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, आदि की संपत्तियां हैं।

# अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी थी, सिविल सर्जन निजी क्लीनिक में दे रहे थे सेवाएं, उनके चेहरे पर पोत दी कालिख

## शिवसेना नेता ने खुद वीडियो बनवाया, किया वायरल और थाने जाकर सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। सोमवार को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे के चेहरे पर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कालिख पोत दी। यह घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक नर्सिंग होम के पास हुई। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने आरोप लगाया है कि डॉ. खरे इस नर्सिंग होम से मरीज देखकर निकले थे। इसी दौरान कालिख पोती गई। क्योंकि वे प्राइवेट नर्सिंग होम में ड्यूटी टाइम में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उधर, सरकारी अस्पताल में मरीज परेशान हो रहे थे। विवेक पांडे ने इस पूरे विरोध प्रदर्शन को स्वयं रिकॉर्ड किया। घटना के बाद वे सीधे थाने पहुंचे और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने के सामने उन्होंने बयान दिया कि उन्होंने पहले भी सिविल सर्जन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में शिकायत पत्र दिया था। शिवसेना के नेता ने कहा कि हम विरोध कर रहे थे, किसी को आहत करना उद्देश्य नहीं।

**घटना के बाद सहकर्मी डॉक्टरों ने दी हड़ताल की चेतावनी**



सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे के चेहरे पर शिवसेना के नेता कालिख पोतते हुए

### अब नौकरी नहीं करूंगा: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन खरे जो वर्तमान में 64 वर्ष के हैं और एक वर्ष बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्होंने कहा कि अब मैं नौकरी नहीं करूंगा, इस घटना से अपमानित महसूस कर रहा हूं, सरकार को कंडीशनल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति भेजूंगा। उन्होंने कहा कि विरोध का एक तरीका होता है, लेकिन हिंसा स्वीकार्य नहीं, यह मेरी निजता का उल्लंघन है।

### डॉक्टरों में आक्रोश, सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप

डॉ. खरे ने घटना के बाद सहकर्मी डॉक्टरों के साथ आक्रोश जताया। वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक जिले में इमरजेंसी को छोड़कर सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहेंगी। सभी डॉक्टर लामबंद होकर जमोड़ी थाने पहुंचे और आरोपी विवेक पांडे, राजेश तिवारी व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

**डिजिटल अरेस्ट मामले : सरकार ने बताया-गृह मंत्रालय में एक स्पेशल यूनिट जो ऐसी शिकायतों की जांच कर रही**

# बुजुर्गों से ऐंठे गए करीब 3 हजार करोड़ सुप्रीम कोर्ट ने कहा: सख्ती से निपटेंगे

*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि पीड़ित खासकर बुजुर्ग लोग हैं। उन्होंने विस्तारित रिपोर्ट फाइल करने के लिए समय की मांग की*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट से सख्ती से निपटने की बात कही है। इन मामलों में साइबर क्रिमिनल लोगों को नकली सरकारी अधिकारी, पुलिस के अधिकारी या फिर जांच अधिकारी बनकर खासकर बुजर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं और पैसे ऐंठते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि पीड़ितों से लगभग 3 हजार करोड़ रुपए वसूले गए हैं और यह समस्या आगे बढ़ने वाली है। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मुद्दे पर सभी पार्टियों को सुनेगा और एक न्यायमित्र, वरिष्ठ वकील एनएस नप्पिनई की नियुक्ति करेगा। मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह चौंकाने वाला मामला है कि अकेले हमारे देश में पीड़ितों से लगभग 3,000 करोड़ रुपए वसूले गए हैं। अगर हम इसे अभी नजरंदाज करते हैं और कड़े और सख्त आदेश पारित नहीं करते हैं तो समस्या और बढ़ जाएगी।

**शीर्ष कोर्ट ने इस मामले का लिया स्वतः संज्ञान**



फाइल फोटो

**मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी**

**मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात**

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?
#### इससे निपटने के लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की जरूरत

मामले पर बात करते हुए अदालत ने कहा कि इससे निपटने के लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की जरूरत पड़ सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। कुछ बहुत चौंकाने वाला। हमें नहीं पता कि दूसरे देशों में क्या हो रहा है। हमें नहीं पता कि टेक्निकल और फाइनेंशियल पिलर कैसे काम कर रहे हैं। हमें उनकी क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत है। अगर हम चूक गए या नजरअंदाज किया और सख्त आदेश जारी नहीं किए तो समस्या और बढ़ जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनके ऑफिस ने गृह मंत्रालय से मिली सीलबंद रिपोर्ट के आधार पर एक छोटी रिपोर्ट तैयार की है और कुछ काम के सुझाव सामने आए हैं।

### पिछली सुनवाई में क्या हुआ?

27 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों की जांच करने के लिए कह सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा था कि हमें पूरे भारत में डिजिटल अरेस्ट मामलों की एक जैसी जांच की जरूरत है।

### आवारा कुत्तों के मामले पर राज्यों के मुख्य सचिवों को दी गई हिदायत, 7 को फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवंबर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजनिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग (एनिमल वेलफेयर बोर्ड) को भी वादी बनाए जाने को कहा।

**कांग्रेस का पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर**

# पटवारी ने जिला अध्यक्षों के साथ पीया दूध, पहाड़ी पर की मॉर्निंग वॉक



पचमढ़ी में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पचमढ़ी में कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे रात में जीतू पटवारी जिला अध्यक्षों के साथ दूध पीने के लिए बाजार में गए। फिर सुबह सभी के साथ पहाड़ी में मॉर्निंग वॉक किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार रात को हिल स्टेशन पचमढ़ी बाजार में पैदल भ्रमण पर निकले। होटल हाइलैंड से मुख्य बाजार तक पटवारी युवक कांग्रेस के साथियों के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद किया और एक दुकान पर गर्मागर्म दूध पीने का आनंद लिया। पटवारी ने एक बच्ची को गोद में उठाकर लाड़-दुलार भी किया। हल्की ठंड के बीच पटवारी ने दूध पीने के अलावा पान, नाश्ते की दुकान और एक बेकरी पर भी पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से संवाद कर उनके हालचाल जाने और एक दुकानदार के गले भी लगे। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है।

**पटवारी बोले-** यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार को नई दिशा देने का प्रयास



### राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे भी आएंगे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी पचमढ़ी पहुंचेंगे। राहुल गांधी 9 या 10 नवंबर को जिला अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

**जहरीले कफ सीरप मामले में एक और गिरफ्तारी**

## मुख्य आरोपी की पत्नी ज्योति सोनी गिरफ्तार



**जहरीला सीरप बेचने व सबूत मिटाने का आरोप**

**भोपाल।** छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप कोल्ड्रिफ के सेवन से 24 मासूम बच्चों की मौत के सनसनीखेज मामले में एसआईटी ने सोमवार को एक और बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मुख्य आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की फरार चल रही पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**रामभद्राचार्य ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बयान दिया**

## 470 सांसद होंगे तभी देश 'हिंदू राष्ट्र' बनेगा



**देश की हिंदू आबादी अस्सी फीसदी होनी चाहिए**

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर में रामगंज पक्का तालाब में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ धाम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य ने बड़ा बयान दिया है। आज हालात ऐसे हैं कि हमारे बच्चों को अपने वेद, शास्त्र और धर्मग्रंथों के नाम तक नहीं पता जबकि मुस्लिम समुदाय का बच्चा-बच्चा कुरान पढ़ता है।


**जयपुर की सड़क पर 'यमराज' बन गया डंपर**

# कार को टक्कर मारने के बाद 10 गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 19 की मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 500 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों से टकराया और करीब 50 लोगों को रौंद डाला। इससे मौके पर 19 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर हैं।हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं ।

**दोपहर 1 बजे अचानक डंपर का ब्रेक फेल**



डंपर का वीडियो सामने आया

### घायल सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन मलबे में बदल रहे थे

टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे।

**तेलंगाना के रंगारेड्डी में हादसा**

## बस-ट्रक की टक्कर में 20 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक टिपर ट्रक और सरकारी बस के बीच हुई टक्कर में 20 लोगों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक का मलबा बस पर गिरने से दोनों वाहनों के दोनों ड्राइवरों समेत कई यात्रियों ने वहीं दम तोड़ दिया। मरने वालों में 13 महिलाएं और दस माह की बच्ची शामिल हैं, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तेलंगाना सरकार ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है।

**ग्वालियर में बड़ी घटना: 'जहर' बनी अनाज की दवा**

## कमरे में फैली जहरीली गैस, मासूम की दर्दनाक मौत, पूरा परिवार भर्ती


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शहर के जड़ेरूआ इलाके में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक मकान में फैली जहरीली गैस की चपेट में आने से चार साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा मकान मालिक द्वारा गेहूं में रखी गई कीटनाशक की दवा से हुआ बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जड़ेरूआ इलाके में सत्येंद्र शर्मा अपनी पत्नी रजनी शर्मा, बेटी और चार साल के बेटे करुआ के साथ किराए से रहते हैं। देर रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे, तभी अचानक सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ देर बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। तब तक चार साल के मासूम करुआ की हालत बेहद गंभीर थी, जिसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सत्येंद्र, उनकी पत्नी और बेटी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

**यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका: आर्यवीर**

**भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में**

# 'ग्रीन खेल' के जरिए पर्यावरण चेतना जगाएंगे व स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे




आर्यवीर आर्या

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

हरिभूमि चर्चा

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने 'हरिभूमि' से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है।

**कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण**

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।



### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।



# किसी दबाव के आगे भारत नहीं झुकता...अब पहले से ज्यादा रूस से खरीदा रहा तेल

## रूस से तेल नहीं खरीद रहा भारत, वाले बयान पर ट्रंप के झूठ की खुली पोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत किसी के आगे झुकने वाला नहीं, इसका ताजा सबूत सामने आया है। आपको अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पिछले महीने का वो बयान याद होगा, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। अब जमीन पर हकीकत देखिए, आंकड़े कुछ और कहानी कह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने न सिर्फ रूस से तेल लेना जारी रखा, बल्कि अक्टूबर में तो इंपोर्ट और बढ़ गया। दिलचस्प बात यह है कि अब भारत ने ताजिकिस्तान वाले रूट को भी एक्टिवेट कर दिया है, ताकि तेल सीधे रूस से न होकर एक वैकल्पिक रास्ते से आए। शिप-ट्रैकिंग एजेंसी केपिलर और ऑयलेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में भारत ने 1.48 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल रूस से खरीदा जबकि सितंबर में यह सिर्फ 1.43 से 1.44 मिलियन था। साफ है कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीद बढ़ाई है बल्कि तमाम दावों के बावजूद ठोस बढ़त नजर आ रही है। और यह सब तब, जब अमेरिका रूस पर नए प्रतिबंध लगाकर दुनिया भर को दबाव में ला रहा था कि कोई भी रूस से तेल न खरीदे। केपिलर के एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने साफ कहा, रूसी तेल का इंपोर्ट नवंबर 21 तक तो घटेगा नहीं, उसके बाद ही असर दिख सकता है। इसका मतलब साफ है कि ट्रंप के बयान और भारत की जमीनी रणनीति के बीच का फर्क अभी भी साफ नजर आ रहा है।

*भारत ने रूस से सितंबर में सितंबर में 1.43 मिलियन तेल खरीदा था*

*फिर अक्टूबर में बढ़ाकर 1.48 मिलियन बैरल प्रतिदिन इंपोर्ट किया*

### भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया



एक अमेरिकी साक्षात्कार में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, दूसरा सांकेतिक चित्र

असल में, अमेरिका ने अक्टूबर में रूस की दो बड़ी ऑयल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर नए प्रतिबंध लगा दिए। भारत की कुछ कंपनियों ने नए ऑर्डर रोक दिए ताकि अमेरिकी दबाव से बचा जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, अब खेल यहीं हुआ। भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया है। यानी अब डील्स थर्ड पार्टी या मध्य एशिया के ट्रांजिट रूट्स के जरिए हो रही हैं। इनमें ताजिकिस्तान, कजाकस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे नाम सामने आ रहे हैं। इस रणनीति से भारत के पास दो फायदे हैं। पहला, अमेरिकी प्रतिबंधों से बचाव हो सकेगा और दूसरा तेल की सप्लाई में कमी नहीं आएगी। यानी तेल वही है, बस रास्ता नया हो गया है। इस नए रूट को लेकर जानकार कह रहे हैं कि भारत सीधे रूस से डील किए बिना भी वही तेल हासिल कर सकता है, बस उसे अलग रास्ते से लाया जाएगा। यानी रूस से तेल निकलेगा, मध्य एशिया के देशों से गुजरेगा और फिर भारत पहुंचेगा।

### रूस से तेल खरीदने की मूल वजह

भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत बड़ी हैं। देश रोजाना करीब 5 मिलियन बैरल से ज्यादा तेल इंपोर्ट करता है और जब रूस इतना तेल सस्ता दे रहा हो, तो कौन-सा देश ऐसे मौके को ठुकराएगा? 2022 में जब यूक्रेन पर हमला हुआ, तब पश्चिमी देशों ने रूस को सख्त सजा दी। लेकिन भारत ने साफ कहा था, हम अपनी जनता के हित में फैसले करेंगे। इस फैसले का मतलब था कि जहां से भी सस्ता तेल मिले, वहीं से खरीदो। और हुआ भी यही। रूस कुछ ही महीनों में भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया।

### अमेरिका के लिए मुश्किल बढ़ेगी

ट्रंप का बयान दरअसल राजनीतिक भी था। वह रूस पर अपनी सख्ती दिखाना चाहते थे और साथ ही भारत के साथ ऊर्जा समीकरण को लेकर दबाव बनाना भी। लेकिन भारत ने हर बार यही कहा, हम अमेरिका के दोस्त हैं, पर अपने हितों से समझौता नहीं करेंगे। भारत के लिए यह केवल कूटनीति नहीं, अर्थशास्त्र है। रूस से मिलने वाला तेल सस्ता पड़ता है। कभी-कभी 10 से 15 डॉलर प्रति बैरल तक कम कीमत होती है। इससे न सिर्फ सरकार का आयात बिल घटता है, बल्कि आम जनता को भी पेट्रोल-डीजल में थोड़ी राहत मिलती है।

---

## खबर संक्षेप

### बम की फर्जी सूचना देने वाला गिरफ्तार

**अलीगढ़।** विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन में आतंकवादी व बम होने की फर्जी सूचना मोबाइल फोन पर देने



वाले को देर रात जीआरपी ने इटावा से गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी दिल्ली निवासी मोनू उर्फ रामनरेश ने पूछताछ में बताया कि उसने तो केवल मजा लेने के लिए फोन कर दिया था, उसकी सूचना पर ट्रेन रूकती, लोग घबराते तो उसे मजा आता। फिलहाल जीआरपी उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

### नेपाल में बर्फ का पहाड़ टूटा, 7 की मौत, लापता

**काठमांडू।** नेपाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में यालुंग री नाम की चोटी पर सोमवार को बर्फ का पहाड़



टूटने से 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब हिमस्खलन 5,630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप पर आ गया। हादसे के बाद 4 लोग लापता हैं। मृतकों में 3 अमेरिकी, 1 कनाडाई, 1 इतालवी और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी डोलखा जिले की पुलिस ने दी है। यह इलाका रोलवालिंग वैली में आता है।

---

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा चीन-पाक परमाणु हथियारों का कर रहे परीक्षण

# दक्षिण एशिया में फिर शुरु हुई परमाणु रेस, चीन और पाक के एटमी टेस्ट पर ट्रंप का बड़ा खुलासा

**किसके पास कितने वॉरहेड**

| | |
|---|---|
| भारत | 180 |
| पाक | 170 |
| चीन | 600 |

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। पाकिस्तान को लेकर लंबे समय से आशंका थी कि वो परमाणु परीक्षण कर सकता है और अब डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर मुहर लगा दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पारिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका अब पीछे नहीं रह सकता है। ट्रंप के इस बयान के बाद दक्षिण एशिया में तनाव बढ़ सकता है। एक नई परमाणु रेस भारत के साथ शुरू हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपने विशाल परमाणु भंडार के बावजूद एकमात्र ऐसा देश नहीं हो सकता जो परीक्षण न करे।

**दावा** *ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि अमेरिका के पास सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं हम इस धरती को 150 बार नष्ट कर सकते हैं।*

### परमाणु हथियारों के बहाने ट्रंप कर रहे धमकाने की कोशिश



फाइल फोटो

### अमेरिका भी करेगा परीक्षण

*ट्रंप ने कहा मैंने कहा है कि जैसे दूसरे देश कर रहे हैं, उसी तरह से हम भी परमाणु परीक्षण करने वाले हैं। इस पर उनसे पूछा कि सिर्फ उत्तर कोरिया ही परमाणु परीक्षण करता है। जिसपर जवाब देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि नहीं, रूस और चीन परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि चीन और रूस परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वो इसके बारे में बात नहीं करते हैं, लेकिन हम एक खुला समाज हैं, हम इस पर बात करते हैं। निश्चित तौर पर उत्तर कोरिया टेस्ट कर रहा है। पाकिस्तान न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा है। इस पर जब उन्हें टोकने की कोशिश की तो ट्रंप ने कहा कि वो आपको बताकर ऐसा नहीं करने वाले हैं। वो काफी शक्तिशाली हैं। वो लोग अंडरग्राउंड जगहों पर टेस्ट करते हैं और लोगों को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। वो परीक्षण कर रहे हैं, इसीलिए हम भी करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर परमाणु बम की बार बार धमकी देकर भारत सहित पूरी दुनिया को डराने की कोशिश करते रहे हैं।*

ट्रंप ने कहा, निरस्त्रीकरण बहुत बड़ा मुद्दा है. हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं कि हम इस धरती को 150 बार नष्ट कर सकते हैं। रूस के पास भी बड़ी संख्या में परमाणु हथियार हैं और चीन के पास भी जल्द ही काफी हथियार होंगे। उनके पास अभी भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप इसके बहाने दुनिया को डराने की कोशिश कर रहे है। अपने हालिया परमाणु परीक्षण आदेश का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा, चीन और रूस भी अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं, बस आपको इसकी जानकारी नहीं है बता दें कि सीपरी के मुताबिक भारत के पास इस वक्त करीब 180 न्यूक्लियर वॉरहेड होने की संभावना है, जबकि पाकिस्तान के पास करीब 170 के करीब न्यूक्लियर वॉरहेड हो सकते हैं। जबकि चीन के पास करीब 600 परमाणु हथियार हैं। चीन अपने परमाणु कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। वहीं, पाकिस्तान ने 1998 में भारत के परमाणु परीक्षणों के जवाब में अपने परमाणु कार्यक्रम को सार्वजनिक किया था और तब से यह क्षेत्र लगातार न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ में फंसा हुआ है। भारत की परमाणु नीति नो फर्स्ट यूज सिद्धांत पर आधारित है, यानी वह पहले हमला नहीं करेगा। लेकिन पाकिस्तान इस नीति का पालन नहीं करता है। पाकिस्तान के पास अब छोटे टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन्स भी हैं, जिन्हें सीमित युद्ध के लिए उसने बनाया है।

**कांग्रेस का आरोप**

### समझौता एक बड़ी कठिनाई बन जाएगा

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, एक समय कहा गया था कि भारत नवंबर 2025 में क्वाड (अमेरिका,



जयराम रमेश

जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का समूह) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, लेकिन अब वह नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, एक समय यह भी कहा गया था कि अमेरिका के साथ सबसे पहले व्यापार समझौता करने वालों में भारत होगा। वह तथाकथित समझौता अब एक कठिनाई बन गया है, जबकि अमेरिका को निर्यात घट रहे हैं और यहां रोजगार खो रहे हैं। ट्रंप के बहाने केंद्र सरकार को घेरते हुए रमेश ने कहा कि इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने 57वीं बार यह दोहराया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अचानक और अप्रत्याशित रूप से कैसे रोका और इसकी पहली घोषणा वॉशिंगटन से हुई, न कि नई दिल्ली से। कांग्रेस नेता ने ट्रंप का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्होंने व्यापार और शुल्क का उपयोग करके भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रोका।

---

## जयशंकर की समकक्ष से हुई मुलाकात

### भारत और बहरीन के बीच बड़े व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू, निवेश पर सहमति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और बहरीन ने एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते कॉम्प्रेहंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट यानी सीईपीए के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की। दोनों देशों ने निवेश समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में भी अहम प्रगति दर्ज की है। नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी के बीच हुई विस्तृत वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक बनाने पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने दोहरा कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) पर बातचीत शुरू करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया।

इस समझौते से व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा कंपनियों को कर संबंधी निश्चितता प्राप्त होगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह समझौता भारतीय और बहरीनी निवेशकों के बीच कारोबारी सहयोग को मजबूती देगा। दोनों देशों ने व्यापार को



दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात

इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, खाद्य प्रसंस्करण, धातु और आभूषण जैसे क्षेत्रों तक विस्तार देने पर सहमति जताई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बैठक के दौरान गाजा शांति योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया और उम्मीद जताई कि यह पहल पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थायी समाधान लाएगी। दोनों नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, फिनटेक और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की। पिछले महीने भारतीय नौसेना के तीन जहाजों की बहरीन यात्रा का उल्लेख करते हुए दोनों पक्षों ने रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

#### आतंकवाद पर साझा रुख

*भारत और बहरीन ने सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए उसे मानवता के लिए खतरा बताया। दोनों देशों ने विशेष रूप से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। साथ ही, आतंकवाद से निपटने के लिए खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।*

---

पंजाबी ड्राइवरों से हुए एक्सीडेंट के बाद ट्रंप सरकार सख्त

## अंग्रेजी बोलना अनिवार्य: टेस्ट में 7 हजार फेल, लाइसेंस निलंबित

एजेंसी ▶▶| जालंधर

अमेरिका में ड्राइविंग स्किल के आधार पर नौकरी की तलाश में गए पंजाबी युवाओं पर ट्रंप सरकार ने सख्ती की है। यहां ट्रक चलाने वाले युवाओं के लिए अंग्रेजी बोलना जरूरी कर दिया है। इसके लिए बाकायदा टेस्ट भी लिए जा रहे हैं। पंजाब के ट्रक ड्राइवरों से हुए एक्सीडेंट के बाद ट्रंप सरकार ने इस नियम को लागू किया है।

पुलिस ऑन रोड ट्रक ड्राइवरों को रोक-रोक कर भी इंग्लिश स्पीकिंग टेस्ट ले रही है। इस टेस्ट में अब तक नॉन अमेरिकी 7 हजार से ज्यादा ट्रक ड्राइवर फेल हो गए हैं। इनके लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए हैं। इस वक्त अमेरिका में 1.50 लाख पंजाबी ड्राइवर हैं। अमेरिका के



सांकेतिक तस्वीर

ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी सीन डफी के मुताबिक, 30 अक्टूबर तक चले इंग्लिश टेस्ट में कई ड्राइवर सही से इंग्लिश बोल नहीं पाए, तो कुछ इंग्लिश में लिखे ट्रैफिक साइन के बारे में नहीं बता पाए। बता दें कि लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए अमेरिकी सरकार करीब दो महीने पहले भारतीय ड्राइवरों के वीजा पर रोक लगा चुका है। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी थी। बता दें कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में विदेशी मूल के ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री (ट्रक, टैक्सी, बस और अन्य सभी वाहन) से जुड़े लोगों की संख्या 7,20,000 तक पहुंच चुकी है। इनमें डेढ़ लाख के करीब ड्राइवर पंजाबी हैं।

इस साल की शुरुआत में वित्तीय कंपनी ऑल्टलाइन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका में 24 हजार ट्रक ड्राइवरों की कमी है। इस कमी के कारण सामान समय पर नहीं पहुंच पाता और माल ढुलाई उद्योग को हर हफ्ते लगभग 95.5 मिलियन डॉलर का नुकसान होता है। इसी वजह से वहां लगातार ट्रक ड्राइवरों की मांग बढ़ रही है।

---


## जेलेंस्की बोले- कई शहर होंगे सुरक्षित

### रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

एजेंसी ▶▶| कीव

यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य



जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है।

---

## पवित्र जोड़े साहिब पटना साहिब में हुई प्रतिष्ठित



**नई दिल्ली।** 1 नवम्बर को तख्त श्रीहरमंदिरजी पटना साहिब में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के मध्य, दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज तथा माता साहिब कौरजी के पावन चरणों से सम्बंधित पवित्र 'जोड़े साहिब' की विधिवत प्रतिष्ठा की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा विशाल संगत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पवित्र 'जोड़े साहिब' में श्री गुरु गोबिंद सिंह के दाएं पैर की पादुका और माता साहिब कौर की बाएं पैर की पादुका शामिल हैं।पवित्र 'जोड़े साहिब' की तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में विधिवत प्रतिष्ठा नौ दिवसीय 'गुरु चरण यात्रा' के सफल समापन का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत पवित्र जोड़े साहिब को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ दिल्ली से हरियाणा, उत्तर प्रदेश होते हुए पटना लाया गया।

---

## 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत संक्रमित मिले

# आईसीएमआर की रिपोर्ट: भारतीयों पर संक्रामक रोगों का खतरा साया, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले कुछ वर्षों का मेडिकल डेटा उठाकर देखें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव तो बढ़ा ही है साथ ही कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी विशेषज्ञों की टेंशन बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर भारतीय आबादी में बढ़ते संक्रामक रोगों के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई। ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं। लिवर से संबंधित समस्याएं, नोरोवायरस के कारण दस्त रोग और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी) के कारण इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**खास बातें**

- हेपेटाइटिस ए, इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, हर्पीज, श्वसन बीमारियों का बढ़ा खतरा
- 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण

### रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े

आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रामक रोगों का प्रसार लगातार बढ़ता जा रहा है। ये पहली तिमाही में 10.7 प्रतिशत से बढ़कर 2025 की दूसरी तिमाही में 11.5 प्रतिशत हो गया। आईसीएमआर के वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (वीआरडीएल) नेटवर्क के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच 2.28 लाख सैंपलों में से 24,502 (10.7 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। अप्रैल से जून 2025 तक 2.26 लाख सैंपल्स में से 26,055 (11.5 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। इस प्रकार, संक्रमण दर पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत अंक बढ़ गई। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि अगर समय रहते व्यापक उपाय न किए गए तो आने वाले वर्षों में खतरा और भी बढ़ सकता है।

### भारत में संक्रमण का खतरा

भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई। ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अनुसार, वैसे तो यह वृद्धि बहुत बड़ी नहीं कही जा सकती है, लेकिन इसे कम करके आंकना भी ठीक नहीं है। यह मौसमी बीमारियों और उभरते संक्रमणों के लिए एक चेतावनी है। यदि हम संक्रमण दर में तिमाही बदलावों पर नजर रखना जारी रखें, तो भविष्य में होने वाली महामारियों को समय रहते रोका जा सकता है। आईसीएमआर की रिपोर्ट में पाया गया कि इस वर्ष अप्रैल से जून के बीच 191 रोग समूहों की जांच की गई। इसमें मम्प्स, खसरा, रूबेला, डेंगू, चिकनगुनिया, रोटावायरस, नोरोवायरस, वैरिसेला जोस्टर वायरस, एपस्टीन-बार वायरस (ईबीवी) और एस्ट्रोवायरस जैसे संक्रामक रोगों की पहचान की गई।

---

## तकनीकी गड़बड़ी की आशंका

### फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान की मंगोलिया में आपात लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का संदेह हुआ। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए विमान को मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में सुरक्षित उतारा। एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं तथा विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 174 ने दो नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचने वाला था, लेकिन रास्ते में तकनीकी समस्या की आशंका के चलते पायलट ने सावधानी बरतते हुए उसे




मंगोलिया में उतारने का निर्णय लिया। एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार यह एक बोइंग 777 विमान था। एयरलाइन ने कहा कि जांच के लिए विमान को फिलहाल उलानबातर एयरपोर्ट पर रखा गया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के लैंड करते ही सभी यात्रियों को पूरी सुरक्षा के साथ उतारा गया। एयरलाइन ने यात्रियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था की है।

बीएपीएस श्री स्वामिनारायण संस्था के जीवन उत्कर्ष महोत्सव में बोले सरसंघचालक, प्रमुखस्वामी महाराज की पुस्तक 'संत विभूति' का हुआ लोकार्पण

# भारत का जुड़ाव संतों से, इसलिए संकट में नहीं : डॉ. भागवत

हरिभूमि, जबलपुर।

**हम सब अलग-अलग दिखते हैं, पर जुड़े हुए हैं यही जुड़ाव भारत की पहचान है, जो दुनिया के पास नहीं है। इसी कारण आज विश्व संकट में है और भारत की ओर आशा से देख रहा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बीएपीएस श्री स्वामीनारायण संस्था के जीवन उत्कर्ष महोत्सव में व्यक्त किए। वह होटल विजन महल में संतविभूति प्रमुखस्वामी महाराज पर आधारित पुस्तक संत विभूति प्रमुख स्वामी महाराज के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे।**





### भारत के अलावा कोई रास्ता नहीं

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत धर्म, संस्कृति और आध्यात्म पर आधारित देश है। दुनिया के पास भारत के अलावा कोई रास्ता नहीं है, क्योंकि भारत जीवन के हर क्षेत्र में धर्म और संस्कृति को जोड़कर चलता है। संत ही इस जुड़ाव की कड़ी हैं। वे ईश्वर के अंश हैं जो समाज को अपने आचरण से दिशा देते हैं। प्रमुखस्वामीजी का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक संतों की सेवा में इसलिए समर्पित रहते हैं ताकि समाज सही मार्ग पर बना रहे। हम डंडा लेकर इसलिए खड़े हैं ताकि संतों की वाणी निरंतर समाज को प्रेरित करती रहे।

### संस्कारधानी जबलपुर संत परंपरा की पवित्र भूमि

कार्यक्रम में बताया गया कि महंत स्वामी महाराज, बीएपीएस संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु, का जन्मस्थान संस्कारधानी जबलपुर है। प्रातःकालीन सत्र में आदर्शजीवन स्वामी ने महंत चरितम विषय पर पारायण कर उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा दी। देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

महंत स्वामी महाराज ने अपने जीवन को सेवा, साधना, सत्संग और संस्कार के प्रसार हेतु समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में संस्था ने विश्वभर में सैकड़ों मंदिरों और सामाजिक प्रकल्पों के माध्यम से समाज निर्माण का कार्य किया है।

### प्रेरक संतों का संगम, गरिमा का गौरव

महोत्सव के प्रथम दिवस पर आत्मतृप्त स्वामी ने संस्कृति के ज्योतिर्धर प्रमुखस्वामी महाराज विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर लेखक भद्रेशदास स्वामी, आबूधाबी हिंदू मंदिर के संचालक ब्रह्मबिहारी स्वामी और वरिष्ठ संत ईश्वरचरण स्वामी ने भी अपने विचार रखे। ईश्वरचरण स्वामी ने जबलपुर भूमि की आध्यात्मिक गरिमा को नमन करते हुए कहा कि यहां की संस्कृति संत परंपरा की धरोहर है।

### आज सीएम करेंगे शिरकत

जीवन उत्कर्ष महोत्सव के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे और संत परंपरा से जुड़े इस आयोजन में अपनी श्रद्धा व्यक्त करेंगे।

# सेना में दी गयी सेवा को नहीं जोड़ रहे वर्तमान सेवा में



**जबलपुर।** सेना में दी गयी सेवा को पुलिस विभाग के द्वारा वर्तमान सेवा में नहीं जोड़ने के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के जस्टिस डी डी बसंल की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा डीजीपी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई 17 नवम्बर को निर्धारित की गयी है।

**प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा डीजीपी को अवमानना को जारी किये नोटिस**

पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ श्रीराम पटैल सहित अन्य सात की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि पूर्व में वह भारतीय सेना में सेवाएं दें रहे थे। सेना में सेवा देने के बाद वह पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर भूतपूर्व सैनिक कोटे से भर्ती हुए थे। पुलिस विभाग के द्वारा सेना में दी गयी सेवाओं को वर्तमान सेना में छोड़कर वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही थी। इस संबंध में उन्होंने अभ्यावेदन भी पेष किया था।

याचिका में कहा गया था कि कुछ जिलों में सिर्फ कुछ पुलिस आरक्षक में पद में भर्ती भूतपूर्व सैनिकों को इस लाभ दी जायो रहा था। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने गौतम सिंह गौतम सिंह के प्रकरण के तहत याचिकाकर्ताओं को लाभ प्रदान करने के आदेश जारी किये थे। निर्धारित समय अवधि के बाद भी आदेश के पालन नहीं किये जाने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका में प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा डीजीपी को अनावेदक बनाया गया था। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से अधिवक्ता दीपक पांडे ने पैरवी की।

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ व नगर निगम के कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने केंट विधानसभा अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रांझी तथा सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के श्यामसुंदर शासकीय महाविद्यालय खितौला में आयोजित बीएलओ के प्रशिक्षण को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में बीएलओ को आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरे जाएंगे तथा मतदाता को अपने या परिजनों के नाम का मिलान या लिंकिंग पिछले एसआईआर (2002-2004) के रिकॉर्ड से करने में सहायता की जाएगी। इस कार्य के लिए मतदाता और बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 और घोषणा प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाकर विवरण सुनिश्चित करेंगे। गणना चरण के दौरान किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। गणना प्रपत्र भरवाने की अवधि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा, दावे और आपत्तियाँ 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी तथा अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। खितौला में प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुष्पेन्द्र अहके, तहसीलदार व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार मानस भवन में नगर निगम क्षेत्र के सुपरवाइजर, उप यंत्री, योजना लिपिक व अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि एसआईआर के बारे में पूर्ण जानकारी रखना आवश्यक है, क्योंकि गणना पत्रक भरे जाने के दौरान बीएलओ के सहयोग करना है।

# वीयू का 16 स्थापना दिवस मनाया गया

**जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का 16 स्थापना दिवस 3 नवंबर 2025 को मनाया हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विश्वविद्यालय स्थापित नानाजी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया।**

कार्यक्रम का द्वितीय चरण संस्थापक कुलपति प्रोफेसर जीपी मिश्रा के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल के पश्चात किया गया तत्पश्चात मंचासीन मुख्य अतिथि डॉ जीपी मिश्रा, कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा, कुल सचिव डॉ एस एस तोमर, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ एस के जोशी एवं अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉ आरके शर्मा का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया साथ ही सभागार में उपस्थित भूतपूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक गण जिसमें डॉ दत्ता, डॉ तलुजा, डॉ एबी श्रीवास्तव डॉ एसएमएस परमार, डॉ एसएल गुप्ता, डॉ कादरी, डॉ अटकरे, डॉ एस के जैन ,डॉ ए के गौर , डॉ राव आदि का स्वागत डॉ जी पी लखानी व डॉ सुनील नायक ने किया। विश्वविद्यालय कुल सचिव डॉ एसएस तोमर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ श्रीकांत जोशी संचालक अनुसंधान सेवाएं ने विश्वविद्यालय के इस 16 साल के सफर को संक्षिप्त रूप में पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया तथा उन्होंने विश्वविद्यालय के 2050 विजन को भी बताया। इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर के छात्र ईशान नेमा ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के संस्मरण को बताया। साथी विश्वविद्यालय की संविदा कर्मी सुश्री संध्या गोस्वामी ने विश्वविद्यालय कि अब तक की यात्रा को एक सुखद व प्रगतिशील बताते हुए हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के, तीनों पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर,महु तथा रीवा एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रध्यापकों द्वारा लिखित पुस्तकों पुस्तकों का व न्यूज लेटर का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। गौरतलब है इस विश्वविद्यालय की नींव 2009 में रखी गई थी उसके बाद स्वतंत्र रूप से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने नए आयाम हासिल किए हैं।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी डा. जीपी लखानी ,डॉ मधु स्वामी, डॉ सुनील नायक, डॉ शशिकांत महाजन अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, डॉ ए पी सिंह अधिष्ठाता रीवा वेटरनरी कॉलेज, डॉ अप्रा शाही, डॉ शोभा जावरे, डॉ अंजू नायक, डॉ राखी वैश्य डॉ, एसके कारपोरेट, डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ मोहन सिंह ठाकुर, डॉ आर वी सिंह, डॉ घोष, डॉ बी रॉय, डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ रामकिकर मिश्र आदि सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापक गण, कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ पूनम शाक्य ने किया एवं आभार ज्ञापन अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा द्वारा दिया गया।

# सफाई की व्यवस्था से समझौता नहीं : निगमायुक्त

**4 संभागों में 517 सफाई संरक्षक स्वीकृत**

जबलपुर।



शहर की सफाई व्यवस्था और बेहतर हो , इसके लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार लगातार जमीनी स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। उनके द्वारा प्रतिदिन सफाई अमले के साथ सफाई ठेकेदारों को प्लानिंग बताई जा रही है कि स्वच्छता में कैसे अपने को बेहतर प्रदर्शन करना है।

सोमवार को फिर सुबह 9 बजे से निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों के साथ सफाई ठेकेदारों की बैठक ली और कार्ययोजना से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि संभाग क्रमांक एक से चार तक में सफाई की जो समस्याएं चल रही थीं वो समाप्त हो गई है। नगर निगम द्वारा इसके लिए 517सफाई संरक्षकों की स्वीकृति प्रदान कर काम पर लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि संभाग क्रमांक एक में नर्मदा साईं सेवा समिति को 180 श्रमिक, दो में मां नर्मदा सेवा संरक्षक समिति को 120 , तीन और चार में अल्ट्रा क्लीन एंड केयर समिति को 217 सफाई संरक्षक स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा गौरीघाट, तिलवारा, हनुमानताल, सब्जी मंडी, एवं श्मशान घाटों और तालाबों के आस पास सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने अलग से टीम लगाई गई है।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने यह भी बताया कि जिन वार्डों में सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित हुई है, उन वार्डों में डीप क्लिनिंग कराने विशेष फोकस कर अभियान चलाएं।

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को दो टूक शब्दों में कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सफाई व्यवस्था संबंधी बैठक के उपरांत राजस्व वसूली की समीक्षा भी निगमायुक्त ने की और वसूली अभियान को गति देने संभागवार शिविर लगाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, वी एन बाजपेई, प्रशांत गोटियां, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री जी एस मरावी, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, पोला राव, धर्मेंद्र राज आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची का सत्यापन आज से

## गणना पत्रक लेकर घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रारंभ की जा रही प्रक्रिया के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता. आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और वोटर आईडी कार्ड नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके।यह ध्यान देने योग्य है कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ माँगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे। नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ।

**अभियान में नागरिकों से सहयोग की अपील**



# रामपुर से गौरीघाट तक अतिक्रमण हटाये गए

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार रामपुर से गौरीघाट तक अतिक्रमण हटाने की रिपीट कार्रवाई की गयी। इससे सड़क साफ, सुन्दर और स्वच्छ दिखाई दी। इस संबंध में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि माँ नर्मदा का दर्शन अब नागरिकों के लिए और आसान हो जायेगा, क्योंकि यहाँ नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़क किनारे दुकान लगाकर यातायात प्रभावित न करने की समझाईश भी दी जा रही है। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह एवं अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि सोमवार को रामपुर से गौरीघाट तक एवं बिलहरी से तिलहरी तक स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये गए। सड़क किनारे जमे चाय पान के टपरों को भी जप्त करने की कार्रवाई के साथ-साथ विद्युत पोलों और सड़क किनारे की जालियों में लगे पुराने फटे बैनर पोस्टर को भी निकालने की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान मौके पर सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश भदौरिया और दलप्रभारी लक्ष्मण कोरी, बृजकिशोर तिवारी, जे. प्रवीण, अभिषेक समुद्रे, अंकित पारस, कुलदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# प्रकरण का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें

जबलपुर।

**कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे।**



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकता से जुड़े विषयों से संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम गैरीसन ग्राउंड में प्रस्तावित है, जिसमें संभाग के सभी जिलों के लोग आयेंगे। इस गरिमामय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण की सूची जल्दी ही सुनिश्चित की जाये, ताकि उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित की जा सके। इसके अलावा पीडीएस दुकानों के हेंडओव्हर व उन्हें संचालित करने के संबंध में चर्चा भी की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि इसके लिए एसएसजी की महिलाओं की ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान खाद्यान्न वितरण, दुकानों के सत्यापन, संबल प्रकरणों के अपील के निराकरण, समग्र ई-केवायसी, कोदो-कुटकी पंजीयन, ई-टोकन, पीएम स्वनिधि व स्वरोजगार योजनाएं, छात्रावासों के निरीक्षण व सड़क सुधार से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा कर कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने समग्र ई-केवायसी में प्रगति लाने के लिए जनपद व नगरीय निकायवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसे अभियान चलाकर करें। इसी प्रकार कोदो-कुटकी पंजीयन में भी अभियान चलाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों के सत्यापन प्राथमिकता से करें। पेयजल आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के कार्य में प्रगति लायें तथा इस कार्य में आ रही बाधाओं को संबंधित अधिकारी मिलकर सुलझायें। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान विभागवार लंबित पत्रों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। साथ ही सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण भी तत्परता से करें।

▸ 1999 के बाद से जिला आन्दोलन की मशाल लगातार जल रही है

▸ 6 दिसम्बर से चालू होने वाले अन्न जल त्याग सत्याग्रह में दिख सकती है अन्ना आन्दोलन की झलक

# 26 साल पहले आज ही के दिन जिला बनाने की मांग कर रहे आन्दोलनकारियों पर प्रशासन ने बरसाईं थी लाठियां

**सिहोरा।** 4 नवम्बर 1999 सिहोरा के इतिहास का वो काला दिन है जिस दिन शासन प्रशासन की दमनकारी निति के चलते सिहोरा को जिला बनाने की मांग कर रहे लोगों को पुलिस की लाठियों का शिकार होना पड़ा था। सिहोरा को उसका वाजिब हक दिलाने की मांग करने वालों में से अनेक लोग काल कवलित हो गये। किन्तु सत्ता की लोलुपता के कारण सिहोरा वास्तविक हक एंव अपने सम्मान के लिए सत्याग्रह करने विवश हैं। सबसे बड़ी बात यह है की जिला आन्दोलन की मशाल तभी से लगातार जल ही रही है ।

### चार दशक पुरानी मांग फिर भी अधूरी

लगभग एक हजार ग्रामों वाली सबसे बड़ी तहसील का दर्जा प्राप्त सिहोरा को जिला बनाने की मांग सर्वप्रथम 1989 में शोलों से मत टकराओ सिहोरा को जिला बनाओ से शुरु हुआ लेकिन उस समय समर्थन न मिलने के कारण आन्दोलन वाल पेन्टिग तक सिमित रह गया। तत्पश्चात कटनी जिले के गठन के लिए सिहोरा तहसील के विखण्डन का सर्वाधिक विरोध सिहोरा विकास संघर्ष समिति के वैनर तले स्व.ठाकुर दास जानवानी जानी बाबा के नेतृत्व मे लम्बे समय तक किया गया। सिहोरा को अवनति की गर्त में धकेलते हुऐ 1998 में कटनी को जिला बनाकर उसे विकास के रथ पर सवार कर देने से सिहोरा व्यापारिक प्रशासनिक राजनैतिक रुप से पिछड़ता चला गया। परिणामस्वरुप संयुक्त अभियान समिति के बैनर तले लगातार दो माह तक समाजिक,व्यापारिक, धार्मिक, राजनैतिक संगठनों के साथ साथ छात्रों अधिवक्ताओं आदि ने क्रमिक अनशन,सिहोरा बन्द,चक्काजाम जैसे अनेक आन्दोलन किये गये।




### 4 नवंबर को धू-धू कर जल उठा था सिहोरा

जनता जनार्दन के बढ़ते आक्रोश को दबाने शासन प्रशासन ने सैकड़ों आन्दोलन कारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया जिसमें दर्जनों लोग गंभीर रुप से घायल हुए और इस कार्यवाही से सिहोरा सुलग उठा जगह जगह आगजनी की घटना के बाद अनेक लोगों को प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया।लगातार एक सप्ताह तक सिहोरा बंद की जिन्दगी को वापस पटरी पर लाने प्रशाशन के नुमाईन्दो सहित जनप्रतिनिधियों को सड़कों पर उतरना पडा.था। उक्त उग्र आन्दोलन ने जहां अनेक लोगों की नेतागिरी पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया तो कुछ लोगों को नेता भी बना दिया। फिर भी बहुत से लोगों ने जन्मभूमि के प्रति अपना फ़र्ज़ नहीं निभाया।

### हाथ आया केवल आश्वासनों का झुनझुना

विगत 26 वर्षों में सिहोरा को जिला बनाने के संदर्भ में आश्वासनों की लम्बी फेहरिस्त जारी की गई है। विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री समय समय पर आश्वासनों का झुनझुना नगर वासियों को थमाकर पर अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करते रहे।जिला बनाये जाने की सारी औपचारिकता पूर्ण होने के बाद भी जिला न बनवा पाने में सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं के व्यक्तिगत स्वार्थ,राजनैतिक मजबूरी भी इस मांग पर भारी पड़ रही हैं जिसके चलते वे चाहकर भी इसका खुलकर समर्थन करने से कतरा रहे हैं।

### अन्न जल त्याग सत्याग्रह से मिलेगी आन्दोलन को नई दिशा

सिहोरा जिला के लिए स्वच्छ छवि रखने के साथ सभी बड़े धार्मिक आयोजनों का नगर में शुभारंभ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक सिहोरा के प्रमोद साहू द्वारा शौर्य दिवस 6 दिसम्बर से की गई अन्न जल त्याग की घोषणा से इस जिला आन्दोलन को नई दिशा और ऊर्जा तो मिलेगी ही साथ ही सिहोरा विकास संघर्ष समिति,संयुक्त अभियान समिति के बाद 3 अक्टूबर 2021 से आन्दोलन की कमान सम्हाल रही लक्ष्य जिला आन्दोलन समिति के पदाधिकारियो एंव आमजन के साथ साथ युवा वर्ग के भी बड़े पैमाने पर उनके समर्थन में साथ आ जाने से इसमें अन्ना हजारे के आन्दोलन की झलक भी देखने को मिल सकती है साथ ही आगामी चुनावों में भी ऐसे नेताओं के प्रति आमजन की नाराज़गी भी स्पष्ट देखने को मिल सकती है जो जनभावना से जुड़ी इस मांग से या तो अभी तक दूरी बनाए हुए हैं या खुद कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।

## खाद की सहज और समय पर उपलब्धता के फलस्वरूप किसानों को पसंद आने लगी है ई-टोकन प्रणाली

**जबलपुर।** जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली से किसानों को खाद की उपलब्धता आसान हो गई है। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिये अब घन्टों लाइन में नहीं लगना पड़ता। डबल लॉक केंद्र पहुंचते ही आवश्यकता के अनुरूप खाद मिल जाने से किसान न केवल इस व्यवस्था को पसंद करने लगे हैं और बल्कि अन्य किसानों को ई-टोकन प्रणाली को अपनाने के लिये प्रेरित भी कर रहे हैं। उर्वरक वितरण की इस नई व्यवस्था के बारे में किसानों से फीडबैक लेने आज सोमवार को उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम, सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस के परतेती ने डबल लॉक केंद्र शहपुरा और पाटन का भ्रमण किया तथा ई-टोकन के माध्यम से खाद लेने आये किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसानों ने इन अधिकारियों को बताया कि इस नई व्यवस्था से उन्हें सुविधाजनक तरीके से उर्वरक प्राप्त हो रहा है। जहाँ तक ई-टोकन जेनरेट की बात है तो इसकी पूरी प्रक्रिया में उन्हें लगभग 5 मिनट का समय लगता है। खाद प्राप्त करने के लिये बार-बार वितरण केंद्र के चक्कर लगाने के झंझट से भी मुक्ति मिली है। किसानों ने उर्वरक वितरण की ई-टोकन प्रणाली की सराहना करते हुये बताया कि इसके पहले पुरानी व्यवस्था में उन्हें टोकन प्राप्त करने में ही काफी समय लगता था और टोकन प्राप्त करने बाद भी डबल लॉक केंद्र में लाइनों में लगना पड़ता था। कृषि अधिकारियों को शहपुरा डबल लॉक केंद्र खाद लेने आये युवा कृषक आदि जैन ने बताया कि उनके पिता ने ग्राम छपरट में जमीन सिकमी पर ली है। वो अपने पिता के साथ इस जमीन पर खेती करने में हाथ बंटाता है। उन्होंने जिस किसान से जमीन सिकमी पर ली है, उसी किसान से ई-टोकन जेनरेट करवाया है और डबललॉक केंद्र जाकर ओटीपी के माध्यम से उर्वरक प्राप्त किया है। इस युवा कृषक ने बताया कि खाद प्राप्त करने में उसे किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं आई, उसे न तो लाइन में लगना पड़ा और न इंतजार करना पड़ा। उप संचालक कृषि डॉ निगम ने बताया कि उर्वरक की सहज और समय पर उपलब्धता को देखते हुये किसान भी उर्वरक वितरण की ई-टोकन प्रणाली को पसंद करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा को देखते हुये ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली के पोर्टल को अपडेट भी किया गया है। ई-टोकन जेनरेट करने में आने वाली कठिनाईयों का निराकरण करने के लिये पोर्टल पर कई नये विकल्प शामिल किये गये हैं।

# शासकीय महाविद्यालय में मप्र स्थापना दिवस पर हुए विविध आयोजन

**मझौली।** शासकीय महाविद्यालय, मझौली में शासन के निर्देशानुसार 1 से 3 नवम्बर 2025 तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. भजनलाल परधान, जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा एवं मुख्यवक्ता मथुरा प्रसाद मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों ने "विकसित मध्यप्रदेश – हमारा संकल्प" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।




मुख्यवक्ता मथुरा प्रसाद मिश्रा ने अपनी स्वरचित रचना "हमारा प्यारा मध्यप्रदेश" के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति, कला और विकास का सुंदर वर्णन किया। जनभागीदारी अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने मध्यप्रदेश को भारत का हृदय बताते हुए इसकी संस्कृति और प्रगति पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. भजनलाल परधान ने विद्यार्थियों से राज्य के विकास में सक्रिय योगदान देने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेणुका लारियाराज ने किया तथा अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। रंगीन झंडों, लाइटों और पोस्टरों से सजे परिसर में विद्यार्थियों की उत्साही सहभागिता से महाविद्यालय का वातावरण उत्सवमय बना रहा।

### एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आज

**सिहोरा।** समाजसेवी लालबहादुर पाठक द्वारा आज मंगलवार 4 नवम्बर को मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिहोरा द्वारा उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल भेजने,मंझगवा को तहसील बनाने के साथ कन्या शाला को हायर सेकंडरी तक करने, मंझगवा में ही उच्च शिक्षा हेतु कालेज की स्थापना करने,आई टी आई स्थापित करने,ग्राम पंचायत घाट सिमरिया में जीवन दायनी हिरन नदी पर घाट निर्माण करने,नगर पालिका द्वारा बढ़ाये गये सम्पत्ति कर को वापस लेने, गांव गांव बिक रही अवैध शराब बंद कराने सहित अनेक मांगों के लेकर पुराना बस में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा इस संबंध में उन्होंने सम्बंधित उच्चाधिकारियों को पहले ही अवगत करा दिया है।

## व्रतधारी महिलाएं कर रहीं पुण्य अर्जित

# श्री नरसिंह टेकरी में गूंज रही कार्तिक महात्म्य की कथा

**सिहोरा।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर श्री नरसिंह टेकरी खितौला स्थित मंदिर में इन दिनों कार्तिक महात्म्य की कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में व्रतधारी महिलाएं नित्य प्रति पहुंच रही हैं। भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय इस माह में धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है जिसके चलते महिलाएं पूरे भक्ति भाव से पूजा-पाठ और कथा श्रवण कर रही हैं।

### पुण्य लाभ और मोक्ष की कामना

मान्यता है कि कार्तिक मास में दान,स्नान और पूजा-पाठ करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और पापों से मुक्ति मिलती है।



पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं अपनी पत्नी सत्यभामा को बताया था कि पूर्व जन्म में उन्होंने कार्तिक मास में सूर्योदय से पहले स्नान कर तुलसी को दीपदान किया था जिसके पुण्य प्रभाव से ही वह श्रीकृष्ण की पत्नी बनीं। इसी भाव से प्रेरित होकर क्षेत्र की महिलाएं भी नित्य प्रति प्रातः 4 बजे नदी में स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा और तुलसी को दीपदान कर रही हैं। नरसिंह मंदिर के महंत श्री गोविंद दास जी महाराज, पुजारी बांके बिहारी दास, प्रेम नारायण तिवारी, अश्वनी उपाध्याय ने मिलकर कार्तिक मास के दौरान विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इनके प्रयासों से मंदिर में नित्य प्रति सुबह 7 बजे आचार्य गणेश प्रसाद मिश्रा के द्वारा कथा का वाचन हो रहा है।

## लखपति कैंपेन के अंतर्गत खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 12 से

**जबलपुर।** लखपति कैंपेन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए जिले में विकासखंड स्तर पर 12 नवम्बर से रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा। खंड स्तरीय रोजगार मेलों में निजि क्षेत्र की कंपनियों द्वारा पात्र एवं योग्य युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स ऑफिसर, मशीन ऑपरेटर जैसे पदों पर चयन किया जायेगा। रोजगार मेले सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाये जायेंगे। राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड स्तरीय रोजगार मेलों की शुरूआत 12 नवम्बर को पनागर विकासखंड से होगी। यहां जनपद पंचायत कार्यालय में रोजगार मेला लगाया जायेगा। इसी प्रकार 13 नवम्बर को मझौली विकासखंड में जनपद पंचायत कार्यालय मझौली, 14 नवम्बर को सिहोरा में जनपद पंचायत कार्यालय सिहोरा, 17 नवम्बर को कुंडम में जनपद पंचायत कार्यालय कुंडम, 18 नवम्बर को शहपुरा में जनपद पंचायत कार्यालय शहपुरा, 19 नवम्बर को पाटन में जनपद पंचायत कार्यालय पाटन तथा 20 नवम्बर को विकासखंड जबलपुर में ग्राम पंचायत सालीवाड़ा गौर में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इन रोजगार मेलों में 18 से 35 वर्ष की आयु के 10वीं या इससे अधिक पढ़े लिखे युवा अपने समस्त दस्तावेजों सहित भाग ले सकेंगे। रोजगार मेलों में चयनित एवं कार्य पर जाने वाले युवाओं के परिवार से स्व सहायता समूह के सदस्य को लखपति दीदी योजना में शामिल किया जायेगा।

## भारतीय खेल प्राधिकरण जबलपुर सेंटर में मेरा युवा भारत के द्वारा जनजागरण का दिया संदेश

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत हुई "एकता दौड़ एवं साइकिल रेस"

**जबलपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह (26 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025) के तहत मेरा युवा भारत, जबलपुर की ओर से रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण रानीताल परिसर में "एकता के लिए दौड़ एवं साइकिल रेस" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लेखापाल एवं कार्यक्रम सहायक मनीष चौहान के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमति दुर्गेश नंदिनी, प्रशासक, भारतीय खेल प्राधिकरण, जबलपुर ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य समाज में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा पारदर्शिता, ईमानदारी और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि खेल और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से सतर्कता एवं एकता का संदेश समाज तक अधिक प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया जा सकता है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर "एकता और ईमानदारी" का संदेश दिया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के समस्त स्टाफ, एवीएन प्रदूषण विभाग के अधिकारी संजय वर्मा, तथा अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन का संयोजन साहिल युवा मंडल, जबलपुर और पार्थ योजना खेल विभाग, जबलपुर की प्रतिनिधि निशा सिंह राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर "सतर्कता से ही प्रगति संभव" का संदेश देते हुए युवाओं ने भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

## मारपीट की वारदातों में 2 घायल

# बदमाशों ने चलाए कैंची व चाकू

**जबलपुर।** कोतवाली और बेलबाग थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर चाकू व कैंची से हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब बैंक कालोनी निवासी 21 वर्षीय अभिषेक अहिरवार उर्फ ठुल्ला देर रात लगभग 2.10 बजे अपने घर के सामने विपिन बेन से बात कर रहा था, तभी लक्की चौधरी अपने दोस्त अतुल चौधरी एवं 1 अन्य के साथ एक्सिस से उसके पास आया और उससे पीने के लिए पानी मांगा, उसने तीनों को पानी पिलाया तभी लक्की चौधरी उसे सिगरेट व चाय पीकर आने का कहते हुए ले गया और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रूपये की मांग करने लगा, मना करने पर तीनों गाली गलौज करते हुये मारपीट कर दी और लक्की चौधरी एवं अतुल चौधरी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार बेलबाग में लकड़गंज इमामबाड़ा निवासी 21 वर्षीय फरदीन उर्फ बग्गा अहमद गत रात लगभग 11.15 बजे फूटाताल से घमापुर जा रहा था, तभी लकड़गंज तिराहा के पास शिवा ठाकुर ने उसका रास्ता रोका और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा, मना करने पर मारपीट कर लोहे की कैंची से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 126(2), 296(बी), 118(1), 119(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नगर निगम आयुक्तों को बनाया अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से भेजे गये प्रस्ताव पर नगर निगम जबलपुर सहित प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों के आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नामित किया है। नगर निगम आयुक्तों को यह जिम्मेदारी नगरीय क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को गणना पत्रक उपलब्ध कराने, मतदाताओं से प्राप्त पत्रक का सत्यापन करने एवं सत्यापन के बाद अपलोड करने के कार्य के पर्यवेक्षण एवं संपादन के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए दी गई है। नगर निगमों के आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व केवल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि के लिए ही दिया गया है। इस दौरान वह निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जायेंगे।

# 2 सड़क दुर्घटनाओं में पांच घायल

**जबलपुर।** कटंगी और गोसलपुर थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना के मामले सामने आए है। कटंगी में कुसली तिराहा में रोड किनारे खड़े दो युवक व एक महिला को ईको कार ने टक्कर मार दी। वहीं गोसलपुर में एनएच 30 रोड पर एक लोडिंग आटो ने एक बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दोनों युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना कला पवई जिला पन्ना निवासी 35 वर्षीय किसान मुन्ना प्रजापति अपने छोटे भाई नीलेश प्रजापति, दोस्त अशोक कुमार और दूर की रिश्तेदार बहोरीबंद जिला कटनी निवासी माया बाई इलाज के इलाज के लिए जबलपुर आए थे। काम हो जाने के बाद बहोरीबंद के लिए निकल रहे थे। रात लगभग 9 बजे ग्राम कुसली तिराहे के पास रोड किनारे बाईक खड़ी कर नीलेश, अशोक और माया बाई आपस में बातचीत कर रहे थे तभी ईको कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 6498 के चालक ने तीनों को टक्कर मार दी। जिससे तीनों सड़क पर गिर गये और घायल हो गए। वहीं ईको कार चालक कटंगी तरफ भाग गया। तीनों घायलों को मुन्ना और उसके दोस्त फैजान ने उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया है। इसी तरह गोसलपुर में गत शाम नायरा पेट्रोल पंप के पहले एनएच 30 रोड गोसलपुर में एक लोडिंग आटो क्रमांक एमपी 20 एल ए 9588 ने एक बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार शहबाज और सोहनलाल दोनों बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी आटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ईको कार और लोडिंग आटो चालकों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्रीमती सरोज यादव**- बिलहरी निवासी श्री धर्मेंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज यादव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शक्ति सिंह ठाकुर**- बढ़ई मोहल्ला हरदौल मंदिर वाली गली गोविंद वल्लभ पंत वार्ड निवासी श्री नाहर सिंह ठाकुर के पुत्र श्री शक्ति सिंह ठाकुर (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील कुमार गुप्ता**- संत जलाराम बापू नगर बिलहरी निवासी श्री सुनील कुमार गुप्ता (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रत्तो बाई चौधरी**- कांचघर दुर्गा मंदिर के सामने निवासी श्री बच्चू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रत्तो बाई चौधरी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव**- मदर टेरेसा नगर जैन मंदिर के पास निवासी श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जय सिंह राजपूत**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री प्रेम सिंह राजपूत के पुत्र श्री जय सिंह राजपूत (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला चौरसिया**- घंटाघर के पास तिलक वार्ड निवासी श्री गणेश प्रसाद चौरसिया की




धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला चौरसिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल चौरसिया**- सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री छोटे लाल चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुंजी श्रीवास्तव**- सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री कुंजी श्रीवास्तव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ईश्वर दास**- करमेता निवासी श्री ईश्वर दास (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार सोंधिया**- पटेल मोहल्ला आमनपुर मदन महल निवासी श्री सिब्बू सोंधिया के पुत्र श्री श्री राजकुमार सोंधिया (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन लाल सेन**- व्हीकल मड़ई स्थित बिहारी मोहल्ला निवासी श्री लखन लाल सेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मीनाक्षी सिंह खंगार**- न्यू रामनगर अमखेरा निवासी श्री भागीरथ खंगार की धर्मपत्नी श्रीमती मीनाक्षी खंगार (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री अक्टूबर में 8 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की निर्यात सहित थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 5,18,170 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में उसने 4,79,707 वाहन बेचे थे। कुल घरेलू बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 3,14,148 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 3,03,831 इकाई थी।

### लीलैंड का वित्तपोषण के लिए पीएनबी से करार



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने सभी डीलर को वित्त विकल्प मुहैया कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ साझेदारी करने की सोमवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत बैंक मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन कंपनी के डीलर को प्रतिस्पर्धी वित्त

### टीसीपीएल के लाभ में 10.7 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने सोमवार को बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 10.7 प्रतिशत बढ़कर 406.51 करोड़ रुपये हो गया। इसमें मुख्य रूप से भारतीय कारोबार का विशेष योगदान रहा।

## अंतरिम सरकार ने कहा, समझौता रद्द करने संकोच नहीं किया जाएगा

# अनियमितता के मामले में अदाणी के साथ समझौते रद्द किए जा सकते हैं: बांग्लादेश

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि कोई अनियमितता या भ्रष्टाचार साबित होने पर भारत के अदाणी समूह के साथ मौजूदा बिजली समझौतों को रद्द करने में संकोच नहीं किया जाएगा। अदाणी पावर और बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता पिछले साल शेख हसीना नीत सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया था।

स्थानीय मीडिया ने ऊर्जा मामलों के सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान के हवाले से कहा, '' समझौतों में (सामान्यतः) यह कहा गया है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है लेकिन यदि इसके विपरीत साबित होता है तो इन्हें रद्द किया जा सकता है।'' राष्ट्रीय समीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत एक अंतरिम रिपोर्ट पर सलाहकार ने यह प्रतिक्रिया दी।

### समिति का गठन समीक्षा के लिए किया गया था

समिति का गठन हसीना शासन के दौरान बिजली क्षेत्र के समझौते की समीक्षा के लिए किया गया था। सलाहकार की टिप्पणियों पर अदाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है

*प्रमुख न्यायविद शाहदीन मलिक ने सरकार से विदेशी समझौतों को रद्द करने के जोखिमों पर विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विदेशी समझौतों को रद्द करने के कानूनी आधार मौजूद हैं और मामले को अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले जाने पर पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है।*

- अदाणी पावर व बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता हुआ था
- हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया
- अदाणी समूह की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं की गई




### 100 फीसदी बिजली बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी

चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि समिति ने अदाणी समूह के साथ बिजली खरीद सौदे पर भी एक अलग रिपोर्ट तैयार की है। इन 2017 के सौदे के तहत झारखंड में अदाणी पावर के गोड्डा बिजली संयंत्र को 25 वर्षों की अवधि के लिए कोयले से उत्पन्न 100 प्रतिशत बिजली की बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी।

*हसीना के समय अंतरिम रिपोर्ट सौंपी गई : उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मोइनुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय समीक्षा समिति ने हाल ही में हसीना शासन के दौरान हुए सौदों में कथित भ्रष्टाचार पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। समिति के जनवरी में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।*

*कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो सबूत मिलेंगे : सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने नाम उजागर किए बिना एक व्यक्ति के हवाले से कहा, '' हमारा मानना है कि जब अदाणी और भ्रष्टाचार में शामिल अदाणी से संबंधित कुछ अन्य कंपनियों के खिलाफ देश एवं विदेश में कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो आपको भ्रष्टाचार के मजबूत सबूत मिलेंगे।'*

### विदेशी कंपनियों के साथ कानूनी जटिलताएं शामिल

*समिति के एक सदस्य ने पत्रकारों से कहा कि विदेशी कंपनियों के साथ समझौतों में कानूनी जटिलताएं शामिल हैं, जिसके कारण अधिक जुर्माने से बचने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना उन्हें एकतरफा रूप से रद्द करना कठिन है।*

### बांग्लादेश ने जून में 43.7 करोड़ डॉलर का किया था भुगतान

*बांग्लादेश ने जून में अदाणी पावर को 43.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जिससे उसके बकाया में उल्लेखनीय कमी आई। इससे पहले, बांग्लादेश बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहा था जिसके कारण अदाणी को आपूर्ति कम करनी पड़ी थी।*

# जीएसटी सुधार, अच्छी मांग से अक्टूबर में विनिर्माण गतिविधियां मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- पीएमआई सूचकांक 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हुआ
- मांग ने नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, उत्पादकता में वृद्धि और प्रौद्योगिकी निवेश के दम पर भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अक्टूबर में मजबूत हुईं।

एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में तेजी से सुधार का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। भारत का विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में बढ़कर 59.2 हो गया जो पिछले महीने 57.7 था। मजबूत अंतिम मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया। मूल्य के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत में मामूली एवं धीमी वृद्धि हुई फिर भी मुद्रास्फीति की दर सितंबर के लगभग 12 वर्ष के उच्च स्तर के बराबर रही।

### कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई

भंडारी ने कहा, '' अक्टूबर में कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई जबकि औसत बिक्री कीमतों में वृद्धि हुई क्योंकि कुछ विनिर्माताओं ने अतिरिक्त लागत का बोझ अंतिम उपभोक्ताओं पर डाल दिया।'

### भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है

भंडारी ने कहा, '' भविष्य की ओर देखें तो जीएसटी सुधार और अच्छी मांग को लेकर सकारात्मक उम्मीदों से भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है।''एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

## अंबुजा सीमेंट्स के लाभ में चार गुना का इजाफा

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर चार गुना से अधिक होकर 2,302 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की इस कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 496 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के शुद्ध लाभ में 1,697 करोड़ रुपये का आयकर के लिए किए गए प्रावधान को 'पलटना' शामिल है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 7,552 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,174 करोड़ रुपये हो गई। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ विनोद बाहेती ने कहा, यह तिमाही सीमेंट उद्योग के लिए उल्लेखनीय रही है।

## ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स ने विभाजन किया पूरा

**मुंबई।** ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने सोमवार को घोषणा की कि उसके अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला कारोबार के साथ-साथ घरेलू कारोबार का विभाजन एक नवंबर से प्रभावी हो गया है। कंपनी ने कहा कि विभाजन के बाद, घरेलू एक्सप्रेस वितरण एवं परामर्शदात्री लॉजिस्टिक्स व्यवसायों को ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड में विलय कर दिया जाएगा। इससे बेहतर तालमेल और मूल्य सृजन के लिए परिचालन को संरेखित किया जाएगा। इस व्यवस्था योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ से 10 अक्टूबर को मंजूरी मिल गई थी।

## ओमेक्स ने हरमनप्रीत को बनाया ब्रांड एम्बैसडर



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी ओमैक्स लिमिटेड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर 52 रनों की जीत के साथ पहला आईसीसी महिला विश्व कप खिताब रविवार को अपने नाम किया था। रियल एस्टेट कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि ओमेक्स ने कौर को कंपनी का ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। ओमेक्स ने कहा कि हरमनप्रीत कौर के साथ कंपनी की साझेदारी खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा ऐसे बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के उसके दृष्टिकोण को मजबूत करती है.. जो एथलीट के लिए उचित हो। हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'मुझे ब्रांड एम्बैसडर के रूप में ओमेक्स के साथ जुड़ने और एक ऐसी कंपनी के साथ आने से खुशी है जो युवाओं को सशक्त बनाने व समुदायों को मजबूत करने का काम करती है..।'

## सुरक्षित निवेश की मांग घटने से सोना 300 रुपए टूटा, चांदी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1,25,300 रुपए 10 ग्राम रहा
- चांदी 1000 रुपए बढ़कर 1,54,000 रुपए प्रति किलो

मजबूत डॉलर और कम होती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय दिल्ली सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को यह 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी शुक्रवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया, जिससे सराफा कीमतों पर दबाव पड़ा।

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,000 डॉलर से नीचे 3,996.77 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि हाजिर चांदी मामूली गिरावट के साथ 48.64 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## बाजार में दो दिन की गिरावट थमी; सेंसेक्स 40 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निफ्टी 25,700 अंक के पार
- वाहन और बैंक शेयरों में रही खरीदी

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में करीब 40 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के ऊपर बंद हुआ। चुनिंदा वाहन और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक की बढ़त के साथ 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 84,127 अंक तक गया तथा नीचे में 83,609.54 अंक तक आया। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 14 लाभ में रहे। निफ्टी 41.25 अंक की मामूली बढ़त के साथ 25,763.35 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, नए घरेलू संकेतों के अभाव और विदेशी पूंजी निकासी के कारण उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक लाभ में रही। अक्टूबर के बिक्री आंकड़ों के बाद कंपनी का शेयर 1.7 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) में 1.69 प्रतिशत की तेजी आई। इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई।

**म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि., भोपाल**
Please visit our Website : www.mpsfdc.com
Ph. : RGM Jabalpur-0761-4017345, CIN : U02001MP1975SGC001341

**सर्वसाधारण के सूचनार्थ वनोपज परिवहन सूचना 2025-26**

म.प्र. राज्य वन विकास निगम के उमरिया परियोजना मंडल के परिवहन समूहों से इमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टे एवं बांस के विभिन्न स्थाई काष्ठागारों/अस्थाई काष्ठागारों में/ट्रक/ट्रेक्टर से परिवहन हेतु, प्रत्येक समूह के लिये, निर्धारित फार्म में पृथक-पृथक सीलबंद एकल दिवस निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है:-

| निविदाओं का दौर | निविदा जमा करने की तिथि/समय | | संबंधित क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में खोलने की तिथि/समय |
|---|---|---|---|
| | संभागीय प्रबंधक कार्यालय में | क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में | |
| चतुर्थ | दिनांक 06.11.2025 4 बजे सायं तक | दिनांक 07.11.2025 2 बजे दोपहर तक | दिनांक 07.11.2025 3 बजे दोपहर |

नोटः-(1) सत्यंकार राशि के रूप में राशि रु. 3000/-(रु. तीन हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो, एवं संभागीय प्रबंधक के पक्ष में उनके मुख्यालय की स्थानीय बैंक में देय हो। (2) निर्धारित फार्म संबंधित संभागीय प्रबंधक कार्यालय में रु. 100/- जमा करने पर दिनांक 04.11.2025 से किसी भी कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। (3) विस्तृत निविदा जिन शर्तों के तहत मान्य होगी उनका उल्लेख निविदा फार्म में है और उन शर्तों की पूर्ति न किये जाने की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं किये जाने का अधिकार संबंधित संभागीय प्रबंधक को होगा। (4) वनोपज की परिवहन अवधि 31 मार्च, 2026 तक रहेगी एवं ठेका अवधि 30 अप्रैल, 2026 तक रहेगी। (5) दिनांक 07.11.2025 को चतुर्थ दौर निविदा के खुलने के पश्चात् उसी दिन अवशेष समूहों का नीलाम द्वारा निर्वर्तन किया जावेगा।

म.प्र.माध्यम/122817/2025 — प्रबंध संचालक

**LIC HFL — एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

**त्रुटि संशोधन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाताहै कि एल आई सी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के ई नीलामी बिक्री सूचना में दिनांक 2 नवंबर 2025 में प्रॉपर्टी 1 एवं 2 में भौतिक कब्जा दिनांक (पी) प्रकाशित हो गया है जिसकी जगह कब्जा सूचना दिनांक (एस) पड़ा जावे।
शेष यथावत

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

**Guru Ramdas Khalsa Institute Of Science And Technology (approved By Aicte New Delhi Affiliated To Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya Bhopal) Kukri Kheda, Barela, Jabalpur M.P. 483001 Phone No: 8226006223, 9479757781**

**NOTIFICATION FOR FACULTY RECRUITMENT**

Guru Ramdas Khalsa institute of science and technology invites applications for the post of professors, associate professors, assistant professors and lecturers for Diploma, Engineering in the following discipline:
Artificial Intelligence And Data Science (AI&DS), Civil Engineering, Mechanical Engineering, Agriculture Engineering, Computer Science & Engineering, Electrical & Electronics Engineering, Electronics & Communication Engineering, Biotechnology, Automobile Engineering, Dairy Engineering, Fire Technology And Safety, Refrigeration And Air Conditioning And Master Of Engineering (Thermal System & Design).

**Qualification and salary as per UGC/AICTE norms Candidate can submit their resume along with copies of certificate to directorgrkist@gmail.com**

**Can Fin Homes Ltd** (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS + DEPOSITS Translating Dreams into Reality
**केनफिन होम्स लिमिटेड**
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 –4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**
**सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (54 का 2002) के तहत धारा 13(2)**

सेवा में,
**सभी कानूनी उत्तराधिकारी स्व. लखन सिंह बनाफर (ऋणी)**
**श्रीमती बबिता बनाफर पत्नि स्व. लखन सिंह बनाफर (सहऋणी)**
पता : क्वाटर नं.6, पुलिस थाना लार्ड गंज, जवाहर गंज वार्ड जबलपुर (म.प्र.) 472001
आपने और स्व. लखन सिंह बनाफर ने अपनी निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को गिरवी रखकर हमारी शाखा से आवास ऋण लिया है। अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज सहित तक कैन फिन होम्स लिमिटेड को आपकी ओर से दिनांक **03-11-2025** को ₹ **8,88,463.00/- (रुपये आठ लाख अट्ठासी हजार चौर सौ तिरेसठ मात्र)** की राशि देय है।

**बंधक संपत्ति का विवरण**
**संपत्ति स्थित खसरा नं. 255/1 का भाग म्यूटेशन के पश्चात खसरा नं. 255/47, एनबी नं. 4/6, प.ह.नं. 22/24, मौजा अमखेरा, आरएनएम महाराजपुर, ग्राम पंचायत- अमखेरा, तहसील आधारताल एवं जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश-482004, प्लाट क्षेत्रफल 840 वर्गफुट (78.06 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएं: उत्तर: 15 फुट साइड रोड, दक्षिण: खंडेलवाल की संपत्ति, पूर्व: ठाकुर साहब की संपत्ति, पश्चिम: लक्ष्मण प्रसाद की संपत्ति**
SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत आप नंबर 1 और 2 को पंजीकृत मांग नोटिस भेजा गया था, लेकिन इसे बिना तामील किए वापस कर दिया गया। अतः, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ता/ओं के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में ये नोटिस चिपकाए हैं। इसलिए यह पत्र प्रकाशन किया जा रहा है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं, इसलिए खाते को एनएचबी दिशानिर्देशों के अनुसार **29/10/2025** को गैर निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर से दिनांक **03/11/2025** से अनुबंधित ब्याज दर के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके अलावा, उधारकर्ताओं/जमानतदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उनके पास उपलब्ध समय के संबंध में है।

दिनांक : 03-11-2025 — (हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जबलपुर — केन फिन होम्स लि.

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला – जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- modgmjab@mp.gov.in
क्रमांक/1219/खनिज/2025 — दिनांक 31/10/2025
म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 – क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक वीरेन्द्र तिवारी पिता श्री काशीराम तिवारी पता – मंहगवॉं रोड़ तहसील पाटन जिला जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02/09/2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | पाटन | सहसन | 68 भाग | 3.00 | शासकीय भूमि | मुरूम | |
| | | | कुल रकवा | 3.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

खनि अधिकारी
जी-20977/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" — खनिज शाखा, जिला-जबलपुर (म. प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्र.-2 जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001 फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333. ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 27 वर्ष 2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-20** — जबलपुर दिनांक 31/10/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mpteders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB _460221_pack1 | बाबू राव परांजपे वार्ड के अंतर्गत गुरदीप-किशोर-विमला-लालजी-लक्ष्मण – सुदर्शन के मकान से रोशन के मकान तक एवं गिरिराज किशोर वार्ड के अंतर्गत बब्बू कुलिया – कैलाशपुरी एवं गुप्तेश्वर में सी. सी. मार्ग का निर्माण कार्य । गुप्तेश्वर वार्ड के अंतर्गत अमरसिंह टाल (विजय रूपराह के सामने) स्लैब कल्वर्ट का निर्माण कार्य एवं गिरिराज किशोर वार्ड के अंतर्गत अजय इलेक्ट्रिकल से मनोज रजक के मकान तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य (डिपॉजिट कार्य।) | प्रथम | 32.12 | 50000/- | 5000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2025_PWDRB _460222_pack1 | शंकर शाह नगर वार्ड के अंतर्गत अवंति विहार रेसीडेंसी वेलफेयर सोसायटी में सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य एवं गुप्तेश्वर वार्ड के अंतर्गत कृपाल चौक से खेरमाई मंदिर तक बी. टी. नवीनीकरण का कार्य एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत माण्डवा बस्ती कम्युनिटी हॉल में ह्यूम पाईप कल्वर्ट का निर्माण कार्य । (डिपॉजिट कार्य ।) | प्रथम | 17.75 | 24000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2025_PWDRB _460224_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में रखरखाव कार्य, पॉट होल्स मरम्मत, पेंच वर्क, कल्वर्ट रिपेयर इत्यादि का कार्य । | प्रथम | 18.50 | 37000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2025_PWDRB _460225_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 के जबलपुर के अंतर्गत महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित आवासीय भवन एवं अन्य भवनों में रिपेयरिंग एवं रेनोवेशन का कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2025_PWDRB _460226_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 के जबलपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों में रिपेयर एवं रेनोवेशन का कार्य । | प्रथम | 19.50 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

(1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 17/11/2025 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
G-20978/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग क्रं. -2, जबलपुर

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORK DIVISION, SANGAMNER**

**E-TENDER NOTICE NO.23 FOR 2025-2026**

E-Tenders in B-1 Form for the following works invited by Executive Engineer Public Works Division, Sangamner Phone No. (02425-225335) From Government Registered Contractor's Only. in appropriate Class with Government of Maharashtra.
Tender document download on our website https://mahatenders.gov.in Right of rejection of E-Tender / cancellation of E-Tender reservel by The Executive Engineer P.W.Division, Sangamner * Conditional Tender Will not accepted.

| Work No. | Name of Work | Estimated Cost put to tender | Earnest Money | Cost of Tender Form | Registr-ation class of contractor | Time stipulated for completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deveopment of Green Road for Cattle Feed Factory At Taluka krushi Utpanna Bajar Samiti Rahata Tal.Rahata Dist.Ahilyanagar | 15105876 | 150000 | 2360 | Capable and Eligible Registered or Unregistered Contractor | 12 Months (Including mansoon) |
| 2 | Improvement to Sugaon Kh to Kumbhefel to Kalas Road (VR-331) Tal.Akole Dist.Ahilyanagar | 15125973 | 150000 | 2360 | Capable and Eligible Registered or Unregistered Contractor | 12 Months (Including mansoon) |
| 3 | Development of Dr. Babasaheb Ambedkar Statue Premises at New Survey No.28 pf P;d Sirvuey No.328 in Town Planing 1203 Tal.Shriramur Dist.Ahilyanagar | 1445000 | 115000 | 1180 | Class IV and above | 12 Months (Including mansoon) |

**TENDER SCHEDULE**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Downloading | :- | Date 04.11.2025 to 11.11.2025 |
| 2 | Date of Pre-bid meeting | | Sr.No.01 Works Dt.06.11.2025 In the Office of the Superintending Engineer P.W.Circle Ahilyanagar At. 12.00 AM or as Possible |
| 3 | Envelope Opening | :- | Date: 13.11.2025 In the Office of the Superintending Engineer P.W.Circle Ahilyanagar At. 11.00 AM or as Possible |
| 4 | Date of Submistion for Sealed Envolope of Hard Copy of E- Tender Document | :- | In the office of the Executive Engineer Public Works Division Sangamner on or before Date 13.11.2025 up to 17.00 hrs, |

सविस्तर निविदा सुचना व निविदेबाबतची इतर माहिती खालील संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.
The Details of works Provided in the websites as below.
1. www.mahapwd.com 2. https://mahatenders.gov.in
१. सदर कामाच्या सर्व किंवा एक निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द करण्या/चे अधिकार सक्षम अधिकारी यांनी राखुन ठेवलेले आहेत.

Executive Engineer
आरओसी-2025-25/क्र.-5/C३७३९ — Public Work Division, Sangamenr

चिंतन

# जीत के पीछे तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता

यह कहावत पूरी तरह से सच है कि कामयाबी के पीछे तपस्या, यानी कड़ी मेहनत, समर्पण व दृढ़ता होती है। सफलता आसानी से नहीं मिलती, बल्कि इसके लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही योजना, लगातार प्रयास और असफलताओं से सीखने की ज़रूरत होती है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाना ज़रूरी है। यही किया है भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम ने 52 साल बाद विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की लड़कियों ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराया। ये वो टीम है, जिसके हर खिलाड़ी की कहानी प्रेरणा देती है। किसी के माता-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटी को क्रिकेटर बनाया है तो किसी के पैरेंट्स सरकारी जॉब में रहे हैं। किसी के पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं तो किसी के घरवाले सब्जी बेचते रहे हैं, लेकिन इन बेटियों ने अपने खुद के हौसले के दम पर नई उड़ान भरी है। फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली वर्मा रोहतक की रहने वाली हैं। इनके पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं और मां गृहणी हैं। रेणुका सिंह की मां दर्जा चार की कर्मचारी हैं। राधा यादव के पिता सब्जी बेचते हैं। उमा छेदी के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब इनकी लाड़लियों ने अपने जज्बे से नया इतिहास लिख दिया है। विश्व चैंपियन बनने के पीछे केवल खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि माहौल और सुविधाओं का भी अहम योगदान रहा है, जो बीसीसीआई ने उन्हें उपलब्ध करवाईं। वो समय था जब भारत का महिला क्रिकेट इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज से बहुत पीछे था, लेकिन विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद हालात बदल गए। जय शाह से पहले सभी बीसीसीआई अध्यक्ष इसे शुरू करने का प्लान ही बनाते रह गए, शाह ने इसकी शुरुआत 2023 में कर दी। ऐसे प्लेटफॉर्म पर युवा और घरेलू प्लेयर्स को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं, प्लेयर्स एक महीने तक इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग, बेहतर कोच और प्रेशर सिचुएशन का सामना करने लगीं, जिसका फायदा इंडिया विमेंस टीम को भी मिला। इन्हीं मुकाबलों से टीम इंडिया को यास्तिका भाटिया, श्रेयांका पाटील, अमनजोत कौर, श्री चरणी, क्रांति गौड़ जैसी युवा और आक्रामक प्लेयर्स मिलीं। यास्तिका और श्रेयांका इंजरी के कारण वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन बाकी प्लेयर्स ने भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इस जीत के पीछे टीम के कोच का भी अहम रोल रहा। विश्व कप जीत के बाद जैसे ही हेड कोच अमोल मजूमदार सामने आए, वैसे ही हरमनप्रीत ने दोनों हाथों से उनके पैर छुए। जो बताता है कि टीम को इस मुकाम तक पहुचाने में उनका कितना योगदान रहा है। वैसे भी अनेक खिलाड़ियों ने भी इस विश्व कप को अमोल मजूमदार द्वारा बनाई गई रणनीति की ही जीत बताया है। हालात जो भी हों भारत की बेटियों ने 2 नवंबर 2025 के दिन को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया है। भारतीय महिला टीम ने वो कारनामा किया जो 1983 में कपिल देव की टीम ने किया था। किसी ने भी मुकाबले की शुरूआत में नहीं सोचा था कि टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनेगी, लेकिन हमारी बेटियों ने आखिरकार वह कर दिखाया। जिससे पूरा देश गौरवान्वित और सम्मानित मसूस कर रहा है।

# स्त्री क्रिकेट का अविस्मरणीय समय



विजेता
विकेश कुमार बडोला

> भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष मिली है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लेबाजी की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें खर्च करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में ऐस दबाव से बचा जाना चाहिए।

यह पहली बार है जब भारतीय स्त्रियों ने क्रिकेट की विश्व-प्रतियोगिता में उल्लेखनीय विजय प्राप्त की है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में 2 नवंबर को खेली गई वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता स्त्री-क्रिकेट के दृष्टिकोण से एक विहंगम प्रतियोगिता थी। विश्व में जब से स्त्री-क्रिकेट का प्रारंभ हुआ है तब से लेकर रविवार तक कभी भी महिलाओं की क्रिकेट प्रतिस्पर्द्धा देखने स्टेडियम में इतनी अधिक संख्या में दर्शक एकत्रित नहीं हुए। पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इतना ही नहीं, जियो हॉटस्टार पर उक्त प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण विजयी क्षण तक विश्वभर के 30 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। रविवार को ही स्त्री-क्रिकेट की इस निर्णायक प्रतियोगिता के आरंभ होने से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के होबॉर्ट में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य टी-20 की एक पुरुष-क्रिकेट प्रतियोगिता भी खेली गई थी। हालांकि इस प्रतिस्पर्द्धा में भी भारत की विजय हुई, किंतु जियो हॉटस्टार पर इसकी प्रसारणावधि में इसे देखने वाले मात्र 16 करोड़ दर्शक ही थे। अब जब स्त्री-क्रिकेट में भारत विश्वविजेता बन चुका है तथा स्त्रियों की क्रिकेट क्रीड़ा देखने प्रत्यक्ष रूप में स्टेडियम पर व अप्रत्यक्ष रूप में सजीव प्रसारण मंचों पर देशी-विदेशी दर्शकों की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है, तो विश्वविजयी प्रतियोगिता में भारतीय स्त्रियों के सामूहिक एवं व्यक्तिगत योगदान पर विचार-विमर्श अनिवार्य हो जाता है।

चिरप्रतीक्षित स्त्री विश्व क्रिकेट की अंतिम व निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा निर्धारित समय पर आरंभ नहीं हो सकी थी। दक्षिण भारत में परिव्याप्त मोंथा चक्रवात के प्रभाव में महाराष्ट्र भी था और प्रतियोगिता आरंभ होने से ठीक पूर्व नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम पर भी वर्षा होने लगी थी। इस कारणवश प्रतियोगिता विलंब से आरंभ हुई। यह आनंद का समाचार था कि प्रतियोगिता में दोनों प्रतियोगी दल निर्धारित पचास-पचास ओवर की ही क्रीड़ा करेंगे। टॉस दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड ने जीता और पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारतीय टीम ने हालांकि संतुलित और धैर्यपूर्ण ढंग से बल्लेबाजी आरंभ की और भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमशः 87 व 45 रन बनाए। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती रही भारतीयों द्वारा छोटी-छोटी साझेदारियां बनती रही और नियमित अंतराल में बल्लेबाज आउट भी होती रहीं। इस निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई स्पर्द्धा में अग्र बल्ला प्रदर्शनकारी शतकधारी जेमिमा रोड्रिग्स और दल नायिका हरमनप्रीत कौर क्रमशः 24 व 20 रन बनाकर बाहर हो गईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा (58 गेंद पर 58 रन) ने पहले अमनजौत कौर (12) और फिर ऋचा घोष (26 गेंद पर 34 रन) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां करके भारत के रन 298 तक पहुंचाए। जहां भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा एवं ऋचा घोष ने कम गेंद खेलकर उपयोगी रन बनाए, वहीं हरमनप्रीत कौर एवं स्मृति मंधाना ने क्रमशः कप्तान व उप कप्तान के रूप में अधिक गेंदें व्यर्थ करके कम रन बनाए। इस कारण भारत की रन गति में होती रही एक नियमित वृद्धि बार-बार रुकती रही। यदि हरमनप्रीत एवं



स्मृति ने अपनी खेली हुई गेंदों के बराबर भी रन बनाए होते तो भारत के कुल रन अंक सवा तीन सौ के निकट होते। यदि भारत इस प्रतिस्पर्द्धा में पराजित होता तो पराजय के दो अग्रणी दोषियों के रूप में हरमनप्रीत एवं स्मृति तथा द्वितीयक दोषी के रूप में राधा यादव की गणना अवश्य होती।

भारतीय रन 298 को पार करने मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका टीम ने भी मजबूत बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अफ्रीकी दल नायिका लौरा वोल्वार्ड एवं ताजमिन ब्रिट्स ने उल्लेखनीय पारी खेलीं। लौरा ने प्रतिस्पर्द्धा के लगभग अंत तक संघर्ष किया कप्तान के रूप में अपेक्षित प्रदर्शन करते हुए 101 रन बनाए। शतक बनाने में उन्होंने सौ से कम गेंदें खेलीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स (23), सुने लुस (25) एवं एनेरी डर्कसन (35) ही दहाई के अंक में रन बना सकीं। गेंदबाजी में सर्वाधिक विकेट दीप्ति शर्मा ने लिए। उन्होंने 9.3 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके बाद शेफाल वर्मा ने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 महत्त्वपूर्ण विकेट लिए। भारत की ओर से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने हालांकि कोई विकेट नहीं लिया, किंतु उनकी गेंदबाजी ने सबसे कम रन दिए। उन्होंने 8 ओवर में मात्र 28 रन दिए। इसके बाद श्री चरणी भी अपने सातवें ओवर तक अति मितव्ययी गेंदें फेंक रही थीं। यदि उनके अंतिम दो ओवरों में एनेरी डर्कसन चौके-छक्के नहीं लगाती तो वे भी अपने कुल 9 ओवरों में 48 रन न देकर रेणुका के बराबर ही मितव्ययी होतीं। चरणी ने एक विकेट भी लिया। गेंदबाजी में अमनजोत कौर एवं राधा यादव का प्रदर्शन निराशाजनक था। क्रांति गौड मात्र 3 ओवर फेंक पाई, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए। पहले 87 रन बनाने और बाद में कम रन देकर 2 विकेट प्राप्त करनेवाली शेफाली वर्मा को निर्णायक प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ध्यान रहे कि भारतीय प्रथम बल्लाधारकों में से एक प्रतिका रावल के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उप-निर्णायक एवं निर्णायक प्रतियोगिता में ही शेफाली वर्मा को आपातिक स्थिति में भारतीय स्त्री क्रिकेट दल में सम्मिलित किया गया था। स्त्री क्रिकेट की इस विश्व प्रतियोगिता में पूरी श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दीप्ति शर्मा का चयन किया गया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार प्राप्त किया। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण तीनों ही स्तर पर उनके परिणामोन्मुखी प्रदर्शन ने उन्हें श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी होने का गौरव प्रदान किया। यदि विश्व प्रतियोगिता के निर्णायक संघर्ष में प्राप्त सफलता के सबसे बड़े कारण को देखें तो यह भारतीय दल का सामूहिक चहुंदिश प्रदर्शन था, इसमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण रहा क्षेत्ररक्षण। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत, स्मृति, अमनज्योत, जेमिमा एवं राधा ने यद्यपि अच्दा प्रदर्शन नहीं किया, किंतु क्षेत्ररक्षण में सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसी प्रकार गेंदबाजी में जहां अमनज्योत एवं राधा का प्रदर्शन विफलता का कारक हो सकता था, वहीं क्षेत्ररक्षण में दोनों का प्रदर्शन अति परिश्रमपूर्ण रहा। इसी दल भावना की शक्ति द्वारा अंततः भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष बाद प्राप्त हुई है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लाकारिता की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें व्यय करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में इससे बचा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

वायु प्रदूषण
डॉ. नीलू तिवारी



# भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगी हरित ऊर्जा


हाल ही में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विकास की कीमत प्रदूषण होनी चाहिए? क्या आधुनिक भारत प्रदूषण की छाया में ही आगे बढ़ेगा? इन्हीं सवालों का उत्तर खोजते हुए भारत ने एक नई दिशा अपनाई हरित ऊर्जा की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवम्बर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक "नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन" लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इसी दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया है। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया है। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं, भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

हरित ऊर्जा का एक और बड़ा अध्याय है इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि प्रदूषण घटे और विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो। पहले जहां पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा केवल 1.5 प्रतिशत थी, वहीं अब यह 12 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के गन्ना किसान अब अपनी फसलों से ईंधन तैयार कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महिला किसान बताती हैं कि इथेनॉल उत्पादन के लिए उनका गन्ना अब बड़ी कंपनियों को बेचा जाता है और उन्हें पहले से अधिक आमदनी हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि हरित ऊर्जा ग्रामीण भारत में भी आर्थिक क्रांति ला रही है। अगर किसानों की बात करें तो मोदी सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है। यह योजना सीधे किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। मोदी सरकार ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इथेनॉल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर यह सिद्ध किया है कि विकास और पर्यावरण साथ-साथ चल सकते हैं। भारत की यह पहल इस दृष्टि से भी प्रासंगिक है कि यह देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। इन उपायों से भारत स्वच्छ, आत्मनिर्भर और टिकाऊ ऊर्जा के भविष्य की ओर और तेज़ी से बढ़ सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफी देर हो गई थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## 'ऑल सोल्स डे'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रविवार को एक कब्रिस्तान में लोग अपने प्रियजनों की कब्रों पर मोमबत्तियां जलाकर 'ऑल सोल्स डे' मना रहे हैं, जिसे सभी दिवंगत विश्वासियों की स्मृति के रूप में भी जाना जाता है।

आज की पाती

### धन और अन्न शादियों में बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। गरीब अगर विवाह समारोहों में लाखों खर्चा करने लग पड़ेगा तो वो सारी जिंदगी गरीबी की दलदल में धंस जाएगा। *– विशेष अग्रवाल, रायगढ़*

ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सभी सदस्यों को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है।
**-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### तीन बंदर



आज इंडिया गठबंधन के तीन और बंदर आ गए हैं- पप्पू, टप्पू और अप्पू... पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसके बावजूद ये लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जनता इन पर भरोसा करेगी।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### ऐतिहासिक जीत



यह एक जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आए हैं। 60 मिलियन से ज्यादा लोगों ने मैच देखा, एक देश, एक इमोशन, एक जज्बा।
**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**


### अदम्य इच्छाशक्ति



भारतपुत्रियों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अविचल धैर्य और अविराम पुरुषार्थ से वह विजयगाथा अंकित की है, जो लंबे समय तक भारत की स्मृति में अक्षय कीर्तिलेख रूप में प्रतिष्ठित रहेगी।
**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**

करंट अफेयर

## हेगसेथ ने दक्षिण व उत्तर कोरिया का किया दौरा



अमेरिक के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के सीमा पर स्थित असैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा वार्ता के लिए अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा की भी शुरुआत की। हेगसेथ और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आहन ग्यू-बैक को निगरानी चौकी में सैन्य अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। यह चौकी सैन्य सीमांकन रेखा के पास है, जहां का दौरा अमेरिका के कई राष्ट्रपति कर चुके हैं जिनमें 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। हेगसेथ और बैक ने पनमुनजोम सीमावर्ती गांव का भी दौरा किया, जहां 1950-53 के कोरियाई युद्ध को रोकने के लिए एक युद्धविराम पर हस्ताक्षर किए गए थे। बैक के मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे ने मित्र देशों के बीच 'मज़बूत संयुक्त रक्षा रुख और घनिष्ठ समन्वय की पुष्टि की'। दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को बताया कि देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल जिन योंग-सुंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जनरल डैन केन ने प्योंगटेक में एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के ऊपर दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों के 'फ्लाईपास्ट' का निरीक्षण किया।

ऑफ बीट

## महिलाएं घर में 427 अरब डॉलर का अवैतनिक श्रम करती है



ऑस्ट्रेलिया में लोग खाना पकाने, घर की साफ-सफाई और परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्यों में हर साल हजारों घंटे बिता देते हैं, जो अर्थव्यवस्था को बांधे रखने वाला एक अहम सूत्र है। लेकिन उन्हें आधिकारिक आर्थिक आंकड़ों में कोई मान्यता नहीं दी जाती। नया अध्ययन अर्थव्यवस्था में इस अवैतनिक श्रम के योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसे 688 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास आंका गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है और इसमें अधिकांश योगदान महिलाओं का है। रोजाना औसतन 3 घंटे 56 मिनट घरेलू कामों में बीतते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाएं रोजाना औसतन 3 घंटे और 56 मिनट का समय अवैतनिक काम एवं देखभाल में बिता देती हैं, जो प्रति सप्ताह 771 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। वहीं, पुरुष अवैतनिक काम एवं देखभाल पर रोजाना औसतन 2 घंटे और 28 मिनट का समय खर्च करते हैं, जो प्रति सप्ताह 493 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। आबादी के हिसाब से देखें तो महिलाएं हर साल औसतन 427 .3 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर अवैतनिक श्रम करती हैं, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 261 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विकसित एवं आत्मनिर्भर मप्र का रोडमैप है विजन डॉक्यूमेंट

# वर्ष 2047 तक में प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'मध्यप्रदेश<\@>2047: विजन डॉक्युमेंट राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नागरिक जीवन की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का रोडमैप है।

विज़न डॉक्युमेंट में वर्ष 2047 तक प्रदेश को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपए, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के साथ संतुलित कर राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत<\@>2047' के विज़न से प्रेरित यह दृष्टिपत्र, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने का आधार बनेगा।

### वर्ष 2047 तक मप्र बनेगा 2.5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का प्रदेश

## जनभागीदारी से तैयार 'समृद्ध मप्र<\@>2047' दृष्टिपत्र



यह विजन डॉक्युमेंट राज्य की अब तक की सबसे बड़ी जनभागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से बनाया गया है। इसमें चार लाख से अधिक नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही है। राज्यभर में आयोजित जनसंवाद, निबंध प्रतियोगिताएँ, उद्योग जगत से परामर्श, शैक्षणिक सत्र और साइट इंस्पेक्शन से प्राप्त सुझावों को इसमें समाहित किया गया है। यह देश में अपनाई गई अनूठी प्रक्रिया है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि यह दस्तावेज़ केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि नागरिकों की आकांक्षाओं और राज्य की सामूहिक दृष्टि का प्रतिबिंब है।

### 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025': आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम

राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' घोषित किया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करना, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना और 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाना है। इसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार, स्टार्टअप प्रोत्साहन, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक आत्मा और आध्यात्मिक पहचान को भी सशक्त करना है। मध्यप्रदेश अपनी गौरवशाली विरासत, कला, संस्कृति और नर्मदा जैसी जीवनदायिनी परंपराओं के बल पर भारत के विकास में मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा।

## चार मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है विजन डॉक्यूमेंट

'समृद्ध मप्र<\@>2047' विजन डॉक्युमेंट चार प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांतों पर केन्द्रित है। इन चार सिद्धांतों ने इस दृष्टिपत्र को संतुलित, व्यापक और यथार्थवादी दिशा प्रदान की है, जिससे यह केवल एक योजना नहीं बल्कि राज्य के भविष्य का जीवंत संकल्प बन गया है। यह रोडमैप 6 प्रमुख पड़ाव अगली पीढ़ी की कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सतत औद्योगिक प्रगति, सेवा क्षेत्र का विस्तार, शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास, विश्वस्तरीय शिक्षा और कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं से विकसित मध्यप्रदेश का लक्ष्य हासिल करेगा।

- *आर्थिक विकास पर फोकस- राज्य की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाने, रोजगार सृजन और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने पर विशेष फोकस रखा गया है।*
- *क्षेत्रीय दृष्टिकोण और स्थानीय विशिष्टताओं का समावेश प्रदेश के विविध भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाई गई है।*
- *विकसित भारत<\@>2047 के राष्ट्रीय विज़न में योगदान पर ध्यान- मप्र को भारत की विकास यात्रा का प्रमुख भागीदार बनाना इस विजन डॉक्युमेंट का प्रमुख उद्देश्य है।*
- *सहभागी और समावेशी दृष्टि- यह दृष्टिपत्र नागरिकों, विशेषज्ञों, उद्योगों और प्रशासन के संयुक्त परामर्श से तैयार हुआ है, जिससे प्रत्येक हितधारक इस परिवर्तन यात्रा का भागीदार बने। इनके साथ दो महत्वपूर्ण कारक कुशल शासन एवं नागरिक सेवा प्रदाय व्यवस्था' और 'नवाचार युक्त वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश संवर्धन' को भी विजन डॉक्युमेंट में शामिल किया गया है।*

### सामूहिक प्रयासों से होगा 'समृद्ध मप्र' का सपना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों, युवाओं, उद्योगपतियों और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे इस दृष्टिपत्र को एक जन आंदोलन के रूप में अपनाएं। यह विजन डॉक्युमेंट हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में पहला ठोस कदम है। सामूहिक प्रयासों से हम 2047 तक एक ऐसे मप्र का निर्माण करेंगे जो आत्मनिर्भर, समृद्ध और विश्व में अग्रणी होगा।

---

### जुआ, सट्टा, शराब के खिलाफ चल रहा अभियान

## अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के आदेश पर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सट्टा एवं शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी दल्लीराजहरा निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जिले के राजहरा पुलिस को मिली मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने राजहरा वार्ड क्रमांक 18 स्थित दंतेश्वरी मंदिर के पास रहने वाले नोमेश कुमार रामटेके पिता भोला रामटेके (उम्र 29 वर्ष) के घर पर छापामार कार्रवाई की गई। जांच में आरोपी के कब्जे से एक सफेद-हरे रंग की थैली मिली, जिससे 54 पौवा देशी प्लेन शराब (रोमियो कंपनी) तथा दूसरी सफेद थैली जिसमें बुलबुल बैंगल्स एंड जनरल स्टोर्स लिखा था, से 46 पौवा देशी प्लेन शराब (शोले कंपनी) कुल 100 पौवा शराब जब्त की गई। जब्द की गई शराब की मात्रा 18 लीटर बल्क लिटर व अनुमानित कीमत 8000 रुपये बताई गई है। साथ ही आरोपी के पास से 200 रुपये की बिक्री रकम भी बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### लैलूंगा क्षेत्र का मामला, आरोपी पर केस दर्ज

## तेज रफ्तार ट्राले ने किसान की 4 गाय, 4 बकरी कुचलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में तेज रफ्तार हाईवा ट्रक की ठोकर से एक किसान की 4 गाय और 4 बकरी की दर्दनाक मौत हो गई। पीड़ित किसान की रिपोर्ट के बाद पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, महेश्वर यादव, निवासी ग्राम सोहनपूर ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। घर में बैल बकरी का भी पालन करता है। महेश्वर यादव ने बताया कि सुबह नौ बजे रोजाना की भांति बैल एवं बकरी को चराने गोडा तरफ लेकर गया था। जहां से शाम 5 बजे बैल और बकरी को वापस घर ले जाते समय जब वह मुख्य मार्ग में पहुंचा ही था। तभी लैलूंगा से घरघोडा तरफ जा रहे हाईवा ट्रक के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके बैल एवं बकरी को टक्कर मार दी। इस घटना में चार बकरी और चार गाय की मौके पर ही मौत हो गई। बहरहाल, हाईवा ट्रक की ठोकर से गाय और बकरी की मौत के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

---

### 56 विभागों की 1700 सेवाएं और योजनाएं एक ही डिजिटल विंडो पर होंगी उपलब्ध

# एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप की नई क्रांति का हुआ भव्य शुभारंभ

*मध्यप्रदेश ने सिद्ध किया 'डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस'*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध कराएगा।

'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दरसअल, प्रदेश को देश के डिजिटल गवर्नेंस एनेबल्ड राज्यों में अग्रणी बनाने वाले इस पोर्टल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है। इससे नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही डिजिटल ईको-सिस्टम में जोड़कर मप्र ने यह सिद्ध किया है कि डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस है।



फाइल फोटो

### नागरिकों के लिए एक पोर्टल, सभी सेवाएं एकीकृत

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत कर दिया गया है। अब इन सेवाओं के लिए अलग वेबसाइट पर लॉगइन करने और बार-बार दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक ई सेवा.एमपी.जीओवी.इन और मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड व आईओएस) के माध्यम से सभी सेवाओं के लिए पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस चैक करने के साथ ही अनुमोदन भी प्राप्त कर सकते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर सभी चरण आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से सुरक्षित हैं। इससे प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस और फेसलेस बन गई है।

### 'एमपी ई-सेवा' और 'समग्र पोर्टल' का एकीकरण

'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8-अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9-अंकीय सदस्य आईडी दी गई है। यह एकीकरण नागरिकों की ऑटो-वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे पात्रता की पहचान स्वतः ही हो जाती है और दोहराव अथवा देरी नहीं होती है। 'एमपी ई-सेवा' की प्रमुख विशेषता 'ऑटो-फेचिंग ऑफ़ डॉक्युमेंट्स' है, जिससे नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड नहीं करने पड़ते। एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज आगे की सभी सेवाओं में स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं।

### मप्र में डिजिटल ट्रैक रिकॉर्ड

सितम्बर 2025 में आई राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा - वितरण आकलन (एनईएसडीए वे फॉरवर्ड ) रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश ने 1752 ई-सेवाओं को मैप किया है और सभी 56 अनिवार्य विभागीय सेवाओं को एमपी ई-सेवा' पोर्टल में 100% इंटीग्रेट कर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य को 'सायबर तहसील' के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार और 'संपदा 2.0' के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार मिल चुके हैं।

### सुगम, सुरक्षित और नागरिक केंद्रित 'ऐप डिज़ाइन'

'एमपी ई-सेवा' पोर्टल का इंटरफ़ेस मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें बहुभाषीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही दिव्यांगजन के अनुप्रयोग को दृष्टिगत रखते हुए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोग आसान होगा। प्रारंभिक मूल्यांकन तौर पर इससे गवर्नेंस लागत में लगभग 40 प्रतिशत की कमी आएगी, साथ ही वर्ष भर में नागरिकों के 50 मिलियन घंटों की भी बचत होगी।

## वॉश ऑन व्हील सेवा से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र 70वें स्थापना दिवस पर वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, की इस अभिनव पहल से स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को नई दिशा मिलेगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत एव ग्रामीण विकास विभाग की ओर से शुरू की गई स्वच्छता साथी-वॉश ऑन व्हील सेवा एक ऐसी अनोखी पहल है जो प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल ऐप के माध्यम से व्यक्तिगत एव संस्थागत शौचालयों की साफ़-सफ़ाई की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराती है। यह एक ऐसा नवाचार है जो शौचालयों की साफ़-सफ़ाई के काम को एक आधुनिक समाधान प्रदान करता है। सबसे पहले यह नवाचार छिंदवाड़ा जिले से शुरू किया गया, जिसे एनआईसी-एमपी के सहयोग से मोबाइल एप्प तैयार कर राज्य स्तर पर लागू किया जा रहा है।



फाइल फोटो

### मोबाइल से होगी ऑनलाइन बुकिंग

वॉश ऑन व्हील मोबाइल ऐप के माध्यम से शौचालय सफ़ाई के लिए ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। यह एसएमएस आधारित सरल लॉगिन प्रणाली है। ऐप के माध्यम से सटीक लोकेशन चयन की जानकारी फीड है। सुविधा अनुसार दिनांक एवं समय का चयन किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से बुकिंग की रीयल-टाइम ट्रैकिंग भी होगी। सेवा के बाद फीडबैक दर्ज करने की भी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सेवा उपरांत जियोटैगिंग से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी रखी गई है।

### सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के मिलेंगे अवसर

*अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी ने बताया कि स्वच्छता साथी-वाश ऑन व्हील की प्रमुख विशेषता ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की साफ़-सफ़ाई के लिए सुलभ, किफायती एवं त्वरित सेवा प्रदान करना है। प्रेशर मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों एवं सुरक्षा किट के उपयोग से प्रभावी सफ़ाई होगी। प्रशिक्षित स्वच्छता साथियों के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक आजीविका के अवसर मिलेंगे। दो-पहिया वाहनों की ओर से त्वरित पहुंच सेवा प्रदान की जाएगी। क्लस्टर-आधारित सेवा वितरण मॉडल द्वारा स्थायी स्वच्छता प्रबंधन किया जाएगा। इस सेवा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों के नियमित उपयोग को बढ़ावा देना भी है। घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता प्रबंधन को सुदृढ़ करना और स्वच्छता साथियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सतत आजीविका उपलब्ध कराना है।*

---

## विधायक पाठक ने ही की थी आर्म्स लाइसेंस रिन्यू की पैरवी

**भोपाल।** कटनी शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को एक करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है। विधायक संजय पाठक ने जिस आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप लगाए हैं उसके लाइसेंस का नवीनीकरण करने की पैरवी भी उन्होंने खुद की थी। 7 मार्च 2022 को विधायक ने तत्कालीन मुख्यमंत्री व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को पत्र लिखकर कहा था कि जिला मजिस्ट्रेट ने नाजिम खान के डीलरशिप लाइसेंस नवीनीकरण का प्रस्ताव अनुशंसा सहित भेजा है, जो शासन स्तर पर विचाराधीन है।

- आर्म्स डीलर पर अवैध हथियार बेचने के आरोप

## गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर

उत्तरप्रदेश के चंदौली पुलिस ने 27 अक्टूबर को कटनी के नाजिम खान के खिलाफ गांजा तस्करी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 52 किलो गांजा जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। जब्त कार पर फर्जी नंबर प्लेट जिस पर वीआईपी नंबर एमपी 21 जेडएफ 0001 लिखा था। पुलिस के अनुसार, कार चालक चांद बाबू ने अपने बयान में नाजिम खान का नाम लिया। लिहाजा चांद बाबू और नाजिम को आरोपी बनाया गया है। इस पूरे मामले में नाजिम खान का कहना है कि जिस वक्त गांजा पकड़ा गया, उस समय मेरी कार बीएमडब्लू मेरे घर पर ही खड़ी थी। यह एक साजिश है, जिसके चलते मुझे फंसाकर फर्जी प्रकरण दर्ज किया गया है। मैने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए साक्ष्य सहित शिकायत भी की है। नाजिम खान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के करीबी रहे हैं, हालांकि अब दोनों एक-दूसरे के विरोधी हैं।

---

### समय रहते आरक्षक की पड़ी नजर, टला खतरा

## कुंडली मारे बैठा था भयानक अजगर, रेस्क्यू टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



जिले की पुलिस लाइन में उस वक्त हड़कप मच गया जब बच्चे खेल रहे थे, तभी कुछ लोगों की नजर एक किनारे रखें लकड़ी के ढेर पर पड़ी तो देखा उसके अंदर सात फीट का अजगर बैठा था। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसको जंगल छोड़ना ज्यादा सही लगा। उस उद्देश्य से सुरेश कुमार आरक्षक ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम अध्यक्ष जितेंद्र सारथी को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे जितेंद्र सारथी ने अजगर का रेस्क्यु किया। आरक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस लाइन में सैकड़ों क्वार्टर हैं जहां पुलिसकर्मियों का परिवार निवास करता है, बच्चे नीचे खेल रहे थे इस दौरान जिस जगह पर अजगर कुंडली मारकर बैठा हुआ था वहीं बच्चे छुपने के लिए गए हुए थे। अचानक नजर पड़ने पर बच्चे वहां से भाग खड़े हुए नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी ने बताया कि अजगर काटता नहीं है लेकिन अगर किसी को जकड़ ले तो उसकी मौत भी हो जाती है। पुलिस लाइन के आसपास जंगल और नर्सरी होने के कारण सांप निकलने की घटना अक्सर सामने आती रहती है। जितेंद्र सारथी ने बताया कि कोरबा जिले के बालकों, दर्री, एनटीपीसी, छुरी, कटघोरा, कुसमुंडा, गेवरा दीपका, हरदी बाज़ार, बाकी मोगरा, उरगा भैंसमां, कुदमुरा, लेमरू तक पहुंच कर बेहद प्रयास कर जीवों को बचाने में हमारी टीम लगातार मेहनत कर रही हैं। साथ ही आम लोगों को ये भी समझना हैं रेस्क्यु टीम बहुत व्यस्त रहती हैं तो थोड़ा इंतजार करें और बिना जहर वाले सांपों को खुद भी भगाने की कोशिश करें।

## एसपी और पूर्व विधायक में भिड़ंत- बिना हेलमेट चला रहे बाइक, कट गया 2300 रुपये का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के बालाघाट में शनिवार रात नो हेलमेट-नो राइड अभियान के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एसपी आदित्य मिश्रा ने बिना हेलमेट बाइक चला रहे पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे को रोक लिया। नियम तोड़ने पर एसपी ने उनका 2300 रुपये का चालान काट दिया, जिसके बाद दोनों के बीच बहस हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

रात करीब साढ़े आठ बजे एसपी आदित्य मिश्रा अपने दल के साथ शहर में हेलमेट चेकिंग अभियान का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे को बिना हेलमेट बाइक चलाते देखा। एसपी ने उन्हें रोककर वाहन के कागजात मांगे। इस पर मुंजारे नाराज हो गए और बोले, क्या यह चोरी की गाड़ी है जो आप मुझसे कागज मांग रहे हैं। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे वाकये का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### भाजपा सांसद गणेश सिंह का एक वीडियो तेजी से हुआ वायरल

## थप्पड़ विवादः पटवारी बोले-केस दर्ज नहीं हुआ तो 50 हजार लोगों संग आऊंगा, सीएसपी ने कहा-स्वागत है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान हुए थप्पड़ विवाद पर अब राजनीति गर्मा गई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और सतना नगर पुलिस अधीक्षक डीपी चौहान के बीच हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पटवारी कथित रूप से चेतावनी देते नजर आ रहे हैं कि अगर सांसद गणेश सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो वे 50 हजार लोगों को लेकर सतना पहुंचेंगे। इस पर सीएसपी चौहान का जवाब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया उन्होंने शांत स्वर में कहा कि आपका स्वागत है। यह पूरा मामला रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के दौरान उस समय शुरू हुआ जब भाजपा सांसद गणेश सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे ननि के एक क्रेन ऑपरेटर गणेश को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं।

### सामान्य प्रशासन विभाग अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द करेगा आदेश जारी

## 4 आईएएस अफसरों को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी और बनेंगे सेक्रेट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह समेत 4 आइएएस सचिव बनेंगे। इनमें उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान समेत एक अन्य आइएएस शामिल हैं।

इसके अलावा करीब 50 आइएएस अधिकारियों का भी ओहदा बढ़ेगा। सामान्य प्रशासन विभाग अफसरों के प्रमोशन के संबंध में जल्द ही आदेश जारी करेगा। ये अतिरिक्त सचिव से सचिव, सचिव से प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 50 से 60 अफसरों को भी क्रमोन्नति मिलेगी। ये डिप्टी कलेक्टर से संयुक्त कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर से अपर कलेक्टर बनेंगे। इनका ग्रेड-पे भी बढ़ेगा। सरकार के स्तर पर ये तैयारियां शुरू कर दी है।



फाइल फोटो

### एसएएस के ग्रेड-पे में ऐसे होगी बढ़ोतरी

वहीं जो डिप्टी कलेक्टर क्रमोन्नति के दायरे में आएंगे, उन्हें संयुक्त कलेक्टर बनाकर ग्रेड-पे 5400 से 6600 किया जाएगा। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर को अपर कलेक्टर बनाया जाएगा। जिनका ग्रेड-पे 6600 से बढ़ाकर 7600 होगा। जबकि क्रमोन्नति के लिए पात्र संयुक्त कलेक्टरों का ग्रेड-पे 7600 से बढ़कर 8700 होगा, इनके पदनाम में बदलाव नहीं होगा।

### कद बढ़ेगा, लेकिन करना होगा इंतजार

*प्रदेशभर में एसआइआर शुरू हो गया है, जिसमें कई आइएएस व एसएएस की सेवाएं ली जा रही है। ये वे अधिकारी है जो कलेक्टर से लेकर एसडीएम जैसे पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में जिन अफसरों का ओहदा बढ़ना है और यदि वे एसआइआर से जुड़े कामों में लगे हैं तो उन्हें फरवरी के अंत तक मौजूदा पदों पर ही काम करना होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि काम खत्म होने तक मतदाता सूची से जुड़े कामों में लगे अफसरों को नहीं हटाया जाएगा।*

# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ कल

## किन्नर अखाड़ा शहीदों के परिजन का आगमन आज

जबलपुर।

किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पवित्रनंद गिरी एवं महामंडलेश्वर पुष्पा माई कामाख्या पीठ से विक्रमनंद गिरी शहीद परिवार से श्रीमंत प्रभाकर नरसिंह राव ताजे का आगमन आज होगा। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज एवं गोलोकवासी श्याम देवाचार्य महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में सैकड़ो वर्ष से निकाली जा रही नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा बुधवार को शहर के सभी संत महात्मा एवं मंगलामुखी समाज, चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल गड़ाफाटक परिक्रमा का नेतृत्व करेंगे। सर्वप्रथम परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी का हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। श्री शैलम तीर्थ क्षेत्र से आई 1.25 लाख बतिया की नर्मदा मैया की महाआरती कर पंचकोषी परिक्रमा प्रारंभ की जाएगी आरती की रोशनी देखने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

### गोमती चक्र वितरण

बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज आश्रम में प्रसाद स्वरूप वितरण करेंगे



### गोद भराई होगी

किन्नर अखाड़ा एवं मंगलामुखी समाज द्वारा प्रातः 8:30 बजे जिन माता बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है उनकी गोद भराई की रसम आदायगी होगी

### 3 घंटे में होगी परिक्रमा

हरे कृष्णा असम भेड़ाघाट से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी गोपालपुर लम्हेटा घाट नाव द्वारा पारकर शनि मंदिर डडवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट से सरस्वती घाट से नाव पार कर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा

### रास्ते भर होंगे भंडारे

हरे कृष्णा आश्रम से लम्हेटा घाट तक उस पार शनि मंदिर से लेकर सरस्वती घाट तक नर्मदा भक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन रहेगा नरेंद्र अग्रवाल उदय भान सिंह राजेश मिश्रा हास्य कलाकार पचोरी परिवार अमरपुर मेडी वीरेंद्र पटेल शगुन होटल गोपाल रेस्टोरेंट एवं अन्य लोग भंडारे का स्टॉल लगाएंगे

### नर्मदा सौंदर्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता

5 नवंबर भेड़ाघाट नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में सुबह से शाम तक की 12 बाई 18 की 5-5 फोटो प्रतियोगिता के द्वारा जमा करने पर प्रथम पुरस्कार 11 हजार द्वितीय पुरस्कार 5 हजार तृतीय पुरस्कार 3 हजार सांत्वना पुरस्कार 10 जिन्हें 1 हजार प्रति व्यक्ति दिए जाएंगे। 621 स्थान से आए 1100 से अधिक नर्मदे हर से अंकित ध्वज अपने हाथों में लिए परिक्रमा करेंगे।

### 100 से अधिक बसें भेड़ाघाट को चलेगी

पनागर बरेला दमोह नाका रेलवे स्टेशन का संगम तीन पत्ती चौक पर होगा जहां पर हर 10 मिनट में भेड़ाघाट के लिए बसे मिलेंगे जिसमें 15% की परिक्रमा वासियों को छूट रहेगी

### 51 से अधिक संकीर्तन मंडल होंगे शामिल

विभिन्न गांव से आए चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल सीताराम संकीर्तन मंडल अपनी मंडलियों के साथ छोटे-छोटे समूह में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा करेंगे जिसमें 51 से अधिक संकीर्तन मंडल रहेंगे।

### 40 नाव से परिक्रमा भक्त पार करेंगे नदी

लम्हेटा घाट में 20 नाव मोटर वोट सहित एवं सरस्वती घाट मैं 20 मोटर वोट सहित प्रशासन के द्वारा व्यवस्था की गई है जिसमें परिक्रमा वासी हर 5 मिनट में नर्मदा जी नाव से पार करेंगे जिसका शुल्क भक्त लोग अपने पास से देंगे। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल पं मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबनी दुर्गा पटेल मोहित तिवारी पप्पू चौबे कैलाश विश्वकर्मा सत्य प्रकाश नामदेव निर्मल कुर्मी गुड्डू नेता आदि ने की है।



## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा मार्ग का कलेक्टर - एसपी ने लिया जायजा

**जबलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर बुधवार को निकाली जाने वाली पंचकोषी परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा यातायात की व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अधिकारियों और आयोजकों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर परिक्रमा के संयोजक डॉ सुधीर अग्रवाल ने परिक्रमा मार्ग और आयोजनों की विस्तार से जानकारी दी। अधिकारीद्वय ने भेडाघाट, लम्हेटा घाट में पंचकोषी यात्रा मार्ग का जायजा लेते हुये की गयी व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा उपस्थित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## भारतीय किसान संगठन ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर।** जिला कलेक्टर पहुंचे भारतीय किसान संगठन ने जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा एवं मांग की है कि असामयिक बरसात के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति फसल बीमा कंपनी एवं शासन के द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। इस संबंध में चर्चा के दौरान किसान संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत दिनों अति वर्षा के कारण धान, मटर, मक्का की फसल संपूर्ण रूप से नष्ट हो गई है तथा फसल बीमा कंपनी द्वारा बहुत सारे किसानों का बैंक अकाउंट से बीमा की राशि का भुगतान कर लिया गया है, जिससे फसल खराब होने पर संपूर्ण फसल की बीमा राशि दिलाई जाए। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आरबीसी के तहत किसानों की फसल का निरीक्षण कर मुआवजा दिलाया जाए तथा जिन किसानों का फसल बीमा नहीं हुआ है उसे शासन निरीक्षण कर बीमा राशि सुनिश्चित की जाए। सभी भारतीय किसान संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से न्यायपूर्ण कार्यवाही एवं न्याय की मांग की है। मांग पूर्ण न होने पर आगामी समय पर उग्र आंदोलन कर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन सौंपते समय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, जिला अध्यक्ष रामराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर संतोष पटेल, अरविंद पटेल, किशन पटेल, रोहित सोनू, अर्जुन, नवीन, अमन, हरिओम पटेल, जितेंद्र ठाकुर, संतोष लोधी बरेला, सतेन्द्र गर्ग बरेला एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए फिल्म अभिनेता प्रेमनाथ

## जिलहरी घाट समाधि पर दी गई श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** महान फिल्म अभिनेता प्रेमनाथ की 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिलहरी घाट स्थित उनकी समाधि पर उनको सम्मान देने व प्यार करने वाले प्रशंसकों ने एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में प्रेमनाथ की एम्पायर टॉकीज के पूर्व कार्मिकों के साथ मुंबई से उनके छोटे पुत्र मोंटीनाथ भी ऑनलाइन जुड़े। प्रेमनाथ की आत्मा की शांति के लिए अग्निहोत्र विधि से हवन व प्रार्थना की गई। उल्लेखनीय है कि आज ही महान कलाकार पृथ्वीराज कपूर की जयंती भी थी। प्रेमनाथ उनको अपना गुरू मानते थे। प्रेमनाथ ने जिलहरी घाट में पृथ्वीराज कपूर की समाधि का निर्माण करवाया जिलहरी घाट में उपस्थति समूह ने प्रेमनाथ के साथ पृथ्वीराज कपूर को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में पवन शर्मा ने कहा कि प्रेमनाथ जबलपुर से प्यार करते थे और उनकी नर्मदा नदी के प्रति अगाध श्रद्धा थी। उनकी 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैदिक विधि से हवन कर श्रद्धांजलि देने से उपयुक्त और कुछ नहीं हो सकता। पवन शर्मा ने कहा कि प्रेमनाथ पर्यावरण को लेकर भी बहुत संवेदनशील थे। एम्पायर टॉकीज के पूर्व प्रबंधक डीपी बाजपेयी, टॉकीज के ऑपरेटर रहे बाबूलाल नायडू, संजय श्रीवास्तव ने प्रेमनाथ से संबंधित कई समृतियों को साझा किया। इस अवसर पर राजेश राव ने अग्निहोत्र विधि से हवन करवाया। गजेन्द्र गरेवाल, जयंत वर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, फिल्म निर्देशक सावन कुमार के सहायक रहे पुनीत मिकी चोपड़ा, विनीत यादव, फिल्म मेकर ऋत्विक यादव, एनआरआई चेतन जग्गी, करम परिहार, रमेश शर्मा ने प्रेमनाथ को याद करते हुए उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने सुझाव दिए।



## विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार के प्रति किया जागरूक

**जबलपुर।** श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जबलपुर में लिट्रसि क्लब के तत्वावधान में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जीते हुए विद्यार्थियों को कॉलेज के द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन नोडल अधिकारी श्रीमती नम्रता सोनी एवं डॉ. ग्रेस मेरी के द्वारा किया गया। इसमें कैंपस एंबेसडर वासु अग्रहारी एवं संचित जैन का सहयोग रहा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. समीर वैद्य और प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद सलीम खान के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## जबलपुर के पेंटर कलाकार झांसी में हुए सम्मानित

**जबलपुर।** भारतीय कलाकार संघ द्वारा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुनील शेट्टी के विजयी होने एवं उन्हें पदभार सौंपने, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की विदाई एवं प्रदेश कार्यकारिणी गठित करने हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम झांसी में आयोजित किया गया, जिसमें जबलपुर के समस्त कलाकारों का धूमधाम से सम्मान किया गया। भारत के सभी पेंटर भाइयों के हित में कार्य करने एवं शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिलाने की शपथ ग्रहण कराई गई। सम्मान पाने वालों में जबलपुर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसकार, जिला अध्यक्ष आर्टिस्ट अजय भोयर, जाबिर खान, सुश्री काजल, अशोक विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, शिवकुमार शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, विजय काछी, कुमुद रंजन, मंगेश गोंटिया, प्रमोद सोनी, कन्हैयालाल बर्मन, मुनीश जैन, रवि बेन सहित अनेक कलाकार शामिल रहे।



## 30वीं डिस्ट्रिक्ट कराते ओपन चैम्पियनशिप सिंधी धर्मशाला में संपन्न

**जबलपुर।** ऑल इंडिया शितोरियो कराते स्पोर्ट एसोसियेशन द्वारा 30वीं डिस्ट्रिक्ट कराते ओपन चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन सिंधी धर्मशाला में किया गया। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि करतार सिंह भटीजा, होनेरेबल चीफ गेस्ट सज्जाद हुसैन सैफी रहे। अध्यक्ष विवेक अवस्थी, कैंट बोर्ड सदर के अभयजीत सिंह परिहार सेक्रेटरी उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट में लगभग शहर के 200 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस स्टाईल के चीफ शिहान मोहम्मद नफीज द्वारा चयनित रैफरियों के नाम लालिमा सिंह राजपूत, अमित चौधरी, पावनी सिंह परिहार, दीप शिखा, मरियम खान, जैनब सैफी, जानबी नाहार, दिव्यांश सोनकर, सृष्टि, संस्कृति। इस टूर्नामेंट में विशेष उपलब्धि चार प्रतिभागियों क्रमशः जैनब, मरियम, जुनैरा, आरना ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त किये। सालीवाड़ा क्राईस्ट गर्ल्स प्रथम स्थान, शिवाजी ग्राउंड से द्वितीय स्थान, इस डिस्ट्रिक्ट कराते चैम्पियनशिप में बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी कराते प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



## पलारी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग, रेलमंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर।** जनहित से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल के तहत इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने रेल मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश के पलारी रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। डॉ. तिवारी ने कहा कि पलारी रेलवे स्टेशन सिवनी जिले का एक प्रमुख यात्री केंद्र है, जहाँ से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, व्यापारी और आम नागरिक यात्रा करते हैं। बावजूद इसके, यहां प्रमुख यात्री गाड़ियों का ठहराव न होने से स्थानीय जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने रेल मंत्रालय से आग्रह किया है कि जनहित में निम्नलिखित ट्रेनों का पलारी स्टेशन पर ठहराव शीघ्र प्रारंभ किया जाए, रीवा से इतवारी एक्सप्रेस, नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस, नैनपुर से इंदौर एक्सप्रेस, डॉ. तिवारी ने कहा कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव पलारी स्टेशन पर प्रारंभ किया जाता है, तो क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, बल्कि विद्यार्थियों और कामकाजी वर्ग की यात्रा भी सुगम और सुलभ हो जाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रेल मंत्री इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेंगे, ताकि जनता को लंबे समय से चली आ रही इस असुविधा से राहत मिल सके।





## कर्म ही धर्म है : संत रविदास मंच

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 02 नवम्बर को हलवाई बादशाह मंदिर गली नंबर 03 के पास मंच की सभा रामसिपाही सेठ के निवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी रहे। अध्यक्षता कर रहे तुलसीराम चौधरी ने बताया कि संत रविदास के विचार थे कि मनुष्य जब पैदा होता है तो वह किसी जाति विशेष धर्म का नहीं होता, मनुष्य को गुणवान व्यक्ति को पूजना चाहिए भले ही वह चांडाल क्यों न हो। सभा में मंच के शारदा प्रसाद चौधरी, रामसिपाही सेठ, राकेश चौधरी, मोहनलाल चौधरी, रवि चौधरी, सौगंध गोखोघस, अनिल चौधरी, धर्मेन्द्र सतनामी, गोविंद प्रसाद, तुलसीराम चौधरी, चंदाबाई सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।




## गुणता नियंत्रणालय (शस्त्र) का सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

**जबलपुर।** गुणता आश्वासन नियंत्रणालय (शस्त्र) जबलपुर में 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। 27 अक्टूबर को नियंत्रणालय के सभी कार्मिकों ने शपथ ली। शपथ उपरांत सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 31 अक्टूबर को निबंध लेखन एवं प्रश्नमंच के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गु.आ.नि. (शस्त्र) जबलपुर, ब्रिगेडियर समीर सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि सतर्कता किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है, परंतु यह साझा जिम्मेदारी है। हमें अपने कार्य के प्रति ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित रहने की जरूरत है तभी एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज की परिकल्पना की जा सकती है।

## मकान, दुकान या निजी भूमि पर बिजली लाइन खींचने से अधिकार के दुरुपयोग की आशंका

**बिजली अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन पर आपत्ति भेजी**

**जबलपुर।** निजी सम्पत्ति के ऊपर से बिजली लाइन खींचने का अधिकार मिलने पर उसका भारी दुरुपयोग होने की आशंका है। अतः निजी सम्पत्ति मालिक को बिजली लाइन से सुरक्षा तथा मुआवजे की लिखित गारंटी प्रदान करने के बाद ही लाइन खींचने की प्रक्रिया शुरू की जाए, यह प्रावधान बिजली अधिनियम में होना चाहिए। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने आज केन्द्रीय मंत्रालय के मनीष मिश्रा को भेजी है।उल्लेखनीय है के केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 09 अक्टूबर को पत्र जारी कर विद्युत अधिनियम की धारा 164 में संशोधन प्रस्तावित कर मकान, दुकान या निजी भूमि पर बिजली लाइन खींचने का अधिकार निजी एजेंसियों को दिया है।28 अक्टूबर के कैबिनेट निर्णय की तर्ज पर हो कार्यवाहीडॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि केन्द्र सरकार ने धारा 164 उपधारा 2(इ) में संशोधन प्रस्तावित किया है कि राज्य सरकार बिजली लाइन खींचने हेतु बुनियादी ढांचा तैयार कर मुआवजा निर्धारित करे। राज्य सरकार ने 28 अक्टूबर को हुई कैबिनेट बैठक में खेत के ऊपर हाईटेंशन बिजल लाइन लगान पर 200 प्रतिशत मुआवजा निर्धारित किया है, इसी तर्ज पर राज्य सरकार निजी सम्पत्ति (शहरी तथा ग्रामीण) पर बिजली लाइन खींचने के संबंध में निर्णय लेकर उसका परिपत्र जारी करे। जब तक यह परिपत्र जारी नहीं होता है तब तक केन्द्र सरकार धारा 164 के संशोधन पर कार्यवाही नहीं करे।



## सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन को सशक्त बनाने लिया संकल्प

**जबलपुर।** सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन की तीसरी आमसभा 02 नवम्बर को सामुदायिक भवन मांडवा रामपुर छापर में संपन्न हुई। सभा के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं. राममूर्ति मिश्रा रहे। महंत श्रीराम शरण महाराज संस्थापक कालीमठ मंदिर सांई नगर ने सभा की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य रामानुग्रजी महाराज व त्यागी बाबा महाराज, राघव पटेल खलीफा, रामपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पं. राममूर्ति मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर घर हिन्दू सदस्य को जोड़कर संस्कारधानी में सनातन धर्म समरस हिन्दू संगठन को सशक्त बनाया जाएगा, गेरुआ वस्त्र के वेश में ऐसे आपराधिक तत्व जो मंदिर, पूजा स्थल, धार्मिक स्थानों में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, नशे का व्यापार और समाज में विकृति लाकर युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं, ऐसे छद्म वेशधारी बाबाओं के विरुद्ध संगठन अभियान चलाकर प्रशासन से उचित कार्यवाही हेतु आंदोलन छेड़ेगा। इस दौरान विपरीत परिस्थितियों में संगठन के सदस्यों के बीच सहभागी बनकर उनके सुख-दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर अशोक पटेल, राकेश चौधरी, अंकित धनगर, सूरज माली, एड. संतोष विश्वकर्मा, शिल्पी पटेल, मीना पटेल, मुकेश राजे, कृष्णा बहादुर शर्मा, संजय लोधी, अशोक झारिया, प्रकाश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश ब्रह्मा, हेमा झारिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन उपस्थित रहे। सभा का संचालन अनिल धनगर ने किया।

## स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज का पाटोत्सव 5 को

**जबलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन 5/11/25 को जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंदजी के दिव्य पाटोत्सव कार्यक्रम का वार्षिक आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष प्रभु प्रेमी संघ जबलपुर द्वारा शहर के गोलबाजार स्थित दत्त मंदिर में प्रातः 10.30 से 1.30 बजे तक किया जाना है। प्रवक्ता डॉ. विजयकांत तिवारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पूजन, कीर्तन, गुरु जी का उद्बोधन, सुन्दर काण्ड सहित अनेक भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रभु प्रेमी संघ जबलपुर के सभी सदस्यों ने स्वामी अवधेशानंद महाराज के शिष्यों एवं भक्तजनों से उपस्थित होकर सहभागिता का निवेदन किया है।



**CHANGE OF NAME**

I Hereby Publicly Notify That Previously My Name Was **Heena Pamnani.** That I Have Changed My Name As **Juhi Makhija D/O LT. Tirath Das Pamnani** In Future I May Be Known Or Called By This Name And Mentioned In All Documents.

**Juhi Makhija D/O LT. Tirath Das Pamnani Add: Block-B Flat No. 702, Naramada Avenue Appartment Gorakhpur , Jabalpur**

**CHANGE OF NAME**

I, Sharda Devi Kungani (old name), residing at 1028, Kachnar City Road, Vijay Nagar, Jabalpur (M.P.) have changed my name to Sharda Kungani, with effect from 04th November 2025. Hereafter, I shall be known as Sharda Kungani (new name) for all purposes.

Old Name- Sharda Devi Kungani

New Name

**Sharda Kungani**

## अक्टूबर में दफ्तरों की नौकरी में नौ प्रतिशत की गिरावट



**मुंबई।** देश में कार्यालयों की भर्ती गतिविधियों में अक्टूबर में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की गिरावट आई। सोमवार को जारी नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार दिवाली-दशहरा के त्योहारों के कारण नियुक्ति गतिविधियों में अस्थायी रूप से कमी आने के कारण ऐसा हुआ। नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है, जो भारतीय नौकरी बाजार और भर्ती गतिविधियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसे नौकरी डॉट कॉम के 'रिज्यूमे डेटाबेस' पर भर्ती करने वालों द्वारा नौकरी की सूचना देने और नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर तैयार किया जाता है।

# होंडा एलिवेट का नया एडीवी एडिशन हुआ लांच, कीमत 15.29 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

होंडा कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करते हुए देश में अपनी पॉपुलर एसयूवी एलिवेट का नया वर्जन लांच कर दिया है। इसका नाम है होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन।

■ मॉडल के बाहरी हिस्से में सबसे ज्यादा बदलाव किए गए

यह नया और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन है। नया वेरिएंट होंडा एलिवेट की रेंज में सबसे ऊपर होगा, इसका मतलब है कि यह एलिवेट का टॉप मॉडल होगा। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी ने नए मॉडल में कई बदलाव किए हैं, जिससे यह स्पोर्टी लुक के साथ है और अच्छा भी लगता है।

### नए और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन

*इंटीरियर और फीचर : कार के इंटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं, जहां पूरी तरह से ऑल-ब्लैक लेआउट दिया गया है। सीटों, दरवाजों के पैड और गियर लीवर पर ऑरेंज कलर की स्टिचिंग की गई है। इसमें डैशबोर्ड पर एक खास एडीवी टेरेन पैटर्न वाली इल्यूमिनेटेड गार्निश लगाई गई है, जो रात में कैबिन को एक अनोखी पहचान देती है।*




*गाड़ी के इंजन में बदलाव नहीं : होंडा एलिवेट के एडीवी एडिशन में केवल एक्सटीरियर और इंटीरियर बदलाव किए गए हैं, इंजन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें होंडा का पहले वाला ही 1.5-लीटर आई-वीटीईसी चार-सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन ही मिलता है।*

**सेफ्टी का पूरा ध्यान**

होंडा की इस नई एसयूवी में कंपनी का एडवांस होंडा सेंसिंग एडास सूट दिया गया है, जिसमें अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन-कीपिंग असिस्ट, कोलिजन मिटिगेशन ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 360-डिग्री कैमरा (ऑप्शनल), लेनवॉच साइड कैमरा, छह एयरबैग और हिल स्टार्ट असिस्ट जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं।

*कार की कीमत : होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन को दिल्ली में 15.29 लाख रुपए शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत के साथ लांच किया गया है जो कि टॉप मॉडल के लिए 16.66 लाख रुपए तक जाती है। यह नया मॉडल तीन साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी और एक दशक तक की एनीटाइम वारंटी सपोर्ट के साथ आता है।*

होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन हाल ही में लांच हुए कई लिमिटेड एडिशन के बाद आया है। इसके बाहरी हिस्से में सबसे बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे इसे एक स्पोर्टी लुक मिलता है। इसमें एक रीडिजाइन किया गया ग्रिल सेक्शन है, जिस पर ऑरेंज कलर का टच दिया गया है, जो सामने के लुक को आकर्षक बनाता है। गाड़ी में ब्लैक-आउट रूफ रेल्स, एडीवी बैजिंग और ऑरेंज एक्सेंट के साथ ब्लैक फिनिश वाले अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुड (बोनट) और फॉग लैंप एरिया समेत पूरी बॉडी पर ऑरेंज डिटेलिंग दी गई है, जो इसे और ज्यादा स्पोर्टी लुक देती है। ग्राहकों को ड्यूल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें मीटियोरॉइड ग्रे मेटैलिक और लुनार सिल्वर मेटैलिक डुअल-टोन ऑप्शन शामिल किए गए हैं।

## इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स 52,800 करोड़ कर सकती है निवेश

# वोडाफोन आइडिया का अमेरिकी कंपनी लगाएगी बेडा पार!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूयॉर्क की इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स (टीजीएच) कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में 4-6 अरब डॉलर (करीब 35,000-52,800 करोड़ रुपये) का निवेश कर सकती है और इसका ऑपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ ले सकती है।

■ इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग वीआई का आपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ में रख सकती हैं

इस खबर के सामने आने के बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई) के शेयरों में सोमवार को पांच फीसदी का उछाल आया। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से वाकिफ लोगों ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, यह निवेश कंपनी को भारत सरकार की तरफ से दिए जाने वाले राहत पैकेज पर निर्भर है, जिसमें एजीआर और स्पेक्ट्रम से जुड़ा बकाया शामिल है।

इसी के साथ आज बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर बीएसई पर 5.26 प्रतिशत चढ़कर 9.19 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गए। पिछले तीन महीनों में शेयर में 36.46 प्रतिशत की तेजी आई है।

### कर्ज के बोझ तले डूबी है

अगर सरकार वोडाफोन आइडिया को राहत पैकेज दे देती है, तो डील कुछ ही महीनों में फाइनल हो जाएगी। बता दें कि टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया पर 83,400 करोड़ रुपए का एजीआर बकाया है। ब्याज और जुर्माने को लेकर कंपनी को करीब 2 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। ऐसे में सरकार से राहत न मिलने की स्थिति में कंपनी दिवालिया हो सकती है।

**सौदे पर टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेगा**

एक सूत्र के हवाले से बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेगा और मौजूदा प्रमोटरों आदित्य बिड़ला समूह और यूके की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि न्यूयॉर्क बेस्ड इंवेस्टमेंट फर्म बकाया राशि पूरी तरह से माफ कर दिए जाने की मांग नहीं कर रही है, बल्कि वह देनदारियों के पुनर्गठन की मांग कर रही है ताकि परिचालन में राहत मिल सके। टीजीएल ने सरकार को शर्तों का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है।




**प्रोमोटर बन जाएगी कंपनी**

एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच कंपनी में प्रोमोटर का दर्जा लेगा और आदित्य बिड़ला ग्रुप व वोडाफोन की यूके यूनिट से कंट्रोल अपने हाथ ले लेगा। सरकार जो अभी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ कंपनी का सबसे बड़ा शेयर होल्डर है, वह एक निष्क्रिय निवेशक बनी रहेगी।

## त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी, डीजल की मांग रही स्थिर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ अक्टूबर में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

■ इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही

त्योहारों के दौरान यात्रा में तेजी के कारण अक्टूबर में भारत में पेट्रोल की बिक्री पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान डीजल की खपत स्थिर रही जो इस रुझान के उलट है। यह जानकारी उद्योग के शुरुआती आंकड़ों से मिली है।

त्योहारों के सीजन की शुरुआत से ईंधन की मांग बढ़ने के कारण अक्टूबर में पेट्रोल की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 36.5 लाख टन हो गई। सितंबर में पेट्रोल की बिक्री 34 लाख टन रही थी। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री अक्टूबर में मामूली गिरावट के साथ 76 लाख टन रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 76.4 लाख टन थी। ऐतिहासिक रूप से, जून में बारिश के मौसम के आगमन के साथ डीजल की खपत में गिरावट आती थी, क्योंकि सिंचाई पंप चलाने के लिए ईंधन की मांग कम हो जाती थी और वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती थी।

## कागज-रहित ढांचे से भारत के व्यापार लागत में कमी आएगी

**एजेंसी : नई दिल्ली।** भारत कागज-रहित व्यापार प्रणाली को व्यापक रूप से अपनाकर अपनी व्यापार लागत में बड़ी कटौती कर सकता है और इससे निर्यात प्रतिस्पर्धा में भी वृद्धि होगी। एक शोध रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह रिपोर्ट शोध संस्था 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद' (इक्रियर) और रिसर्च एंड इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) ने संयुक्त रूप से तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की पहल से सदस्य देशों की व्यापार लागत में करीब 25 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है। 'कागज-रहित व्यापार' का मतलब व्यापारिक दस्तावेजों और सूचनाओं का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आदान-प्रदान करना है जिससे कागजी प्रक्रियाएं खत्म हो जाती हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सीमापार कागज-रहित व्यापार को बढ़ावा देने वाला प्रमुख ढांचा सीपीटीए है, जिसमें अब तक 16 देश शामिल हो चुके हैं। इस समझौते से जुड़ने वाले देशों को व्यापार प्रक्रियाओं में सरलीकरण, परिवहन लागत में कमी और नियामक सहयोग में सुधार का लाभ मिलता है। भारत ने 'व्यापार को सुगम बनाने वाली एकल खिड़की व्यवस्था' (स्विफ्ट) और अप्रत्यक्ष कर दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिक प्रबंधन जैसे कई घरेलू सुधार किए हैं, लेकिन वह अभी तक सीपीटीए का हिस्सा नहीं बना है।





## प्रकाश भवन का शुभारंभ : बिजली प्रबंधन में नए युग की शुरुआत

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित "प्रकाश भवन" का फीता काटकर लोकार्पण किया। लगभग 11.8 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह चार मंजिला अत्याधुनिक भवन बिजली प्रबंधन में नए युग की शुरुआत का प्रतीक बना। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई, कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल, समाजसेवी राहुल कोठारी, रविन्द्र यति सहित वरिष्ठ अभियंता एवं अधिकारी उपस्थित रहे। आधुनिक तकनीक से निर्मित "प्रकाश भवन" में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, वातानुकूलन, अग्निशमन प्रणाली और उच्च गुणवत्ता वाली साज-सज्जा की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। भवन में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी सहित राज्य की तीनों डिस्कॉम्स, पावर जनरेशन और पावर ट्रांसमिशन कंपनियों की बैठकें आयोजित की जाएंगी।नवीन भवन से राज्य में विद्युत आपूर्ति की निगरानी, प्रशासनिक समन्वय और त्वरित निर्णय प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी, जिससे मध्यप्रदेश में विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



## ऑटो इंडिया की वार्षिक बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए वर्ष 2025 ऐतिहासिक साबित हुआ है। भारत में 25 वर्ष पूरे कर रहे ब्रांड ने केवल 10 महीनों (जनवरी से अक्टूबर 2025) में 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज कर अब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया, जो 2022 में दर्ज 53,721 यूनिट्स के पिछले रिकॉर्ड को पार करता है। अक्टूबर 2025 में कंपनी ने 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्री कर अपनी अब तक की सबसे बड़ी मासिक उपलब्धि भी हासिल की। इस सफलता में कंपनी की पहली सब-4 मीटर एसयूवी 'काईलैक', फ्लैगशिप 4x4 कोडियाक, लोकप्रिय कुशाक और स्लाविया मॉडलों का बड़ा योगदान रहा। वहीं, ऑक्टैविया आरएस लॉन्च के मात्र 20 मिनट में पूरी तरह बिक गई।स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "यह उपलब्धि हमारे स्पष्ट दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और तेज़ कार्यान्वयन का परिणाम है। नए मॉडल, विस्तारित नेटवर्क और ग्राहकों से गहरे संबंधों ने 2025 को स्कोडा के लिए भारत में अब तक का सबसे सफल वर्ष बना दिया है।



## अब बदलाव हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों के वेबसाइट में

# एसबीआई व बॉब सहित देश के सभी बैंकों के डोमेन नेम बदले


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

31 अक्टूबर 2025 से हमारी बैंकिंग प्रणाली में बहुत बड़ा बदलाव हो गया है। यह बदलाव साइबर अपराधों से लेकर ऑनलाइन ठगी को रोकने में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। आज से भारतीय बैंकिंग की नई पहचान आ गई है। आपको ऐसा कोई चेंज सामने से नजर नहीं आ रहा होगा। आएगा भी नहीं क्योंकि आप और हम तो बैंक के ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। दरअसल चेंज हुआ है बैंक और वित्तीय संस्थानों की वेबसाइट में। बैंक की वेबसाइट अब डॉट काम या डॉट इन नहीं रह गई हैं। आरबीआई ने सभी को डोमेन बदलने कहा था।

■ बैंकों की वेबसाइट पर अब डॉट कॉम या डॉट इन रह गया है

**डॉट वेटसाइट का पता बताता है**

डोमेन को वेबसाइट तक जाने का दरवाजा समझ लीजिए। एक डोमेन के दो भाग होते हैं। इसमें एक होता है टॉप-लेवल डोमेन (टीएलडी)। कुछ सामान्य टीएलडी उदाहरण हैं- डॉटकाम (कॉमर्शियल), डॉटओआरजी (संगठन), डॉट नेट(नेटवर्क), डॉट गवर्न (सरकार), डॉट ईडीयू (शिक्षा), डॉट यह वेबसाइट के प्रकार का पता बताता है। दूसरा होता है- सेकंड-लेवल डोमेन (एसएलडी) यह टॉप-लेवल डोमेन के नीचे आता है और वेबसाइट का स्पेशल नाम होता है।




*डुप्लिकेट बनाना आसान है : अब बताते कि बैंक डॉट इन या फिन डॉट इन का क्या फायदा होगा. डॉट कॉम ग्लोबल लेवल पर और डॉट इन इंडिया के लेवल पर बहुत कॉमन हो चला है। हर वेबसाइट के पीछे यही लिखा होता है। इसकी वजह से इसका डुप्लिकेट बनाना कोई बड़ी बात नहीं। कितने ही केस हैं जहां एसबीआई डॉट इन के ऊपर एक नकली परत चढ़ाकर ठगी की गई। अब क्योंकि इनको नई पहचान मिल गई है तो उम्मीद है इस पर लगाम लगेगी।*

**अपना डोमेन**

बैंक की वेबसाइट के आखिर में 'बैंक डॉट इन' लग जाने की वजह से आरबीआई का वो सर्कुलर है जो 21 अप्रेल 2025 को जारी हुआ था। केंद्रीय बैंक ने देश के सभी बैंकों को अपना डोमेन बदलने के लिए कहा था। इसमें देसी से लेकर विदेशी बैंक भी शामिल हैं। आरबीआई के मुताबिक इस बदलाव का उद्देश्य साइबर सुरक्षा में सुधार, धोखाधड़ी को कम करना और डिजिटल बैंकिंग में जनता का विश्वास बढ़ाना है।

**फायदा**

आपका और हमारा क्या फायदा होगा, उसके पहले जरा सा डोमेन का मतलब जान लेते हैं। जैसे हमारे घर या ऑफिस का पता होता है, वैसे ही इंटरनेट की दुनिया में 'डोमेन' एक खास वेबसाइट, सर्विस, या डिवाइस की पहचान करने के लिए एक यूनिक नाम होता है। इसका इस्तेमाल वेबसाइटों, ईमेल सर्वरों, और अन्य नेटवर्क संबंधित सेवाओं की पहचान में होता है।

## नीलम सोनी बनी मानव अधिकार सुरक्षा संगठन इंदौर संभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**इंदौर।** अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा श्रीमती नीलम सोनी को महेंद्र त्रिपाठी कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुकेश कुमार सोनी प्रदेश मंत्री की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने इंदौर संभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है श्रीमती नीलम सोनी शिक्षिका और समाजसेवी है जिन्होंने समाज ओर राष्ट्र हित में निरंतर सहयोग किया है अब इनके अंतरास्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने के बाद महिला उत्पीड़न में कमी और भ्रष्टाचार, गरीबों के उत्थान, पीड़ितों की सहायता आदि कार्यों के समाधान में गति आएगी हम सभी इष्ट मित्रो अनूप सोनी, नीरज सिंह, अपराजिता बैनर्जी, निरंजनजी, श्रीकांत तिवारी, शीना मेम ,प्रीति शर्मा, निधि जैन आदि और इंदौर कार्य करणी एवं मानव अधिकार सुरक्षा संगठन इंदौर के अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ओर पूरी टीम ने उनको बधाई प्रेषित की है।



## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 6037



**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरूर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

**शब्द पहेली -6036 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6047

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

हरिभूमि
जबलपुर, मंगलवार
4 नवंबर 2025

# सहेली



# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a




घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-



**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।


### अपना टाइम टेबल बनाएं

मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्सट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्सट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।



**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# मजूमदार ने हर कयास को गलत साबित करके टीम को दिलाया विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग पांच दशक के इंतजार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जब पहली बार विश्व कप थामा तो खिलाड़ियों के साथ पूरा देश खुशी से झूम उठा लेकिन वहीं मैदान पर खड़े एक इंसान की आंखों में आंसू, चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ संतोष का भाव था मानो यह जीत कई पुराने जख्मों पर मरहम लगा गई ।

यह थे भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार। घरेलू क्रिकेट में 20 सत्र और 11000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाने के बावजूद भारत की जर्सी पहनने का उनका सपना अधूरा ही रहा। बतौर खिलाड़ी कई बार दिल टूटा, कई मलाल रह गए लेकिन इस जीत ने उनके सफर को मुकम्मिल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीत के बाद 'गुरु' मजूमदार के पैर छूए और गले लगकर रो पड़ी तो टीवी के आगे नजरें गड़ाए जीत का जश्न देख रहे हर क्रिकेटप्रेमी की आंख भी भर आई।

■ चक दे इंडिया के कबीर खान की याद दिलाते हैं अमोल मजूमदार

इसी महीने अपना 51वां जन्मदिन मनाने जा रहे मजूमदार की कहानी शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे इंडिया' के हॉकी कोच कबीर खान की याद दिलाती है, जो हर कयास को गलत साबित करके टीम को विश्व कप दिलाता है और यह जीत उसके अतीत के कई घावों पर मरहम भी लगा जाती है। जीत मिलने के बाद वह जश्न के बीच अपने भीतर जज्बात के तूफान को समेटने की कोशिश करता नजर आता है लेकिन चेहरे पर सुकून साफ दिखाई देता है ।




### बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे

मजूमदार ने फाइनल में जीत के बाद कहा, ' मैं उनसे (भारतीय खिलाड़ियों) यही कहता था कि हम हार नहीं रहे हैं। बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे हैं। हम उन तीनों मैचों (लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैच) में काफी प्रतिस्पर्धी रहे और ये सभी मैच काफी करीबी थे।' दो साल पहले टीम के कोच बने मजूमदार की नजरें हमेशा से इस विश्व कप पर थी लेकिन तब यह असंभव सा लग रहा था क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट कठिन दौर से गुजर रहा था। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं थी लेकिन नतीजे नहीं मिल रहे थे।

### दस महीने तक भारतीय टीम के पास नहीं था पूर्णकालिक कोच

मजूमदार के आने से पहले करीब दस महीने तक भारतीय टीम के पास पूर्णकालिक कोच नहीं था। पोवार को दिसंबर 2022 में हटा दिया गया था और बीच में रिषिकेश कानिटकर तथा नूशीन अल कादिर अंतरिम तौर पर काम देख रहे थे। सबसे पहले उन्होंने अपनी टीम का भरोसा जीता। सभी खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद रखा। अच्छे प्रदर्शन पर पीठ थपथपाई तो बुरे दौर में साथ खड़े दिखे। आलोचनाओं के बीच अपने खिलाड़ियों के लिये ढाल बनकर खड़े नजर आए और यहीं से नींव पड़ी विश्वास के ऐसे रिश्ते की जिसकी परिणिति विश्व कप ट्रॉफी के रूप में 'गुरुदक्षिणा' के साथ हुई । पूरे टूर्नामेंट में टीम एकजुट नजर आई । खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाते और कठिन दौर में एक दूसरे का सहारा बने दिखे। एक चैम्पियन टीम बनने के लिए आखिर पहली शर्त को यही होती है।

## खबर संक्षेप



### मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर अदिति

**कुआलालंपुर।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से यहां मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी से पार का स्कोर बनाया। इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। मियु यामाशिता (65), हाये जिन चोई (73) और हना ग्रीन (68) तीनों ने 18 अंडर के कुल स्कोर से प्ले ऑफ में जगह बनाई। प्ले ऑफ में जापान की यामाशिता ने बर्डी लगाकर खिताब जीता जबकि ग्रीन और चोई ने पार का स्कोर बनाया। पहले दौर से ही शीर्ष पर चल रहीं चोई अंतिम दौर में एक ओवर 73 के खराब प्रदर्शन से खिताब जीतने से चूक गईं।

### शतरंज विश्व कप : अंतिम 128 के राउंड के लिए नारायणन ने किया क्वालीफाई

**पणजी।** भारत के एसएल नारायणन ने दक्षिण अफ्रीका के स्टीवन रोजास को हराया और फिडे विश्व कप 2025 के अंतिम 128 के राउंड के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। = पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने 22 चाल में जीत दर्ज की। दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगलियान के खिलाफ टाइब्रेकर के पहले सेट के दोनों मुकाबले जीते।

### बधिरों की टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने बधिरों के लिए टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप के नौवें सत्र का उद्घाटन किया। यह चैंपियनशिप तीन से नौ नवंबर तक यहां आयोजित की जाएगी और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में केरल, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, तेलंगाना, मुंबई, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, पंजाब, ओडिशा, दिल्ली और बंगाल शामिल हैं।

### 2026 में केरल आएंगी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम



**मलाप्पुरम।** केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहमान ने कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला, जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## महिला विश्व कप : ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम को बधाइयों का तांता

# जीत के बाद टीम इंडिया ने गाया 'विक्ट्री सॉन्ग' ना लेगा कोई पंगा, रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा ...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में 52 रन से जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम ने अपना 'विक्ट्री सॉन्ग' गाया। बीसीसीआई विमेंस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय महिला टीम विजयी गीत गा रही है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज ने कहा, हमने चार साल पहले तय किया था कि विश्व कप जीतने के बाद ही टीम सॉन्ग जारी करेंगे। इस वीडियो में खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य गीत गा रहे हैं, "टीम इंडिया, टीम इंडिया, कर दे सबकी हवा टाइट, टीम इंडिया यहां लड़ने के लिए है, कोई ना लेगा हमको लाइट, ओओओओओ, हमारा भविष्य उज्ज्वल है साथ में चुनौती, साथ में उठेंगे, हम हैं टीम इंडिया हम साथ में जीतेंगे। ना लेगा कोई पंगा, कर देंगे हम दंगा, रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा। हम हैं टीम इंडिया।"इस विश्व कप में लगातार तीन मुकाबले गंवाने के बाद भारत को विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए अपना पहला खिताब जीता है।



### मैंने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा करना चाहती थी : दीप्ति



**मुंबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत की नायिकाओं में से एक दीप्ति शर्मा ने कहा कि अपनी धरती पर आईसीसी विश्व खिताब जीतना टीम की नियति में था। दीप्ति ने फाइनल में पांच विकेट लेने के साथ 58 रन भी बनाए। उन्होंने 22 विकेट लेने के साथ 215 रन बनाकर 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार जीता। दीप्ति ने कहा,' मुझे अच्छा लग रहा है। विश्व कप में पहले मैच से लेकर मैने वैसा ही प्रदर्शन किया जो एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर करना चाहती थी। फाइनल में ऐसा प्रदर्शन करने से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता ।" विश्व खिताब के लिये लंबे इंतजार को लेकर उन्होंने कहा, ' विश्व कप जीतने में काफी समय लगा लेकिन ईश्वर ने हमारी नियति में लिखा था कि हम भारत में ही यह खिताब जीतेंगे।' उन्होंने कहा, ' डी वाई पाटिल स्टेडियम की मेरी कई सुखद यादें हैं। हमने यहां सारी श्रृंखलायें जीती है। एक टीम के रूप में हम काफी सकारात्मक रहे । नतीजा चाहे जो हो, हम एक टीम की तरह खेले।'

### अमनजोत ने वोल्वार्ट्ट के कैच पर कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच



**नवी मुंबई।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया। अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ट्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ट्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ट्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।

### महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, '1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की है।" तेंदुलकर ने कहा, "उन्होंने देश भर में अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।'

### इतिहास रचा गया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, 'इतिहास रचा गया।



हमारी महिला खिलाड़ियों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। 140 करोड़ भारतीय इस गौरवशाली क्षण को संजो रहे हैं। बधाई हो, विश्व चैंपियन।'

### महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन : अमिताभ



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है। बधाई, बधाई, बधाई।''

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : कोहली

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने लिखा, 'आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आपने अपने साहसिक क्रिकेट और विश्वास से प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आप सभी प्रशंसा के हकदार हैं और इस पल का पूरा आनंद लें। शाबाश हरमन और टीम। जय हिंद।'

### आखिरकार आज सच हो गया सपना : मिताली

पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, "विश्व चैंपियन। मैं दो दशकों से भी अधिक समय से भारतीय महिला टीम को विश्व कप ट्राफी उठाते हुए देखने का सपना देख रही थी। यह सपना आखिरकार आज रात सच हो गया। विश्व क्रिकेट की नई चैंपियनों, आपने सिर्फ एक ट्रॉफी ही नहीं जीती, आपने भारतीय महिला क्रिकेट के लिए धड़कने वाले हर दिल को जीत लिया।'

### हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व : सहवाग

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, 'चैंपियन। हर चौके हर विकेट, आपने अपने जज्बे से पूरे देश का दिल जीत लिया। हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व है। क्या शानदार जीत रही। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने पूरी पीढ़ी को सपना दे दिया जीतने का, लड़ने का, चमकने का।'

### टीम इंडिया को बधाई: एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा, 'टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीका भी अपना सिर ऊंचा रखे। विश्व भर में महिला क्रिकेट फल फूल रहा है। क्या शानदार फाइनल था। क्या शानदार टूर्नामेंट था।'

टेनिस

## डब्ल्यूटीए में सबालेंका का 500वां मैच, पाओलिनी को आसानी हराया




एजेंसी ▶▶| रियाद

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। सबालेंका ने बेहतरीन सर्विस की और उन्होंने कुल मिलाकर 10 ऐस लगाए। इनमें पहले सेट के अंतिम गेम में लगाए गए चार ऐस भी शामिल हैं। यह सबालेंका का डब्ल्यूटीए स्तर पर 500वां मैच था, जो 70 मिनट तक चला। इसी ग्रुप में जेसिका पेगुला ने गत चैंपियन कोको गॉफ को 6-3, 6-7 (4), 6-2 से हराया। गॉफ को अपनी सर्विस में फिर से संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने 17 डबल फॉल्ट किए।

### सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी

**पेरिस।** यानिक सिनर पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद फिर से दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने फाइनल में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 7-6 (4) से हराया। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है। सिनर ने फाइनल में ब्रेक प्वाइंट का एक भी मौका नहीं गंवाया और एक भी सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट जीता।

### पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50 हजार रुपए जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था। भारत ने मुक्केबाजी में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा वह कुश्ती में तीन और कबड्डी में दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। आईओए ने कहा, 'आईओए मानता है कि इस तरह के प्रदर्शन निरंतर प्रयास, कठोर प्रशिक्षण और कोचों तथा सहयोगी स्टाफ के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। आईओए ने शीघ्र ही एक विशेष समारोह में सभी पदक विजेताओं, कोचों और चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किया है।'

## आईएचपीएल के आयोजक भागे होटल में फंसे गेल और राइडर

**श्रीनगर।** कश्मीर से नई क्रिकेट प्रतिभा को खोजने के लिए एक बड़ी प्रतियोगिता के तौर पर पेश की गई इंडियन हेवन प्रीमियर लीग (आईएचपीएल) एक घोटाला साबित हुई है क्योंकि इसके आयोजक भाग गए हैं, जिससे क्रिस गेल जैसे कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण यहां एक होटल में फंस गए हैं। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बड़े धूमधाम से शुरू हुई आईएचपीएल का आयोजन मोहाली स्थित युवा सोसाइटी ने किया था। गेल, डेवोन स्मिथ, जेसी राइडर और शाकिब अल हसन जैसे पूर्व क्रिकेटरों के बड़े-बड़े बिलबोर्ड शहर में कई जगहों पर लगाए गए थे, जिनमें यह घोषणा की गई थी कि ये मेगास्टार स्थानीय खिलाड़ियों के साथ इस लीग में खेलेंगे, जो 8 नवंबर को खत्म होने वाली थी। अधिकतर मैच बख्शी स्टेडियम में खेले गए और ब्रेक के दौरान लाउडस्पीकर पर संगीत बजता रहता था।





### लीग अचानक हुई खत्म

हालांकि यह लीग शनिवार को अचानक खत्म हो गई क्योंकि खिलाड़ियों ने बकाया पैसे नहीं मिलने के कारण मुकाबलों के लिए आने से मना कर दिया। आयोजक गायब हो गए, जिससे होटल वालों को खिलाड़ियों को तब तक जाने से रोकना पड़ा जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं हो जाता। यह मामला तब सामने आया जब प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका निभा रहीं इंग्लैंड की मेलिसा जूनिपर ने कहा कि उन्हें भुगतान नहीं मिला है। जूनिपर ने कहा, 'हमें कोई भुगतान नहीं मिला है।'

### भारत के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेलेंगे हेड

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को एशेज श्रृंखला की तैयारी के लिए भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों से फारिग कर दिया गया है और वह आस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में खेलेंगे। हेड दस नवंबर से तस्मानिया के खिलाफ साउथ आस्ट्रेलिया के लिये खेलेंगे। एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे के बाद से यह उनका पहला प्रथम श्रेणी मैच है। वह पिछले महीने सफेद गेंद के क्रिकेट में कुछ खास नहीं कर सके और आठ पारियों में सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। हेड आस्ट्रेलिया की टी20 टीम के उन तीन खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने पांच मैचों की एशेज टेस्ट श्रृंखला की तैयारी को प्राथमिकता दी है। जोश हेजलवुड और सीन एबोट अन्य दो खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया चयनकर्ताओं ने शेफील्ड शील्ड या भारत के खिलाफ आखिरी दो टी20 खेलने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ा था और हेड ने घरेलू टूर्नामेंट को चुना।

## रणजी ट्रॉफी : राजस्थान ने पहली पारी में 6 विकेट पर 617 रन बनाकर की पारी घोषित

# हुडा ने मुंबई के खिलाफ मारा दोहरा शतक, कार्तिक की सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में मुंबई की टीम अपना तीसरा मैच राजस्थान के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में मुंबई पहली पारी में 254 रन बनाए, लेकिन राजस्थान की बैटिंग शानदार रही और इस टीम ने पहली पारी में दीपक हुडा के दोहरे शतक व कार्तिक शर्मा की शतकीय पारी के दम पर 6 विकेट पर 617 रन बना दिए और पारी की घोषणा कर दी।

राजस्थान ने पहली पारी में मुंबई पर 363 रन की बड़ी बढ़त हासिल की और बेहद मजबूत स्थिति में नजर आई। वहीं 363 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई की टीम पूरी तरह से इस मैच में बैकफुट पर दिख रही है। राजस्थान के खिलाफ पहली पारी में मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजी में यशस्वी जायसवाल को आजमाया और उन्हें सफलता भी मिली।



### दीपक हुडा ने खेली 248 रन की पारी

मुंबई के खिलाफ दीपक हुडा ने कमाल की बैटिंग की और उन्होंने 335 गेंदों का सामना करते हुए 2 छक्के और 22 चौकों की मदद से 248 रन की शानदार पारी खेली। वहीं दीपक के अलावा कार्तिक शर्मा ने भी शतक लगाया और उन्होंने भी 3 छक्के और 13 चौकों की मदद से 139 रन बनाए। हालांकि पहली पारी में टीम के ओपनर सचिन यादव शतक लगाने से सिर्फ 8 रन से चूक गए और 92 रन के स्कोर पर वो रन आउट हो गए।

### ओडिशा पर आंध्र प्रदेश का पलड़ा भारी

कटक में आंध्र प्रदेश ने ओडिशा को 56.4 ओवर में 151 रन पर समेटने के बाद फॉलोआन के लिए मजबूर करके अपना पलड़ा भारी रखा। कावुरी सेतेजी (30 रन पर तीन विकेट), सौरभी कुमार (32 रन पर तीन विकेट) और त्रिपुराणा विजय (14 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 80 रन से करने वाले ओडिशा की ओर से संदीप पटनायक ने सर्वाधिक 58 रन बनाए। ओडिशा ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो विकेट पर 190 रन बनाए।

### नगालैंड के खिलाफ झारखंड जीत के करीब

**रांची।** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए, जिससे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन सोमवार को नगालैंड को 154 रन पर ढेर करने के बाद उसे फॉलोऑन देते हुए जीत की ओर कदम बढ़ाए। छब्बीस साल के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल ने 55 रन देकर आठ विकेट हासिल किए, जिससे नगालैंड की टीम पहली पारी में 73.5 ओवर में सिमट गई। नगालैंड ने इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 104 रन बनाए।झारखंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 510 रन बनाने के बाद घोषित की थी, जिससे नगालैंड की टीम अब भी 252 रन पीछे है।




### जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर पूछा

# घाट पिपरिया ग्राम में प्राचीन तालाब की जमीन पर कैसे कर लिया कब्जा

हरिभूमि जबलपुर।

अंग्रेजों के जमाने के सार्वजनिक तालाब का पानी भेड़ाघाट रोड पर स्थित घाट पिपरिया गांव के लोगों के निस्तार का बड़ा जरिया था। इस गांव के साथ आसपास के गांवों के मवेशियों की प्यास बुझाने का भी यह इकलौता जरिया था। गांव के लोग दुर्गाजी, गणेश जी की प्रतिमाएं व जवारे इसमे विसर्जित करते थे। लेकिन, यह तालाब भूमाफिया की गिद्धदृष्टि का शिकार हो गया है। बीते 10-12 वर्षों में धीरे धीरे इस तालाब के 2 एकड़ के उस महत्वपूर्ण हिस्से को पूर दिया गया है, जहां निर्मित कुआं व प्राकृतिक झिरें तालाब के पानी का प्रमुख स्त्रोत थी। इस वजह से तालाब न केवल सिकुड़ गया, बल्कि इसमें साल भर रहने वाला पानी भी सूख गया है। जनहित याचिका में लगाई गए इस आरोप को मप्र हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ



की खंडपीठ ने राज्य सरकार , जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा। अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

## यह है मामला

घाट पिपरिया निवासी संतोष तिवारी ने जनहित याचिका दायर की है। अधिवक्ता सुशील तिवारी ने उनकी ओर से कोर्ट को बताया कि इस 11 एकड़ जमीन में तालाब का निर्माण 1940 में कराया गया था। समय-समय पर शासकीय योजनाओं के तहत इसका जीर्णोद्धार कराया गया। तालाब की भूमि के खसरा 350 में करीब 2 एकड़ निजी भूमि थी, जो कि तत्कालीन भूमि स्वामियों ने दानपत्र पर तालाब के लिए दे दी थी। यह राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी मद में चरनोई, घास नम्बर के रूप में दर्ज थी। भूमाफिया ने इसी टुकड़े को निशाना बनाते हुए कब्जाने की साजिश शुरू की। साजिश के तहत निजी जमीन बताते हुए इसे पूरना शुरू कर दिया गया। गांव के लोगों ने इसकी शिकायत की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तत्कालीन एसडीएम सेनगुप्ता ने 2024 में तहसीलदार को आदेश दिया कि खसरा नंबर 350 को खसरे के कॉलम 12 मे अहस्तांतरणीय दर्ज किया जाए। इसके बाद भी पूर्व सरपंच, वर्तमान सरपंच व अन्य अनावेदकों की मिलीभगत से तालाब के हिस्से में स्थित पुराना कुआं व प्राकृतिक झिरें पूर दी गईं। बिना किसी आधिकारिक अनुमति के इस हिस्से से गुजरने वाली तालाब की पुरानी मेड तोड़कर नई मेड बना दी गई। नई मेड बनाने के लिए तालाब की ढाल समाप्त कर सीधा गड्ढा खोद दिया गया। इसके चलते तालाब में पानी आना बंद हो गया। साथ ही नीचे उतरना दुश्वार हो गया। तर्क दिया गया कि इस तालाब में गांव के लोग नहाते, कपड़े धोते थे। मवेशियों के पानी पीने का यह साधन था। लेकिन, भूमाफिया ने उनके निस्तार का सहारा छीन लिया है। अब उन्हें निस्तार के पानी के लिए गांव के छोर पर स्थित इकलौते कुएं पर निर्भर रहना पड़ता है।आस्था पर भी चोट पहुंच रही है। विसर्जन स्थल न होने के चलते गांव में बहुत से लोगों ने गणेश प्रतिमा व जवारे स्थापना बन्द कर दिया है। प्रारम्भिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार, जबलपुर कलेक्टर, सीईओ जनपद पंचायत, घाट पिपरिया सरपंच, भद्दी लाल श्रीपाल, अच्छे श्रीपाल, पंचम, बारेलाल,पूर्व सरपंच मांगीलाल अंजनी उपाध्याय, मगन यादव,हेमंत जैन व जितेंद्र जैन को नोटिस जारी किए।

## बिना लायसेंस पटाखे बेच रहा आरोपी पकड़ा गया

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत शुब्बाशाह मैदान में अपने घर के सामने पटाखे बेच रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर उसके पास से पटाखे जब्त कर लिए है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुब्बाशाह मैदान निवासी 26 वर्षीय रियाजुल हक अपने घर के सामने पटाखे बेचने के लिए रखे हुए था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के पास से पाईप बम के 11 पैकेट प्रत्येक पैकेट में 5 नग, 1 पेकेट में 10 नग पीजीएस बम, 1 पैकेट में डीलक्स बम गोल्डन कलर के जिसमें 5 नग बम, 5 पैकेट सुतली बम, 1 पेकेट में 6 अनारबम जब्त किए है। विस्फोटक सामग्री रखे जाने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के पास कोई लायसेंस नहीं था। पुलिस ने आरोपी के आरोपी के कब्जे से उपरोक्त विस्फोटक सामग्री जप्त करते हुये आरोपी रियाजुल हक के विरूद्ध धारा 9(ख)(1)(क) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### हाईकोर्ट ने जताई हैरानी, नियमितीकरण के दिए निर्देश

## बैचमेट को नियमित कर दिया तो याचिकाकर्ता को लाभ क्यों नहीं दिया गया

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान हैरानी जताई कि जब बैचमेट को नियमित कर दिया तो याचिकाकर्ता को उसका लाभ क्यों नहीं दिया गया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने



याचिकाकर्ता एएनएम को वर्ष 2011 से नियमितिकरण करते हुए सभी अनुषांगिक लाभ देने के निर्देश दिए। नरसिंहपुर निवासी सुनीता पांडे की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता और रजनी राजपूत की नियुक्ति 2006 में एकसाथ हुई थी। वर्ष 2011 में रजनी सहित अन्य को नियमित कर दिया गया, लेकिन याचिकाकर्ता इससे वंचित रही। सरकार की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता ने कोई आवेदन नहीं दिया था, इसलिए उसके नाम पर विचार नहीं किया गया। कोर्ट ने इस तर्क को दरकिनार करते हुए कहा कि आवेदन देने का कोई विषय नहीं है, जब उसी बैच के अन्य कर्मी को लाभ दिया गया तो याचिकाकर्ता को भी दिया जाना चाहिए था।

### छिंदवाड़ा जिला कमांडेंट होमगार्ड के स्थानांतरण पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा जिला कमांडेंट होमगार्ड के स्थानांतरण पर रोक लगा दी। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजी होमगार्ड व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। छिंदवाड़ा निवासी एसआर आजमी की ओर से अधिवक्ता विकास महावर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 30 मई 2025 को याचिकाकर्ता का तबादला छिंदवाड़ा से सिंगरौली किया गया, जिस पर कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी और याचिकाकर्ता के आवेदन पर निर्णय लेने कहा। दलील दी गई कि आवेदन पर निर्णय नहीं लिया गया और पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए 15 अक्टूबर को याचिकाकर्ता का तबादला नरसिंहपुर कर दिया गया।

### आरोपी पति एवं ससुर के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

## मायके से 1 लाख लाना तभी घर आना

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत अंबेडकर कालोनी त्रिमूर्तिनगर में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी पति व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है।

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबेडकर कालोनी त्रिमूर्तिनगर निवासी 28 वर्षीय श्रीमति शिवानी जाटव ने गोहलपुर में लिखित शिकायत की, कि उसकी शादी 22 जून 2023 को अंबेडकर त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी साहिल शरण से हुई है। विवाह के समय उसके माता पिता एवं परिवार वालों ने नगदी 2 लाख रूपये, सोने चांदी के गहने, गृहस्थी का सामान, फ्रिज, कूलर, वासिंग मशीन आदि सामान उपहार स्वरूप दिये थे शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल में पति साहिल शरण एवं ससुर केशव प्रसाद शादी में दहेज नहीं मिलने का ताना देते हुए आये दिन गाली गलौज कर प्रताड़ित करने लगे। उसके गर्भावस्था के दौरान होने वाली दवाई के पैसे मायके से लाने के लिये कहते थे और बेटे के जन्म के समय अस्पताल के खर्च के पैसे मायके वालों से लेने के लिये कहते हुए आये दिन दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे एवं गत 24 अक्टूबर की रात को मायके से 1 लाख रुपए लाने की मांग कर उसे मायके भगा दिया। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 85 बीएनएस तथा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहराव

## यात्रियों के दबाव को कम करने रेलवे ने चलाई स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पूर्व मध्य रेलवे से प्रारम्भ होकर पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

**बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 05265 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 11 नवंबर .2025 को दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर 04:05 बजे, इटारसी 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

**बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 05267 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 12.नवंबर .2025 को दोपहर 12:00 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर 04:05 बजे, इटारसी 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

**बरौनी-एरणाकुलम जंक्शन स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 05263 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन दिनांक 11.नवंबर .2025 एवं 12.नवंबर .2025 को रात 22:30 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 07:45 बजे, कटनी 09:00 बजे, जबलपुर 10:35 बजे, इटारसी दोपहर 14:20 बजे पहुँचकर और चौथे दिन सुबह 06:00 बजे एरणाकुलम जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।

**बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन-** गाड़ी संख्या 05545 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन दिनांक 11.नवंबर .2025 एवं 12.नवंबर .2025 को रात 21:15 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 08:15 बजे, कटनी 09:20 बजे, जबलपुर 10:45 बजे, इटारसी दोपहर 14:15 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन रात्रि 23:50 बजे सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

### 75 वाहन जब्त, 41 वाहनों से मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाये गए

# नशे में वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं

**जबलपुर।** शराब पीकर वाहन चलाने और मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर गोलियों की कर्कश आवाज निकालकर वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। सोमवार को पुलिस ने रात 9 बजे से 12 बजे तक चैकिंग प्वाइंट लगाकर कार्रवाई की गई, इस दौरान नशे में वाहन चलाने वाले 75 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 41 मॉडिफाई साइलेंसर वाहन चालकों के खिलाफ चलान किए गए। पुलिस कंट्रोलरुम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश पर रात 9 बजे से 12 बजे तक



चैकिंग प्वाइंट लगाया गया, इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए गए और प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे है। इसी तरह 41 वाहनों से मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाए गए और सभी के विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही करते हुये 41 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया।

## पेट्रोल पंप में लूट करने और गार्ड की हत्या करने के आरोपी को उम्रकैद

**जबलपुर।** जिला अदालत ने पेट्रोल पंप में लूट करने और एक गार्ड की हत्या करने के आरोपी छोटू उर्फ छोटेलाल भूमिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश सिहोरा सुधांशु सिन्हा की अदालत ने 9 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। विशेष लोक



अभियोजक दिलावर धुर्वे ने बताया कि घटना 4 अप्रैल 2023 की है। सुनवानी स्थित विभांसी पेट्रोल पंप के मैनेजर गौरव श्रीवास ने बताया कि वह घटना के एक दिन पहले शाम 7 बजे करीब 65 हजार रुपए रूपये एवं पुराने बिक्री के लगभग 3 लाख 54 हजार रूपये दराज में रखकर घर आ गया। कर्मचारी छोटू भूमिया ने उसे फोन करके बोला कि वह कहीं जा रहा है और वह पेट्रोल पंप नहीं आ पायेगा। सात की ड्यूटी में चौकीदार राजा दाहिया एवं उसके पिता गणेश दाहिया थे। चार अप्रैल को सुबह 3 बजे एक व्यक्ति काले रंग का नकाब में सफेद रंग की शर्ट और पेंट पहनकर बिना जूता-चप्पल के ऑफिस के बाहर वाले कमरे में सो रहे चौकीदार गणेश दाहिया के सिर में कुल्हाड़ी मार कर ऑफिस के अंदर गया। वहां दराज में रखे करीब 65 हजार रूपये लूट कर ले गया है। इलाज के दौरान गणेश की मौत हो गई।मझौली थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया।




## डुमना एयरपोर्ट में वन्य प्राणी की चहलकदमी से मचा हड़कंप

**जबलपुर।** डुमना विमानतल के पास सोमवार की दोपहर एक तेंदुआ की चहल कदमी से हड़कंप मच गया। विमानतल के अधिकारियों ने तत्काल ही वन विभाग को इसकी सूचना



दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने डुमना एयरपोर्ट पहुंची और छानबीन की लेकिन कोई भी वन्यप्राणी नजर नहीं आया। वन विभाग के अधिकारियों ने एयरपोर्ट में लगे कैमरे में जब जानवर को देखा तो पता चला है कि यह तेंदुआ नहीं वन बिलाव है, जो दूर से तेंदुए की तरह दिखता है और बहुत छोटा होता है।

### हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के विदाई समारोह में बोले जस्टिस अतुल श्रीधरन

## क्षमताओं को विकसित कर न्यायिक प्रक्रिया में सार्थक योगदान दें युवा

**जबलपुर।** हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जबलपुर द्वारा सोमवार को जस्टिस अतुल श्रीधरन के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जस्टिस श्रीधरन ने युवा अधिवक्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी क्षमताओं को विकसित कर न्यायिक प्रक्रिया में सार्थक योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेहनत करके उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन, सीनियर एडवोकेट केसी घिल्डियाल, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी मंचासीन थे। एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के सचिव निखिल तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। वक्ताओं ने जस्टिस श्रीधरन के उत्कृष्ट न्यायिक जीवन की सराहना करते हुए उनकी ईमानदारी, निष्ठा, समर्पण भावना एवं न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि जस्टिस श्रीधरन ने न्याय दान की प्रक्रिया के दौरान संतुलित दृष्टि, विधि के प्रति गहन समझ तथा संवेदनशीलता से सभी को प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एडवोकेट्स बार के उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, सह सचिव अधिवक्ता सौरभ भूषण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता देवेंद्र गंगराड़े, लाइब्रेरी सचिव अधिवक्ता आनंद नायक तथा कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता अक्षय पवार, अधिवक्ता विजय शुक्ला, अधिवक्ता मनहर दीक्षित, अधिवक्ता स्वाति असीम जॉर्ज एवं अधिवक्ता अर्जुन सिंह का विशेष सहयोग रहा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240